राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मैसी का फ्री कीक पर गोल ...

ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले गददार.... 12

वर्ष : 13 | अंक : 71 | पटना, शनिवार, 21 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

# प्रधानमंत्री ने नई वंदे भारत सहित बिहार को दी 28 परियोजनाओं की सौगात

प्रातः किरण

**पटना**/सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के सीवान पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 5,900 करोड़ रुपये की लागत से आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में सीवान, गोपालगंज और सारण सहित कई जिलों के लोग पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से वैशाली और देवरिया के बीच नई रेल लाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही, इस रूट पर नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने पहले निर्यात योग्य लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई, जो अब गिनी गणराज्य को भेजा जाएगा। बताया जाता है



कि यह लोकोमोटिव आधुनिक तकनीकों जैसे रीजेनरेटिव ब्रेकिंग, एसी प्रपल्शन और माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोल से लैस है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवान से नमामि गंगे योजना के तहत 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने छह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के विभिन्न शहरों में पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और सीवेज परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने 500 मेगावाट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना की आधारशिला रखी। यह मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और सिवान जैसे 15 ग्रिड सबस्टेशनों पर लगाई जाने वाली है। प्रत्येक सबस्टेशन में लगाई जाने वाली बैटरी की क्षमता 20 से 80 मेगावाट है।

यह वितरण कंपनियों को महंगी दरों पर बिजली खरीदने से बचाएगा क्योंकि पहले से संग्रहीत बिजली को सीधे उपभोक्ताओं को वापस ग्रिड में भेजा जाएगा। पीएम मोदी ने यहां प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बिहार में 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त की राशि हस्तांतरण की जारी की और 6,600 से अधिक परिवारों को घरों की चाबियां सौंपी गई और गृह प्रवेश कराया। इस मौके पर सांकेतिक रूप से विभिन्न जिलों से आए पांच लोगों को पीएम मोदी ने चाबी सौंपी। इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे।

गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी पर पुष्प वर्षा होती रही और उपस्थित लोग मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए।

## प्रधानमंत्री ने सीवान में आयोजित जनसभा को किया संबोधित, एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई

# एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाया : मोदी

### बोलें– बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा



प्रातः किरण/एजेंसी

**पटना**/सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। सीवान के जसौली में आयोजित एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। वहां दुनिया के बड़े और समृद्ध देशों के नेतृत्व से बात हुई। विश्व के सारे नेता भारत की तेज प्रगति से काफी प्रभावित हैं। वे भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा। मेरे इस विश्वास में आप सभी का सामर्थ्य है। आप सभी ने मिलकर जंगलराज का सफाया किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां के नौजवानों ने तो 20 साल पहले के जंगलराज के बारे में कहानियां सुनी हैं। उन्होंने नहीं देखा था कि जंगलराज वालों ने क्या हालत कर दी थी। बिहार के लोगों में स्वाभिमान होता है। बिहार कठिन परिस्थितियों में भी काम कर दिखाता है। यहां के लोग कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। लेकिन पंजे और लालटेन ने बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई थी। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों को पार करते हुए एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाया है। बिहार का विकास किया है, करते रहे हैं और करते रहेंगे। बिहार में अभी बहुत कुछ करना है। आपके लिए, गांव के लिए, आपके घर के लिए, नौजवानों के लिए बहुत कुछ किया गया है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर भी इस प्रकार की राजनीति के खिलाफ थे। अभी हाल ही में देश ने देखा है कि राजद ने बाबासाहेब की तस्वीर का कैसे अपमान किया है। लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। क्योंकि इनका पिछड़े, अति पिछड़े, दलित के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

### सारी परियोजनाएं बिहार को समृद्ध बनाएगी : पीएम

सीवान। पीएम मोदी ने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सीवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी। संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बहुत बड़ी भूमिका रही। सीवान ने ब्रज किशोर प्रसाद जैसे महान समाज सुधारक भी देश को दिए। आज इस मंच से हजारों, करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकास की ये सारी परियोजनाएं बिहार को उज्ज्वल भविष्य की तरफ ले जाएगी, समृद्ध बिहार बनाएंगी। सीवान ,सासाराम, बक्सर, मोतिहारी, बेतिया और आरा जैसे बिहार के सारे इलाके फले-फूलें, इस दिशा में ये प्रोजेक्ट बड़ी भूमिका निभाएंगे। इनसे गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े हर समाज का जीवन आसान होगा।

# हमने हर क्षेत्र में विकास का काम किया : नीतीश

### बोलें- केंद्र सरकार ने भी बिहार के लिए काफी काम किया है

प्रातः किरण/एजेंसी



**पटना**/सीवान। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब मौका मिला तब किया कुछ नहीं और अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं। उन्होंने इस दौरान एनडीए सरकार में विकास कार्यों की भी चर्चा की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बिहार लगातार विकास कर रहा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान जिले के जसौली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। 2005 में बिहार में एनडीए की सरकार बनी है और तब से पूरे बिहार के लिए हमने सारा काम किया है। जब हमें मौका दिया गया तो हमने काम किया, लेकिन उसके पहले वालों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इशारों-इशारों में राजद पर निशाना साधते हुए कहा, आजकल लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं। ये बिना मतलब की बात है। उन लोगों से पूछना चाहिए कि हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था। कुछ काम नहीं किया गया था। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम को सुनने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि जब हम लोग सत्ता में आए तब महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। बिहार में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किए गए। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। हर घर नल का जल, हर घर शौचालय भी दिया जा रहा है। पिछले दिनों जिलों के दौरे के बाद जरूरत की 430 योजनाओं को स्वीकृति दी गई। हर जगह काम शुरू हो गया है। सीवान, गोपालगंज और सारण की भी कई विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए काफी काम किया है। उन्होंने लोगों से इन कामों को याद रखने की अपील करते हुए कहा कि सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। फरवरी 2025 के बजट में मखाना बोर्ड, कई एयरपोर्ट की स्थापना की घोषणा की गई। उन्होंने पीएम मोदी को जातीय जनगणना के लिए विशेष तौर पर धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू को पीएम ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने मुर्मू को देश के करोड़ों लोगों को प्रेरित करने वाली शख्सियत बताया है। पीएम मोदी के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी राष्ट्रपति को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए शुभकामनाएं दीं। पोस्ट में उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनका जीवन और नेतृत्व देश भर के करोड़ों लोगों को प्रेरित करता रहेगा। जनसेवा, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए आशा और शक्ति की किरण है। उन्होंने हमेशा गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। ईश्वर उन्हें लोगों की सेवा करते हुए दीघार्यु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दीघार्यु होने की कामना करते हुए लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से हम भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उनकी बुद्धिमत्ता और राष्ट्र की प्रगति, कल्याण और न्याय के प्रति अटूट समर्पण देश को सत्य और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ाता रहे। हम उनके दीघार्यु, स्वस्थ और पूर्ण जीवन की कामना करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

### सड़क हादसों का कहर, एक ही दिन में 6 युवकों की मौत

सहरसा । इन दिनों सहरसा जिले में सड़क हादसों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में गहरी दहशत का माहौल है। लगभग हर दिन सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण किसी न किसी बाइक सवार की जान चली जा रही है। ताजा मामला सहरसा-सुपौल रोड, मुरली मोड़, मधेपुरा-सहरसा बैजनाथपुर, तिलावे पुल मार्ग और बलुआहा सहरसा रोड का है, जहां एक ही दिन में 6 युवकों की जान चली गई। बैजनाथपुर तिलावे नदी के ऊपर सिमरी बख्तियारपुर मोहनपुर पंचायत के संतोष कुमार शाह, 35 वर्षीय, वार्ड नंबर आठ निवासी, गुरुवार रात्रि 9 से 10 के बीच सहरसा डेरा न्यू कॉलोनी से बैजनाथपुर अपने दीदी जीजा के पास अपने बाइक से जा रहा था। रात्रि 9 से 10 के बीच संतोष कुमार को अज्ञात गाड़ी से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे संतोष कुमार कि मौत हो गई। शुक्रवार सुबह में पैट्रोल पंप कर्मी थाना को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस हरकत में आई एवं संतोष कुमार के जब से मोबाइल और आधार कार्ड के आधार पर बालवाहट थाना को सूचना दिया गया। जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं मोहनपुर गांव में मौत कि सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम करने के बाद शव दाह संस्कार के लिए परिवार वाले को हवाले कर दिया एवं बलुआहा बाजार से घर लौट रहे बगवा निवासी रोशन यादव और सोनू यादव, पिता संजीव यादव, को विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी।

## एक्सिओम–4 मिशन को लेकर नासा जल्द करेगा नई तारीख का ऐलान : जितेंद्र

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस सेंटर ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन लगातार टलता ही जा रहा है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस मिशन के स्थगित होने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नासा अब आने वाले दिनों में नई लॉन्च तारीख तय करेगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, एक्सिओम-4 अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर अपडेटः प्राप्त जानकारी के अनुसार, नासा ने 22 जून को निर्धारित संभावित लॉन्च तारीख को रद्द कर दिया है। इस मिशन में भारत के शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। नासा अब आने वाले दिनों में नई लॉन्च तारीख तय करेगा। भारत के लिए एक्सिओम-4 मिशन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री के रूप में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेंगे। शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोग करेंगे, जो भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम होंगे। नासा के मुताबिक, इस मिशन का नेतृत्व पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान निदेशक पेगी व्हिटसन करेंगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे।

## गलवान झड़प के बाद पहली बार अगले सप्ताह चीन जाएंगे रक्षा मंत्री

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चीन और भारतीय सैनिकों के बीच गलवान में हुई झड़प के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 27 जून तक चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। एससीओ की इस बैठक में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 10 देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपायों और कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनाथ सिंह इस बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जुन और रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। अक्टूबर 2024 में हुए भारत-चीन सीमा समझौते के बाद चीनी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह की पहली पहली मुलाकात होगी। उस समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करने के लिए सैनिकों की वापसी और गश्त की बहाली पर सहमति बनी थी। इसके अलावा, राजनाथ सिंह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के कारण ऐसी कोई वार्ता संभव नहीं है। यह यात्रा भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कई विश्वास-बहाली के उपाय शुरू किए हैं। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, नदियों के जल डेटा साझा करना, सीधी हवाई उड़ानों की बहाली है।

## वर्तमान में दुनिया में मची उथल-पुथल, भारत के लिए सुनहरा मौका

# निवेश करने के लिए भारत सबसे सुरक्षित और बेहतरीन जगह : शाह

### केंद्रीय मंत्री की दो टूक कहा, जंग से भारत को कोई खतरा नहीं

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध से भारत को कितना खतरा? इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करोड़ों देशवासियों को बड़ा संदेश दिया है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था से लेकर दुनिया में चल रहे युद्ध पर दो टूक जबाव दिया है। उन्होंने कहा है कि दुनिया में जो उथल-पुथल मची है, उससे भारत को कोई खतरा नहीं होगा। उनके अनुसार, भारत दुनिया भर में निवेश करने के लिए सबसे सुरक्षित और बेहतरीन जगह है। उन्होंने कहा कि भारत में स्थिर लोकतंत्र है, इतना ही नहीं हमारी सरकार की नीतियां एकदम साफ हैं। दुनिया में अभी जो सुरक्षा को लेकर चिंता है, यह देखकर भारत सबसे अच्छी जगह है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में ग्राहक हैं। हमारे पास दिमाग और युवा हुनर की कोई कमी नहीं है। उनके अनुसार, दुनिया में जो उथल-पुथल हो रही है, हमारी सरकार भारत के लिए एक सुनहरा मौके के रुप में देख रही हैं। बीजेपी के चाणक्य शाह ने माना कि कुछ परेशानियां जरूर हैं, लेकिन भारत उन परेशानियों से निपटने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना मुश्किलों का सामना किए आगे नहीं बढ़ा है। भारत भी तरक्की के रास्ते पर है और एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

शाह ने कहा कि अगर विकास दर 8 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती है, तब भी भारत एक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि विकास दर को दुनिया की अर्थव्यवस्था के हिसाब से देखना चाहिए। आज के समय में भारत की विकास दर दुनिया की विकास दर से बहुत अलग नहीं हो सकती।

भारत दुनिया की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं के साथ सीधा मुकाबला कर रहा है, इसलिए विकास दर उसी के करीब रहेगी। शाह ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद हर देश की अर्थव्यवस्था धीमी पड़ी थी। लेकिन भारत ने न केवल अपनी विकास दर को बनाए रखा, बल्कि पिछले सात-आठ सालों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी रहा। उन्होंने कहा कि जब 8 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया गया था, तब दुनिया की आर्थिक स्थिति कुछ और थी।

कुछ लोगों का मानना है कि भारत से निवेश बाहर जा रहा है। इस पर शाह ने कहा कि यह अच्छी बात है कि भारतीय कंपनियां अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में एफडीआर (फॉरेन डायरेक्ट निवेश) 143 प्रतिशत बढ़कर 749 बिलियन डॉलर हो गया है। जबकि यूपीए सरकार के समय में यह आंकड़ा कम था। उन्होंने कहा कि हमें नकारात्मक माहौल नहीं बनाना चाहिए। हमें भारतीय कंपनियों के विस्तार की सराहना करनी चाहिए। एफडीआई का मतलब है जब कोई विदेशी कंपनी भारत में आकर पैसा लगाती है।

## उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम को किया संबोधित

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय : धनखड़

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए 25 जून 1975 को लगे आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन अब संविधान हत्या दिवस के रूप में याद किया जाना चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी लोकतांत्रिक मूल्यों की अहमियत समझ सके। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1975 में 25 जून की मध्य रात्रि को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। यह संविधान का स्पष्ट उल्लंघन था क्योंकि राष्ट्रपति केवल प्रधानमंत्री के नहीं, बल्कि मंत्रिपरिषद के परामर्श से निर्णय लेते हैं। धनखड़ ने बताया कि आपातकाल के दौरान एक लाख से अधिक नागरिकों को कुछ घंटों में गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया था। इनमें कई ऐसे लोग थे, जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी बने। उपराष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नौ उच्च न्यायालयों के फैसले को पलटने की आलोचना करते हुए कहा कि यह भारतीय न्यायपालिका के इतिहास का सबसे काला निर्णय था। इस निर्णय ने तानाशाही, अधिनायकवाद और निरंकुशता को वैधता दी।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की संख्या बढ़ने से लोगों की होगी सहूलियत : सीता साहू

## 30 जून तक पटना के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी चिकित्सकों की नियुक्ति- पियूष रंजन

● शहरी एवं जिला स्वास्थ्य समन्वय कमिटी की हुई बैठक

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : पटना स्थित एक निजी होटल में जिला स्वास्थ्य समिति एवं पीएसआई इंडिया की सौजन्य से शहरी एवं जिला स्वास्थ्य समन्वय कमिटी की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए पटना की महापौर सीता साहू ने कहा कि पटना में जल्दी ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी. फिलहाल 21 सेंटरों के लिए पटना नगर निगम द्वारा जमीन उपलब्ध करा दी गयी है. इससे लोगों को अपने घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में महापौर के साथ उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, दानापुर नगर परिषद की अध्यक्षा शिल्पी मेहता, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी, पीएसआई इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक मालवीय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रतिभा कुमारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. एस.एम.त्रिपाठी एवं डॉ. कुमुद रंजन, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. देव नारायण महतो सहित सूर्य क्लिनिक, पटना नगर निगम, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि सहित पीएसआई इंडिया की टीम मौजूद रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन ने बताया कि राज्य में लगातार चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है और 30 जून तक पटना के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की नियुक्ति हो जाएगी. इससे लंबे समय से कई केंद्रों पर रही चिकित्सकों की कमी पूरी हो पायेगी. उन्होंने कहा सामुदायिक सहयोग एवं जानकारी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाने में अहम भूमिका निभाती है। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. देव नारायण महतो ने कहा कि स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग में आपसी समन्वय स्थापित कर जन स्वास्थ्य को और मजबूत किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि घर में सहजन से पौधों को लगाकर कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है. लेमन ग्रास घरों में लगा कर रखने से मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. एस.एम.त्रिपाठी ने बताया कि पटना में 11 जगहों पर लड़कियों के लिए निशुल्क एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था है। गर्दनीबाग हॉस्पिटल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शास्त्रीनगर, एनजीआरएच हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुलवारीशरीफ, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विकास भवन, अनुमंडलीय हॉस्पिटल दानापुर, गुरु गोबिंद सिंह हॉस्पिटल, पीएमसीएच, एम्स, एनएमसीएच एवं आईजीआईएमएस में निशुल्क एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था है। बैठक का संचालन पीएसआई इंडिया की ज्योति कुमारी ने किया. पीएसआई इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक मालवीय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत फतुहा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का हुआ उद्घाटन



फतुहा। शुक्रवार को नमामि गंगे के कार्यक्रम के तहत फतुहा के गढ़ोचक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (07 एमएलडी) का उद्घाटन ऑनलाइन के द्वारा सिवान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। वहीं फतुहा में शिलापट्ट का अनावरण लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के द्वारा किया गया। इस संबंध में रंजीत यादव ने बताया कि मुख्य रूप से, यह गंगा नदी में प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा, जिससे नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाएगा। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार, पार्षद दीपक कुमार, अजीत कुमार, ठाकुर प्रसाद तांती, हैवी यादव, संतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, मुन्ना सिंह, अरविंद यादव, भास्कर पटवा, विजय वत्स, लोजपा जिला सचिव बैजनाथ पासवान, मनीषा कुमारी, लोजपा नगर अध्यक्ष अनिल चन्द्रवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### सिविल सर्जन ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का किया निरीक्षण

फतुहा। शुक्रवार को पटना के सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व में उद्घाटित दनियावां के तोप गांव में स्थित नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का निरीक्षण किया गया एवं उनके द्वारा इस पीएचसी में स्वास्थ्य-सेवा में सुधार एवं विस्तार संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि मानवबल की कमी के कारण अभी कार्य आरम्भ नहीं हुआ है। जल्द ही यहां कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी और जल्द ही स्वास्थ्यकेंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. एसएस राय मौजूद थे।

### दो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने गुरुवार को देर रात रूकनपुरा बकरी बाजार से 477 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कार बरामद किया। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ति के दौरान गुप्त सूचना पर कारवाई की गई थी। जिसमें दो ब्रांड की 477लीटर अंग्रेजी शराब और दो कार बरामद किया गया रूपसपुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की अनुसंधान की जा रही है।

### फास्ट फूड दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट से लगीआग, कई दुकान जलकर राख

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकिया पर पुलिस चौकी के पास शुक्रवार को अहले सुबह एक फास्ट फूड की दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगी।आग को जब-तक बुझाया जाता आसपास की तीन दुकानें उसकी लपट में आ गई। सूचना पाकर अग्निशमन दल भी पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया।फास्ट फूड के मैनेजर राजीव कुमार की मानें तो अगलगी में पांच लाख की संपत्ति जल गई।ड्राई फ्रूट दुकानदार मो अजहर की दो लाख, जनरल स्टोर मालिक गुलाब चौधरी ने ढाई लाख,फल दुकानदार फेकू चौधरी ने पचास हजार की संपत्ति जलने की बात कही है। सुबह सुबह हुई अगलगी की घटना से आसपास के दुकानदार भागते हुए पहुंचे।जिस मार्केट में आग लगी, वहां तीन दर्जन के आसपास दुकानें हैं। सभी दुकानदार अपने अपने दुकान खोलकर सामान को सुरक्षित करने लगे अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि अगलगी में हुई नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### दहेज हत्या के फरार आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी !लहसुना थाना क्षेत्र से दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।सूत्रों से जानकारी के अनुसार सितंबर 2023 में दहेज हत्याकांड में निशियामा गांव निवासी चंद्रजीत उर्फ करैलू के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था'इस मामले में आरपी फरार चल रहा था जिसे लहसुना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया है।

## गुरुद्वारा बाललीला में गुरु नानकदेव यात्री निवास का 40 कमरा सितंबर तक तैयार



● जोड़ाघर व डिस्पेंसरी बनेगा, आगे 300 और रूम बनाने की है तैयारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में 40 आधुनिक कमरा बनाकर इसी साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसी में जोड़ाघर और डिस्पेंसरी का निर्माण भी किया जाएगा। इसके बाद आगे 300 और कमरे का निर्माण कराया जाएगा। इसके बेसमेंट में लंगर हॉल, किचेन और रूम होगा। यह बात बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले संप्रदाय से जुड़े बाबा सुखविंदर सिंह एवं बाबा गुरविंदर सिंह ने कमरों का निरीक्षण करने के दौरान कही। दरअसल गुरुद्वारा बाललीला में प्रवेश करने के साथ ही बाईं ओर 40 आधुनिक कमरों का निर्माण कराया गया है। ढलाई और प्लास्टर का काम हो चुका है। रंग-रोगन और इंटीरियर का काम चल रहा है। इसका निरीक्षण बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले करके लौट चुके हैं। इस दौरान बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह ने इंजीनियरों की टीम के साथ निरीक्षण किया। बनने वाले सुविधा युक्त आधुनिक कमरे में लगने वाले बेड, पंखा, एसी, सजावट, लाइट, बाथरूम आदि के बारे में चर्चा किया गया। पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसी बने श्री गुरु नानकदेव यात्री निवास के नीचे में जोड़ाघर और संगतों के इलाज के लिए डिस्पेंसरी भी होगा। बाबा सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह सब निर्माण इस साल सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद आगे में 300 और कमरे का निर्माण किया जाना है। इसमें बेसमेंट में लंगर हॉल, किचेन के साथ ही कमरे का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश से संगतों को पटना साहिब लाने और वापस पहुंचाने के लिए दो एसी बस की सुविधा जल्द बहाल होगी। फिलहाल दो एसी बस की सुविधा चल रही है। इसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व हिमाचल से आना-जाना हो रहा है।

## दो दिवसीय बिहार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो 2025 में का हुआ समापन



प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने सिडबी और चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना के सहयोग से चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, मीठापुर परिसर में दो दिवसीय 19-20 जून 2025 को बिहार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो 2025 (BITEX 2025), सीआईएमपी ऑडिटोरियम, पटना, बिहार कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एक्सपो में कुल 20 स्टालों का प्रदर्शन किया गया था। जिसमें बिहार के जीआई उत्पाद जैसे मखाना, ओल्ड चंपारण मिट हाउस के मसाले, लीची, जदालू आम, गणेश खादी भंडार, मिथिला पेंटिंग, आदि शामिलकई एमएसएमई और स्टार्ट-अप ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन वरुण यादव रेजिडेंस ऑफिसर, के द्वारा किया गया। समापन पर प्रणब सिंह , रेसिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई ने कहा कि यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अभिसरण बिंदु के रूप में कार्य करता है, जो पूरे देश और उससे परे से प्रतिभागियों को आकर्षित करता है, और बड़े पैमाने पर आर्थिक उन्नति को प्रज्वलित करता है।

## ट्रेन में यात्री के साथ पैसे नही देने पर मारपीट करने वाले एक मंगलामुखी को गिरफ्तार किया

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर खगौल रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल पुलिस ने दानापुर-बक्सर रेलखंड में ट्रेन अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में एक यात्री के साथ पैसे नही देने पर मारपीट करने वाले एक मंगलामुखी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में यात्री सुबोध कुमार के ब्यान पर मामला दर्ज किया गया। वही कुछ मंगलामुखी सदस्यो ने यात्रियो के साथ पैसा नही देने पर गलत व्यवहार करने वालो के विरूद्ध कार्रवाई में सहयोग करने की बात कही। बताया जाता है कि अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस पर यात्रा कर रहे पटना निवासी सुबोध कुमार के साथ दानापुर-बक्सर रेलखंड पर बिहिया के पास मंगलामुखी ने पैसे नही देने पर मारपीट करने की बात सामने आयी। जिससे सुबोध धायल हो गये। इस संबंध में सुबोध ने आरा में शिकायत दर्ज करायी। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक मंगलामुखी निशा कुमारी को गिरफ्तार किया गया। रेल एसपी अमृतेन्दू शेखर ठाकुर ने बताया कि गुरूवार को पटना निवासी सुबोध कुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से आरा आ रहे थे। बिहिया के निकट मंगलामुखी ने उनसे पैसे मांगे। पैसा देने से मना करने पर मंगलामुखी ने उनके साथ मारपीट की। आरा स्टेशन रेल थाना में पीडित ने शिकायत दर्ज करायी। जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित सुबोध ने बताया कि करीब आधा दर्जन मंगलामुखी ने उन पर हमला किया। जिससे उसके गुप्तांग व शरीर में चोट आया। जिससे वे घायल हो गए। रेल एसपी ने बताया कि दानापुर-बक्सर और पटना-गया रेलखंड में पिछले कुछ महीनों से मंगलामुखी द्वारा यात्रियों से जबरन वसूली की घटनाएं की शिकायत मिली है। कुछ मंगलामुखी समुदाय के लोग ऐसी घटना को रोकने को लेकर सहयोग करने की पहल की है।

## जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार को पीपापुल खोल दिया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ साथ दियारा का लाइफ लाइन कहा जाने वाला पीपापुल की लाईफ घटती जा रही है।जिस तरह जलस्तर बढ़ रही है,उसको देखते हुए मंगलवार को पीपापुल खोल दिया गया।पीपापुल खुलते ही दानापुर से दियारा का सीधा सम्पर्क टूट जाएगा।अब दियारा के सभी सात पंचायत के लोगों को दानापुर आने जाने के लिए एक मात्र नौका का सहारा लेना पड़ेगा। अब अगले नवंबर महीने तक नौका ही दियारा के दानापुर प्रखंड के 6 व दिघवरा प्रखंड के एक पंचायत के लोगों को दानापुर आने के लिए साधन रह जाएगा। ठेकेदार ई विरेन्द्र कुमार ने बताया कि जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही इसे हटा दिया जाता है। वैसे विभाग ने 15 जून के बाद ही पीपापुल खोलने का निर्देश जारी कर दिया था।लेकिन जलस्तर व लोगों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीपापुल को छोड़ दिया गया था।बताया कि जलस्तर में वृद्धि व बरसात को देखते हुए पीपापुल खोलने को काम मंगलवार से शुरू कर दिया गया है बता दें कि दियारा के दानापुर प्रखंड के अंतर्गतकासिमचक,पतलापुर,हेतनपुर,गंगहारा,पुरानी पानापुर व मानस पंचायत एवं दिघवारा प्रखंड के एक पंचायत अकिलपुर के लोगों को दानापुर आने जाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम पीपापुल है।

## पत्नी ने प्रेमी से मिलकर किया पति की हत्या



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !बर्फ कारोबारी की हत्या दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है।यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी से मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी,नगर मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में बीती 17 जून को मसौढी थाना क्षेत्र के रहमतगंज मुहल्ले निवासी सह बर्फ कारोबारी राजेश चौधरी को अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।उक्त घटना में मृतक की पत्नी ममता देवी के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ अपने पति की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।हालांकि पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया, और आरोपियों के बारे में सुनकर हर कोई हैरान रह गया। मामले की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना परिचय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी,उन्होंने बताया कि मेरे निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया।जिसमें मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनिल कुमार अपर थानाध्यक्ष उत्तम कुमार झा आलोक कुमार व सशक्त बल को सम्मिलित किया गया।गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी अनुसंधान के सहयोग से घटना में संलिप्त अप्राथमिक अभियुक्त मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कैलुचक मुहल्ले निवासी मोहम्मद सुगन के पुत्र मोहम्मद लकी मृतक की पत्नी ममता देवी तारेगना डीह मुहल्ले निवासी स्व पंकज सिंह के पुत्र निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया है इस घटना में संलिप्त एक अन्य विधि विरुद्ध बालक जो लाइनर का काम किया था। उसको निरुद्ध किया गया है। मृतक की पत्नी का अफेयर कैलचुक निवासी मोहम्मद लकी से चल रहा था। मृतक की पत्नी व लक्की ने राजेश चौधरी की हत्या करने के लिए निशांत कुमार बीस हजार रुपए सुपारी दी थी,वही पुलिस इस घटना में अन्य जानकारी में जुटी हुई है।

## पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से जिला पार्षद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराने पहुंची दिव्या गुंजन

पालीगंज। क्षेत्र के विकास तथा महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा तैयार हूँ तथा रहूंगी। ये बाते गुरुवार को पटना जिले के पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से जिला पार्षद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराने पहुंची पालीगंज अनुमंडल कार्यालय से निकलने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए भाजपा नेत्री दिव्या गुंजन ने कही। जानकारी के अनुसार पटना जिला के पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 में पिछले कई महीनों से जिला पार्षद का पद रिक्त है। जिसकी चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दिव्या गुंजन ने पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से चुनाव लड़ने का मन बना ली है। उन्होंने गुरुवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ पालीगंज के जलपुरा गांव स्थित अपने घर से बिभिन्न वाहनों पर सवार होकर पालीगंज अनुमंडल कार्यालय पहुंची।

## पौधा बांट कर योग दिवस पर भाग लेने को दिया आमंत्रण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पाटलिपुत्र परिषद की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक और आमंत्रित करने के लिए शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि पांच दिवसीय योग पूर्वाभ्यास में लोगों के बीच एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण किया गया।

योग दिवस का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव प्रातः 6 बजे रामदेव महतो सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित अंतराष्ट्रीय योग महोत्सव का करेंगे। पौधा वितरण में योग शिक्षक सत्येंद्र कुमार, सीआईडी के सर्किल इंचार्ज जवाहर प्रसाद यादव, सतीश शर्मा, गणेश सरावगी, ओंकार प्रसाद यादव, सुमन कुमार, राहुल कुमार, अनिल कुमार, विनय कुमार, दयानंद सिंह, बलराम माथुरी, मो नैयर इकबाल, पप्पू कुमार आदि शामिल थे। वहीं झाऊगंज स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में योग शिविर में योगाचार्य डॉ कर्ण द्वारा मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित लोगों को विशेष रूप से योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वार्ड 66 की पार्षद कांति देवी की देखरेख में आयोजित है। पूर्व पार्षद मनोज कुमार उर्फ गोप ने बताया कि प्रदीप काश, अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता, दिलीप डिडवानिया आदि तैयारियों को अंजाम दे चुके हैं। इसके अलावा अन्य स्थान पर भी योगा का आयोजन किया है।

## खगौल कब्रिस्तान में पीसीसी सड़क का किया गया शुभारंभ



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के खगौल। नगर के अंतर्गत छोटी खगौल, कब्रिस्तान में पीसीसी रोड का निर्माण नगर परिषद के द्वारा 6,07,600 के लागत से बनाया गया। इसका उद्घाटन नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, सुनील कुमार पूर्व उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, के द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर मोहम्मद शमसुद्दीन उर्फ पिंटू, छोटी खगौल जमा मस्जिद के इमाम सैयद ओवैस अहमद फिरदौसी मनेरी, अदनान सिद्दकी ईमाम मौलाना मो. मिफ्ताउर रब अशरफी, कब्रिस्तान कमिटी के मो. पिंटू, मो. सज्जाद आलम, मो. विक्की एवं खगौल की अवाम और कई जाने माने लोगों ने शिरकत किये। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि कब्रिस्तान में सड़क बन जाने और पानी की व्यवस्था हो जाने से आने-वाले जो भी लोग हैं। यहां पर मिट्टी देने आते हैं उन लोगों को चलने में परेशानी हुआ करता था। अब वो समस्या नहीं रह जाएगा। मुझे लगता है आने वाले लोग जो भी मिट्टी देने आते है उनको यहां चलना आसान हो जाएगा। वही कब्रिस्तान कमिटी के सचिव मोहम्मद सज्जाद उर्फ गुड्डू और मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकूने लोगों को धन्यवाद दिया और कहा की इनके कर कमलों के द्वारा बनाया गया है। इस मौके पर मोहम्मद सुल्तान उर्फ विक्की, मोहम्मद पप्पू, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, मोहम्मद सद्दाब, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद सेराज अहमद, मोहम्मद आफताब आलम, मोहम्मद कल्लू, मोहम्मद गोल्डन, आदम परवेज, ओम नंदन तिवारी, चंदू प्रिंस गुप्ता जी, मुकेश कुमार भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कलयुग में नाम लेने से ही जीवन सफल हो जाता है : राम सुंदर शरण जी महाराज

### सदगुरु कबीर साईं मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मीठापुर अवस्थित कबीरपंथी आश्रम सह सदगुरु कबीर साईं मंदिर परिसर में महंथ ब्रजेश मुनि महाराज के पावन सानिध्य में साप्ताहिक सत्संग भजन का आयोजन किया गया। विदित हो कि इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महंत रामसुंदर शरण जी महाराज ने कहा कि ह्लकलयुग केवल नाम आधारा, सुमर सुमर नर होत ही पाराह्व। आगे कहा कि कलीकाल में रामनाम की महिमा अपरंपार है। इस युग में कलयुग के प्रभाव से कोई बच नहीं सकता, इसलिए भगवान ने नाम लेने से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत बृजेश मुनि महाराज ने बताया कि मनुष्य को अपने कर्म पर भरोसा करना चाहिए। दूसरों पर आश्रित होकर काम करने वाला व्यक्ति कभी सफल नहीं हो सकता। सदगुरु कबीर साहब ने भी कहा था ह्लकर बहिया बल आपने, छार बीरानी आस। जाकर घर नदी बहै, सो कस मरै प्यासह्व। विदित हो कि इस दौरान मंचासिन अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। मौके पर अच्युतानंद शास्त्री, पत्रकार अमरेश कुमार सिंह, संत अशोक दास, करसन मुनि, संत महेश दास सहित महिला भजन गायन मंडली के रूबी प्रधान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

## मत्स्य कृषकों के लिए वरदान साबित हो रही तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन को एक संगठित, समृद्ध और आत्मनिर्भर उद्यम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजना बिहार के मत्स्य कृषकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत निदेशालय मत्स्य द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन राज्य भर में किया जा रहा है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अत्यंत पिछड़े वर्ग के मत्स्य कृषकों को विशेष सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें रियरिंग तालाब का निर्माण, बोरिंग, पंपसेट/समरसिबल पंप की स्थापना, शेड निर्माण, यांत्रिक एरेटर, मत्स्य इनपुट इत्यादि को शामिल कर पैकेज सहायता स्वरूप में अनुदान प्रदान किया जा रहा है। राज्य के चयनित लाभार्थी मत्स्य कृषकों को प्रति एकड़ जलक्षेत्र की निर्धारित इकाई लागत 10.10 लाख के विरुद्ध 70 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 30 प्रतिशत राशि लाभार्थी द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण के माध्यम से वहन की जाएगी। इससे छोटे और सीमांत मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन को आर्थिक रूप से लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने का अवसर मिल रहा है। इस योजना से जुड़े लाभ और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक लाभार्थी पर या अपने संबंधित जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजनाह्व न केवल राज्य के मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि मत्स्य कृषकों की आयवृद्धि और जीवनस्तर सुधार की दिशा में भी एक प्रभावशाली पहल बनकर सामने आ रही है। सरकार की यह पहल बिहार में मत्स्य उद्योग के उज्जवल भविष्य की नींव रख रही है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार ,21 जून, 2025



### पीएम मोदी की जनसभा को एनडीए ने बताया महाकुंभ

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दिया विशेष सौगात : दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता





सिवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को बिहार के सिवान जिले की जनसभा को एनडीए ने महाकुंभ करार दिया है। पीएम मोदी को सुनने के लिए सिवान, बक्सर, छपरा, पटना से भारी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। पीएम मोदी की जनसभा को लेकर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज मैंने अपने जीवन में इतनी भीड़ देखी है। मैं पटना से आया हूं और पैदल चलने वालों की लाइन करीब 12 किलोमीटर तक है। यह एक अविश्वसनीय दृश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के प्रति प्यार और सम्मान का एक जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। आज यहां वाकई एक भव्य महाकुंभ समागम जैसा लग रहा है। भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि मैं देश के दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी को हृदय से नमन करता हूं। सिवान जिले के जसौली की यह रैली सिर्फ एक सभा नहीं है, यह एक विशाल रैली है। इतनी बड़ी भीड़ में, गिनती करना असंभव है कि कितने लोग आए हैं– जितने जितने हमारे किसान आए हैं, उतने ही मजदूर, माताएं, बहनें, युवा और व्यापारी आए हैं। बड़ी संख्या में लोग आए हैं। जसौली प्रयागराज बन गया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, यह प्रधानमंत्री का पहला दौरा नहीं है; वे पहले भी 50 से अधिक बार दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार और पूर्वोत्तर क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए दौरा कर रहे हैं, और वे राज्य के लिए बड़ा पैकेज लाए हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री बिहार को सौगात देते रहे हैं और इस बार भी उन्होंने ढेरों सौगात दी है।

बिहार सरकार में मंत्री सुनील कुमार ने कहा, जहां भी पीएम मोदी की रैली या जनसभा होती है, वहां पर भारी संख्या में लोग उन्हें सुनने के लिए पहुंचते हैं।

हमारे लिए खुशी की बात है कि पीएम मोदी जब भी आते हैं, ढेर सारी सौगात बिहार के लिए लाते हैं। भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिवान में दौरा होना हमारे क्षेत्र के लिए बहुत गर्व की बात है। यह भारी भीड़ दशार्ती है कि प्रधानमंत्री इस क्षेत्र और पूरे देश में कितने लोकप्रिय हैं।

# पीएम और सीएम बिहार को प्रगति का प्रतीक बनाने में जुटे हैं : विजय

- प्रधानमंत्री की जनसभा में विकास के प्रति जनविश्वास नजर आया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीवान की जनसभा को विकास में जनविश्वास का प्रतीक बताया है । उन्होंने कहा कि मौसम बहुत अनुकूल नहीं रहने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बताती है कि आदरणीय मोदी जी के दिल में जनता और जनता के दिलों में मोदी जी बसते हैं श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीवान की धरती से हजारों करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर फिर से सिद्ध किया है कि वे बिहार के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि जो बिहार कभी पलायन का प्रतीक बन गया था , आज पीएम और सीएम के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रगति का प्रतीक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है ।बीते एक दशक में राज्य के करीब पौने चार करोड़ लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं ।इस दौरान 1.5 करोड़ लोगों तक विद्युत आच्छादन और इतने ही लोगों तक पानी का कनेक्शन पहुंचा । 57 लाख से अधिक लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया ।यह डबल इंजन सरकार के प्रयासों का सीधा प्रतिफल है। श्री सिन्हा ने आगे कहा वहीं दूसरी ओर बिहार की निरंतर प्रगति को देखकर कांग्रेस-राजद के लोगों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। पार्टी और प्रशासन को पारिवारिक प्राइवेट लिमिटेड की तरह चलाने वाले लोग बढ़ते और बदलते बिहार को कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते।इसलिए अपनी आसन्न हार को देखते हुए अमर्यादित बयानबाजी और ट्विटर एक्टिविज्म में जुटे हैं ।

## चार्जशीटेड नेताओं को सबक सिखाएगी जनता : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार एवं मीडिया पैनलिस्ट मधुरेंदु पांडेय ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि जिनके उपर अपने परिवार के लिए संपत्ति अर्जित करने को लेकर घोटालों का दाग लगा हो वो बिहार का विकास नहीं कर सकते। आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे सजायाफ्ता एवं चार्जशीटेड नेताओं को जनता राजनीतिक तौर पर सबक सिखाने का काम करेगी।पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा बिहार की जनता के हित से आगे अपने परिवार के हित को रखा और संपत्ति हासिल करने के लिए घपले और घोटाले किए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का राजनीतिक जीवन घोटालों का पर्याय है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने उम्र घोटाला, पुरस्कार घोटाला, सैलरी घोटाला, आईआरसीटीसी घोटाला करने काम किया।

उन्होंने कहा कि घपले और घोटाले में घिरे लालू प्रसाद यादव परिवार के पास बिहार की तरक्की को लेकर कोई रोडमैप नहीं है और वो महज फर्जी दावों और मनगढ़त आरोप लगाकर बिहार की जनता को गुमराह करना चाह रहे हैं।

# मोदी-नीतीश की जोड़ी को साथ देख विपक्षी दल हताश : उमेश

### कहा-एनडीए सरकार बिहार के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को कहा कि जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, बेदाग छवि, दूरदर्शी नेतृत्व और अपार जनसमर्थन के प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी आज देश की राजनीति में एक अद्वितीय मिसाल बन चुकी है। वहीं दूसरी ओर, यदि विपक्षी गठजोड़ की बात करें तो वह केवल सत्ता की लालसा में बना ऐसा समूह प्रतीत होता है, जो परिवारवाद और भ्रष्टाचार की मानसिकता से ओतप्रोत है, और जिसकी सर्वोच्च प्राथमिकता किसी भी प्रकार से सत्ता हासिल कर निजी स्वार्थों की पूर्ति करना मात्र है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार बिहार के सर्वांगीण और समावेशी विकास के प्रति पूर्णतः समर्पित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में बीते दो दशकों में बिहार ने न्याय के साथ विकास और सुशासन की नई परिभाषा गढ़ी है, जिसकी गूंज आज पूरे देश में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आते हैं, वे राज्य को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाली अनेक परियोजनाओं की सौगात लेकर आते हैं। सिवान की धरती से भी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा दी गई विकास परियोजनाएं निश्चित रूप से बिहारवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएँगी और प्रदेश की प्रगति को नई गति प्रदान करेंगी।

श्री कुशवाहा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मुद्दों के अभाव में वे अब झूठे और अनर्गल आरोपों की राजनीति पर उतर आए हैं। जिनके माता-पिता की पूरी राजनीति सत्ता, स्वार्थ और व्यक्तिगत लाभ के इर्द-गिर्द घूमती रही हो, उन्हें बिहार की प्रगति स्वाभाविक रूप से असहज करती है। बिहार का चहुंमुखी विकास उन्हें फूटी आँख नहीं सुहाता। उन्होंने कहा कि ऐसी नकारात्मक, भ्रामक और परिवारवाद आधारित राजनीति को बिहार की जागरूक जनता ने हमेशा नकारा है, और भविष्य में भी इनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

# पीएम अपने पूर्व के भाषणों और वादों का करें अवलोकन : तेजस्वी

### नेता प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले पूछे सवाल

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के दौरे पर रहेंगे। यहां पर सीवान में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री से कई सवाल पूछे हैं। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए ये सवाल पूछे हैं। एक सवाल में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इससे पहले कई बार रैलियां कर बिहारवासियों से कई वादे कर चुके हैं। सबसे पहले पीएम अपने पूर्व के भाषणों और वादों का अवलोकन व विश्लेषण करें। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार की ओर से घोषणाओं के दिखावटी शिलान्यास, उद्घाटन और कायारंभ का भी आरोप लगाया। तेजस्वी ने नीति आयोग और भारत सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पूछा कि बिहार क्यों देश में सबसे फिसड्डी राज्यों में शामिल है, जहां प्रति व्यक्ति आय और साक्षरता दर सबसे कम है। उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद यादव के कार्यों, जैसे सारण प्रमंडल में जेपी विश्वविद्यालय की स्थापना और मढ़ौरा में रेल इंजन कारखाना, को उजागर किया, जो तेजस्वी के अनुसार एनडीए के शासन में उपेक्षित रहा। उन्होंने दावा किया कि एनडीए के 20 सालों में हजारों लोगों की हत्या और लड़कियों के साथ बलात्कार का जिक्र किया और इसको लेकर भी सवाल पूछा।

तेजस्वी ने कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। साथ ही तेजस्वी ने आरोप लगाया कि गर्मी में गरीब कर्मचारियों, आशा कार्यकताओं और अन्य पर रैली के लिए भीड़ जुटाने का दबाव डाला जा रहा है । साथ ही, तेजस्वी ने एनडीए को नेशनल दामाद आयोग कहकर भाजपा पर कटाक्ष किया। इसके अलावा, उन्होंने सिवान में ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप के कथित हस्तक्षेप जैसे विवादास्पद मुद्दों को उठाया।

## लोगों को भ्रमित करने में जुटे हैं नेता प्रतिपक्ष : राजीव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने बिहार को बदहाली की गर्त में ढकेला उन्हें आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान बढ़ता बिहार नहीं सुहा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के 15 सालों के कुशासन को याद करने की बजाए नेता प्रतिपक्ष फर्जी आंकड़ों का इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव कांग्रेस शासित यूपीए सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थे, लेकिन बिहार के विकास के लिए उन्होंने क्या-क्या काम करवाए पहले जरा ये उन्हें अपने पिता से पूछना चाहिए? विशेष राज्य के दर्जे की रट लगा रहे

# राजद प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी कार्यालय में जोरदार स्वागत

### तेजस्वी बोलें-चुनाव में महागठबंधन को सफलता मिलेगी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ राज्य कार्यालय में पधारे जहां राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं और कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े, गुलाब की पंखुड़ियों के साथ मिठाईयां बांटकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं में और खासतौर से महिला कार्यकताओं में जोशो-खरोस देखते बन रहा था। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि आज खुशी का दिन है कि राष्ट्रीय जनता दल के निर्विरोध नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कार्य भार संभाला है। हमसब का विश्वास है कि इनके नेतृत्व में बिहार में हम जनता का विश्वास जीतने में सफल रहेंगे और चुनाव में महागठबंधन को सफलता मिलेगी।

इन्होंने कहा कि बिहार में पहली बार किसी पार्टी ने अतिपिछड़ा वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाया और ये सौभाग्य राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद जी को जाता है जो हमेशा शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों को न्याय और सम्मान देने का भाव रखते हैं और उसको सरजमीन पर भी उतारा। राष्ट्रीय जनता दल के संगठन में दलित, अतिपिछड़ा और आदिवासी को संगठन में आरक्षण की व्यवस्था है जिससे सामाजिक न्याय की धारा को मजबूती मिलती है।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने सभी नेताओं और कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से जिस तरह से मुझे सम्मानित किया गया इसके लिए मैं सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के कक्ष में प्रदेश अध्यक्ष के आसन ग्रहण करने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने शॉल और बुके देकर और मुंह मीठा कराकर प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

## सूबे के 875 किमी एनएच के विकास के लिए राशि मंजूर : नितिन

### बोलें- 2025-26 के कार्य योजना के लिए 33,464 करोड़ की मंजूरी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि राज्य के कुल 875 किमी राष्ट्रीय उच्च पथों के विकास हेतु 52 परियोजनाओं का कार्यान्वयन कुल 33,464 करोड़ की लागत पर किए जाने की सहमति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में पहली बार ऐसा हुआ है कि केन्द्र सरकार द्वारा एक वित्तीय वर्ष में इतनी बड़ी राशि के परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है।गंडक नदी पर दो बड़े पुल एवं कमला नदी पर एक बड़े पुल का होना है निर्माण पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि उक्त स्वीकृत परियोजनाओं में गंडक नदी पर बगहा एवं पतजीरवा में दो बड़े पुल एवं कमला नदी पर एक बड़े पुल का निर्माण होना है। इन पुलों के निर्माण होने से आम नागरिकों को आवागमन में सहुलियत होगी और इसका व्यापक स्तर पर पड़ेगा। उक्त राशि से कुल 380 किमी लम्बाई का 4 लेन में चौड़ीकरण किया जायेगा श्री नवीन ने कहा कि स्वीकृत कुल लम्बाई 875 किमी में से 380 किमी लम्बाई की राष्ट्रीय उच्च पर्योथों का 4 लेन में विकास किया जाना है जिसमें राम जानकी मार्ग का मशरख-चकिया-शिवहर-सीतामढ़ी-भिठ्ठामोड एनएच 227ए एवं 227, बरियारपुर से जमुई होते हुए देवघर के पास बिहार सीमा एन एच 333, अरवल-जहानाबाद-बिहारशरीफ एनएच 33 एवं बेतिया से बगहा एनएच 727 आदि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त सीतामढ़ी-चिराँत एनएच122ए, समस्तीपुर-दरभंगा एनएच 322, हरिहरगंज औरंगाबाद नौबतपुर पथांश एनएच 139 तथा बरबीघा जमुई-बांका ढाका मोड़ एनएच 333ए का पेभ्ड सोल्डर के साथ 2 लेन चैड़ीकरण का कार्य किया

## हिन्दी को देश की राष्ट्र-भाषा घोषित करे केन्द्र सरकार : सुलभ

### पटना उच्च न्यायालय के सभागार में संगोष्ठी आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारत के किसी भी न्यायाधीश की मातृ-भाषा अंग्रेजी नहीं है। फिर भारत की भाषा हिन्दी से इतनी घृणा और अंग्रेजी से प्रेम क्यों? भारत में भारत की भाषा में पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं का तिरस्कार और अपमान क्यों? यदि किसी माननीय की मातृ-भाषा अंग्रेजी हो तो वह भी बताएँ माननीय। क्योंकि यह देश अवश्य जानना चाहता है कि भारत के किसी व्यक्ति की कुलभाषा अंग्रेजी भी है क्या?यह प्रश्न शुक्रवार को, वैश्विक हिन्दी सम्मेलन, मुंबई तथा अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन, दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में, पटना उच्च न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ के राजेंद्र सभागार में, उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी में परिवर्तन, कब और कैसे? विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अपना विचार रखते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालयों में उपयोग की भाषा हिन्दी हो, इसके लिए निरन्तर संघर्षरत अधिवक्ता इन्द्रदेव प्रसाद को, जो कतिपय न्यायाधीशों द्वारा इस हेतु अपमानित होते आ रहे थे, भारत के अधिवक्ताओं का केंद्रीय परिषद ने भी उनका पक्ष लेने के बदले उन्हें ही वकालती कार्य से निलम्बित कर दिया है। डा सुलभ ने केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष और सांसद मनन कुमार मिश्र से श्री प्रसाद का निलम्बन वापस लेने का आग्रह करते हुए, हिन्दी के पक्ष में उतरने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि भारत सरकार को चाहिए कि वह हिन्दी को देश की राष्ट्र-भाषा घोषित कर दे।यह होते ही स्वतः न्यायपालिका और कार्यपालिका समेत देश की सभी संस्थाओं और संगठनों के कामकाज की भाषा हिन्दी हो जाएगी।

वह दिन अब दूर नहीं, जब भारत में अंग्रेजी में बात करने वाले लोगों को सच में लज्जा आएगी। अधिवक्ताओं से खचाखच भरे सदन ने तुमुल ध्वनि से डा सुलभ के प्रस्ताव का समर्थन किया कि देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी हो।सभा की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव ने कहा कि इससे बड़े दुर्भाग्य की बात कोई और नहीं हो सकती कि हिन्दुस्तान में हिन्दी भाषा के लिए आंदोलन करना पड़े। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद ने हिन्दी के लिए जो भावना की थी, वह आज तक पूरी नहीं की जा सकी।

### राज्य में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु 4 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# राज्य में मशरूम इकाईयों की स्थापना को मिलेगा प्रोत्साहन : मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में कृषि के सतत विकास और किसानों की आयवृद्धि के लिए लगातार नवाचारों को प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 4 करोड़ रुपए की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य में मशरूम उत्पादन को संगठित और आधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में मशरूम उत्पादन से जुड़ी विभिन्न इकाइयों की स्थापना हेतु किसानों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसमें वातानुकूलित मशरूम उत्पादन इकाई, कम्पोस्ट इकाई और स्पॉन इकाई शामिल हैं। मशरूम उत्पादन एवं कम्पोस्ट इकाई की इकाई लागत 30 लाख रुपए निर्धारित की गई है, जिस पर 40 प्रतिशत यानी 12 लाख रुपए का सहायतानुदान दिया जाएगा। स्पॉन इकाई के लिए 20 लाख रुपए की लागत पर 40 प्रतिशत यानी 8 लाख रुपए अनुदान निर्धारित है। इसके अतिरिक्त छोटे पैमाने पर उत्पादन के लिए 2 लाख रुपए की इकाई लागत पर 50 प्रतिशत यानी 1 लाख रुपए प्रति इकाई अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन हेतु पात्र किसानों को डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और इच्छुक किसानों को समय पर लाभ मिल सके। इससे किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर मशरूम उत्पादन को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार की यह पहल न केवल मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि कृषि विविधीकरण को भी बढ़ावा देगी। यह कदम राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, यह बिहार को कृषि नवाचारों में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल मानी जाएगी।

## एनडीए शासन में देश की स्थिति बदहाल : राजेश

### सदाकत आश्रम में बिहार किसान न्याय संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को आयोजित बिहार किसान न्याय संवाद कार्यक्रम के दौरान बिहार किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार राम एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में प्रो विजय कुमार ने औपचारिक रूप से जिम्मेदारी स्वीकार की। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व हिमांशु कुमार की तस्वीर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम जी सहित सभी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करके की। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए हुए किसान एक्टिविस्टों ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताया और किसान कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प लिया। श्री राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के विकास और सम्मान के लिए कटिबद्ध है।उन्होंने आश्वासन दिया कि किसान न्याय संवाद किसानों की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का प्रभावशाली मंच साबित होगा।प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि एनडीए के 11 साल के शासन में देश की स्थिति बदहाल हो गई है। श्री अखिलेश शुक्ला एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किसानों को न्याय दिलाने के लिए किसान न्याय योद्धा बनाने वाले अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के मोबाइल एप का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसान कांग्रेस के रहते हुए बिहार का एक भी किसान आत्महत्या करने को मजबूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस की टीम गांव गांव में किसान न्याय योद्धा तैयार करेगी और फार्मिंग कम्युनिटी बनाएगा।समीर कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य , ने किसान कांग्रेस की प्रदेश इकाई से किसानों के मुद्दों को सड़क से सदन तक उठाने का संकल्प व्यक्त किया।डॉ. विजय कुमार ने अपने उद्बोधन में राज्य के कृषक वर्ग की समस्याओं-जैसे उचित फसल मूल्य, सिंचाई सुविधाएँ, ऋण मुक्ति आदि है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण बैंक का लोन नहीं चुकाने वाले लोनी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी पुलिस ने अनुमंडल नीलामी पत्र कार्यालय के पत्र के आलोक में थाना क्षेत्र के करुआ गांव में छापेमारी कर एक ग्रामीण बैंक मालीनगर के कर्जदार संतु महतो के पुत्र योगेंद्र महतो को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार बैंक कर्जदार को अनुमंडल नीलामी पत्र पदाधिकारी के यहां भेजा गया है।

### एक देसी कट्टा जिंदा कारतूस पुलिस ने किया बरामद

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बरहेता गांव के रामप्रीत साह के घर के आगे बनी सीढ़ी के नीचे से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलते ही थाने से सहायक अवर निरीक्षक हरेंद्र तिवारी को दल बल के साथ भेजा गया। सीढ़ी के नीचे से पुलिस ने देसी कट्टा जिंदा कारतूस बरामद कर थाना लाए। प्रथम दृष्टया में पुलिस का कहना है कि कोई अज्ञात बाहरी उसके यहां रखकर चला गया। थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज किया गया है।

### पंचायत उप चुनाव को लेकर 6 पदों के विरुद्ध 10 उमीदवारों ने किया नामांकन

विभूतिपुर/समस्तीपुर पंचायत उप चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन तक कुल रिक्त 6 पदों के विरुद्ध आज तक 10 उमीदवारों ने नामांकन किया है। ग्राम कचहरी महमदपुर सकड़ा से महिला आरक्षित सरपंच पद से ललिता देवी, रेखा देवी, गुड़िया कुमारी और पूनम देवी कुल चार उमीदवारों ने नामांकन किया है। वही ग्राम कचहरी भरपुरा पटपारा वार्ड 8 से पंच पद पर मनोज कुमार चौरसिया, बाजिदपुर बब्बैया वार्ड 12 से पंच पद पर बेबी कुमारी, विभूतिपुर पूरब वार्ड 12 से पंच पद पर प्रदीप पासवान, पतैलिया वार्ड 10 से पंच पद पर अवधेश कुमार और देव कुमार, महथी दक्षिण वार्ड 8 से पंच पद पर बालेश्वर महतो ने नामांकन किया है। यह जानकारी निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चन्द्रमोहन पासवान ने दी है।

### पंचायत उप चुनाव को लेकर विभिन्न पदों पर नामांकन

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत उपचुनाव को लेकर विभिन्न पदों पर नामांकन शुक्रवार को किया गया। कबमेहसी पंचायत के वार्ड एक के वार्ड सदस्य के लिए मंजू देवी, पुरुषोत्तमपुर पंचायत दस में वार्ड सदस्य के लिए सुखिया देवी, निर्मला देवी, सिमरिया भिंडी वार्ड चार से वार्ड सदस्य के लिए प्रकाश सदा, पंच पद के लिए सोरमार पंचायत के वार्ड आठ दिलीप सहनी एवं भगलू सहनी ने नामांकन किया। वहीं निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ देवेंद्र कुमार ने दिया।

### बालेन्द्र के मौत मामले की जांच जिला एवं सत्र न्यायाधीश से कराई जाएगी

मुजफ्फरपुर ।मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार अभियुक्त बालेन्द्र कुमार राय की मौत मामले की जांच जिला एवं सत्र न्यायाधीश से कराने को का अनुरोध जिलाधिकारी ने किया है। मामले के 38 वर्षीय अभियुक्त, मोतीपुर निवासी बालेंद्र कुमार राय को 19 जून को न्यायालय ले जाने के दौरान कोर्ट परिसर में ही तबीयत खराब हो गई। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देश का सख्ती से अनुपालन करने तथा पूरी पारदर्शिता एवं विधिसम्मत तरीके से मृतक का शव परीक्षा एवं पोस्टमॉर्टम करने का निर्देश दिया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने दंडाधिकारी की तैनाती कर मेडिकल बोर्ड को संपूर्ण कार्य की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने मामले की न्यायिक जांच कराने का अनुरोध जिला एवं सत्र न्यायाधीश से की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले से संबंधित रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी भेजी जाएगी। विदित हो कि उक्त कांड के अभियुक्त बालेंद्र कुमार राय, पिता बिजली राय, साकिन भवानीडीह, थाना मोतीपुर को 19 जून को रिमांड के लिए न्यायालय ले जाने के पूर्व सदर अस्पताल में चिकित्सीय जांच हेतु ले जाया गया था तथा उनका समुचित इलाज के उपरांत जांच प्रमाण पत्र भी दिया गया था। तत्पश्चात उसी दिन रिमांड के लिए न्यायालय ले जाया गया जहां न्यायालय परिसर में ही उनकी तबीयत पुनः खराब हो गई फलस्वरूप उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# कृषि विश्वविद्यालय के 35 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। प्लेसमेंट सेल, डा. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय ने वर्ष 2025 में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को जीविका, पटना में विगत माह एक माह में कुल 35 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट कराने में सफलता हासिल किया है। जिसमें से 32 छात्रों को लाईवलीहुड स्पेशलिस्ट एवं 03 छात्रों को यंग प्रोफेशनल के पद पर चयन हुआ है यह इस विश्वविद्यालय की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस चयन से विश्वविद्यालय के सभी छात्रों में काफी हर्ष का माहौल बना हुआ है। प्लेसमेंट सेल के नियंत्री पदाधिकारी डा. रमण कुमार त्रिवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 35 छात्रों का चयन हुआ है। चयनित होने वाले छात्रों में बी-टेक (कृषि अभि) से 07 छात्र, बी.एस.सी (कृषि) से 05 छात्र, बी.एफ.एस.सी (मत्स्यकी) से 04 छात्र, एम.एस.सी (कृषि) से 11 छात्र, एम.एफ.एस. सी (मत्स्यकी) से 03, एम.बी.ए. एग्री बिजनेश) के 01 एवं एम.बी.ए. (रुरल मैनेजमेंट) के 04 छात्र शामिल हैं। उन्होंने ही यह भी बताया कि इस वर्ष छात्रों की सबसे अधिक रु.10.0 लाख प्रति वर्ष का पैकेज दिया है।डा. त्रिवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र जो वर्ष 2025 में पास हो रहे हैं, उनके लिए देश की विभिन्न सुप्रसिद्ध कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आमंत्रण भेजा जा चुका है। इनमें से कुछ कंपनियों की वर्तमान में चयन की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में चल रही है, जिसका फाइनल रिजल्ट आना अभी बाकी है। साथ ही, कुछ अन्य कंपनियों ने भी कैंपस प्लेसमेंट के लिए उत्सुकता जाहिर की है, उनका आगमन भी अलग-अलग तिथियों में निर्धारित होना है।विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ पुण्यवत्त सुविमलेन्दु पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिए, तथा संबंधित महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं प्लेसमेंट पदाधिकारियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सह निदेशक छात्र कल्याण डा. सतीश कु. सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी गई और विश्वविद्यालय का नाम पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोशन करने की सलाह दी है।

# सोहन झा जन सुराज के कोसी प्रमंडल युवा प्रभारी बने



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जन सुराज के क्रांतिकारी युवा नेता सोहन झा को कोसी प्रमंडल का युवा प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। कार्यकताओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुमार शांतनु और प्रदेश कोर कमेटी को धन्यवाद दिया है। कोसी के सक्रिय और समर्पित नेता सोहन झा को पार्टी ने सहरसा, मधेपुरा, सुपौल और खगड़िया जिलों में युवा नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकताओं का मानना है कि इस फैसले से जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूती मिलेगी। इस फैसले के लिए पार्टी के आभारी युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुमार शांतनु, राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद उदय सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी व पूर्व विधायक किशोर कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोहन झा के नेतृत्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और संगठन में नई ऊर्जा आएगी। वही अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए सोहन झा ने हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं पार्टी नेतृत्व का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि मैं अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करूंगा और पूरे क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करूंगा। इस अवसर पर सहरसा जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, जिला महासचिव मोहम्मद इरफान खान, जिला महिला अध्यक्ष प्रियंका झा, जिला युवा अध्यक्ष अनिल महतो, डॉ. विजय शंकर, विमलकांत झा, समीम अनवर, अनुमंडल अध्यक्ष नीलू देवी, कुमार मौलेश सिंह, अजय सिंह, कुमार अमृतराज, प्रखंड अध्यक्ष अजय साह, हरेंद्र खान, पप्पू अस्थाना, रूपेश मिश्रा, मंटू यादव, फैजुर रहमान, चंदन शर्मा, हरेराम शर्मा, सरवन साह, बीरबल झा, सुमन ठाकुर, निर्मल यादव समेत कई नेता और कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा सोहन झा की नियुक्ति से कोसी प्रमंडल में युवा गतिविधियों और संगठनात्मक मजबूती को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# शिक्षक की बेटी नाव्या कुमारी को सैनिक स्कूल परीक्षा में मिला 1560 वां रैकिंग स्थान



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा सैनिक स्कूल की परीक्षा में सहरसा जिले के छात्राओं ने परचम लहराया। सहरसा के आनन्द नगर, गंगजला वार्ड नंबर 31 निवासी अमित कुमार व पूजा कुमारी की पुत्री नाव्या ने सफलता पाकर जिले को गौरवान्वित किया है। सैनिक स्कूल परीक्षा में इन्हें 300 अंकों में 272 अंक मिले हैं। नाव्या को ऑल इंडिया रैंकिंग में 1560 वाँ स्थान मिला है। नाव्या के माता-पिता ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया नाव्या के पिता सहरसा जिला अंतर्गत नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र के बिरजाईन गांव में सरकारी शिक्षक के पद पर पदस्थापित हैं। नाव्या के पिता ने बताया की नाव्या बचपन से ही मेधावी रही है। नाव्या ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भी शत प्रतिशत अंकों के साथ सफलता पाई है। उनकी पढ़ाई आवासीय सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से हुई है जो कि सुपौल जिले के पिपरा में स्थित है। वही नव्या ने बताया हमारे माता-पिता शिक्षक गण आर्यन सर का बहुत बड़ा योगदान रहा है। नव्या ने यह भी बताया की मैं आगे चलकर आईपीएस की तैयारी करना चाहती हूं। छात्राएं की मामा चंदन यादव एवं मामी सरकारी शिक्षिकाएं पूजा रानी एवं छात्राएं के नाना पूर्व प्रधानाचार्य अन्यदेव प्रसाद यादव व छात्रा के दादा पूर्व प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद यादव ने कहां की हमलोगों के लिए बहुत ही खुशी की बात है और आगे नाव्या को पढ़ाई के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# जदयू नेता ऊर्जा मंत्री के समधी कैलाश यादव जन सुराज में हुए शामिल



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जन सुराज पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य डॉ. रामानंद सिंह ने माला पहनाकर राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश यादव को पार्टी में शामिल करवाया। कैलाश यादव 4 बार से लगातार मुखिया रहे हैं। कैलाश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सुपौल की जनता अब जन सुराज की तरफ देख रही है। अब जनता के पास बेहतर और ईमानदार विकल्प है। उन्होंने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश राज में भ्रष्टाचार बढ़ा है। शराबबंदी सिर्फ कागजों पर, खुलेआम बिक रही शराब। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की विचारधारा हमें अच्छी लगी है। पिछले 35 सालों के लालू नीतीश राज से जनता ऊब चुकी है, बिहार में अब बदलाव होना चाहिए। इस अवसर पर सुपौल जिला अध्यक्ष इंद्र देव साह, जिला महासचिव नरेश नयन, बीरपुर अनुमंडल महिला अध्यक्ष मीनू वर्मा, राघोपुर प्रखंड अध्यक्ष तपेश्वर यादव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाकपा-माले की राज्यस्तरीय बदलो बिहार यात्रा 18 से 27 जून तक

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।भाकपा-माले महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य 24जून को औराई और गायघाट विधान सभा क्षेत्र में बदलो सरकार - बदलो बिहार जनसभा को संबोधित करेंगे। माले की बदलो बिहार यात्रा 18जून से शहाबाद, मगध, सारण और मिथिलांचल-तिरहुत क्षेत्र में शुरू है जो 27जून तक चलेगी। मिथिलांचल जोन की यात्रा 24जून को औराई, कटरा और गायघाट के क्षेत्र में पहुंचेगी। जनसभा को महिला संगठन ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव व माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी, खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव व माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा, एमएलसी शशि यादव, माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल सहित कई राष्ट्रीय व राज्य नेता संबोधित करेंगे। माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने पार्टी की जिला स्टैंडिंग कमिटी की बैठक के बाद यह कहा है। बैठक हरिसभा चौक स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई।माले सचिव ने कहा है कि जनसभा और यात्रा की तैयारी के लिए गांव-पंचायतों में जनसंपर्क, जनता की बैठक व छोटी-छोटी सभा, प्रचार, पर्चा और निमंत्रण पत्र का वितरण शुरू कर दिया गया है।औराई विधानसभा क्षेत्र में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम और पार्टी के प्रखंड सचिव मनोज यादव तथा गायघाट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य व प्रखंड सचिव जितेन्द्र यादव जनसभा की तैयारी का नेतृत्व कर रहें हैं। इस दौरान ह्यजन-जन की है एक पुकार, बदलो सरकार-बदलो बिहार का नाराह्न जोरशोर से दिया जा रहा है।

बैठक में पार्टी जिला सचिव कृष्णमोहन सहित पार्टी राज्य कमिटी सदस्य शत्रुघ्न सहनी, जितेन्द्र यादव, सूरज कुमार सिंह, आफताब आलम, बोचहां प्रखंड सचिव रामबालक सहनी, बंदरा प्रखंड सचिव रामबली मेहता, सकरा प्रखंड सचिव राजेश रंजन, औराई-कटरा प्रखंड सचिव मनोज यादव, खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव रामनंदन पासवान, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार शामिल थे।

बैठक को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव ने कहा कि बिहार के सभी क्षेत्रों सहित मुजफ्फरपुर में अपराध की घटनाएं बडे.पैमाने पर घट रही है। छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार और हत्या की बर्बर घटनाओं से चारोओर भयावह स्थिति बनी हुई है। भाजपा-जदयू सरकार द्वारा बेटी पढाओ-बेटी बचाओ और महिला सशक्तिकरण की तमाम ढकोसलेबाजी के बीच 9महीने से 10वर्ष तक की बच्चियों के साथ बलात्कार और हत्याओं का दौर जारी है। हद तो तब हो गई जब राजधानी के सरकारी अस्पताल में समय पर इलाज के अभाव में बलात्कार की शिकार कुढ़नी की बच्ची की मौत हो गई।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा जैसे भी हो बिहार की सत्ता हथियाने के दावपेंच में जुटी है। लेकिन 20साल की डबल इंजन सरकार जो डबल बुलडोजर की बन गई है, से जनता ऊब चुकी है और अब बदलाव चाहती है। माले का बदलो सरकार- बदलो बिहार अभियान इसी दिशा में जारी है। माले नेताओं ने आमलोगों से गायघाट और औराई की बदलो सरकार- बदलो बिहार जनसभा में बडी.संख्या में भाग लेने की जोरदार अपील की है।

# जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करे अधिकारी:डीएम




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी आनंद शर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया ।गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं. इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार,20 जून 2025 को कुल 48 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ जिलाधिकारी से मिले ।ग्राम पोस्ट-सिंघासो, थाना-बिस्फी के राकेश कुमार राम के द्वारा भूदान यज्ञ कमेटी से भूमिहीन पचार्धारियो को दी गई भूमि पर दबंग व्यक्तियों द्वारा की गई कब्जा से मुक्त कराते हुए दखल कब्जा दिलाने से संबंधित आवेदन दिया ।नथुनी प्रसाद राय सामाजिक कार्यकर्ता,ग्राम-तिरहुता, प्रखण्ड-बाबूबरही के द्वारा प्राथमिक सह मध्य संस्कृत विद्यालय तिरहुता मधुबनी का जॉच प्रतिवेदन संस्कृत शिक्षा बोर्ड पटना भेजने को अनुरोध किया। घूरन पासवान ग्राम-बलानपट्टी, पंचायत- मझौरा , प्रखंड खुटौना थाना-लोकहा निवासी ने जन वितरण प्रणाली के विक्रेता द्वारा कम वजन अंत्योदय के बदले ढल्ल्ल देने और काला बाजारी करने से संबंधित शिकयत किया ।ग्राम पंचायत राज पथराहीप्रखंड लदनियां जिला-मधुबनी के मुखिया द्वारा पंचायत में किसानों को सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध कराने को लेकर आवेदन दिया ।प्रमोद मंडल सहित समस्त ग्राम वासियों ने गीधवास पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या-08 में सामुदायिक भवन अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित शिकायत किया ।जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी-बारी से शिकायतें सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए. जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया ।उक्त अवसर पर अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन झा, एवं अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कुशेश्वरस्थान पूर्वी मंडल द्वारा संकल्प सभा आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत कुशेश्वरस्थान पूर्वी मंडल के धरमपुर महावीर मंदिर परिसर में संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रौशन राय ने की,मौके पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विनय पासवान,मुख्य वक्ता जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ,जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और जनता को जागरूक किया गया ।मैके पर जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहां अभी जो यह कार्यक्रम चल रहा है, 11 साल बेमिसाल यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक किया जाएगा। विनय पासवान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम मोदी की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है, साथ ही लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है। इस अवसर पर महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का 11 साल का कार्यकाल अमृतकाल है। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही विजन है कि देश के हर राज्य में एम्स का सपना साकार करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। बिहार इस मायने में अधिक सौभाग्यशाली है कि प्रधानमंत्री ने बिहार को दो एम्स की सौगात दी है। श्री सिंह ने कहा कि इसी देश में वैसे भी प्रधानमंत्री हुआ करते थे जो मुंबई पर आतंकी हमले के बाद मौन व्रत धारण कर लेते थे लेकिन अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे वीर सैनिक दुश्मनों के घर में घुसकर टॉर्गेट को हिट करके सुरक्षित वापस लौट आते हैं। जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी ने प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और अन्य योजनाओं के बारे में चर्चा की और बताया कि कैसे ये योजनाएं समाज के विभिन्न वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता प्रकाश चौधरी, मंडल महामंत्री ललित पासवान,चंचल कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण पासवान,दिलिप पासवान, रामदेव शर्मा,सत्यनारायण पंडित,लक्षत्र पासवान, राजकिशोर पासवान,केदार पासवान,नागेश्वर पासवान,भिखमंगा पासवान,लक्ष्मी पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बदलो सरकार - बदलो बिहार यात्रा की शुरूआत आज जटमलपुर चौक से होगा

प्रात: किरण संवाददाता

क्याणपुर समस्तीपुर बदलो सरकार - बदलो बिहार मिथिला - तिरहुत जोन यात्रा का प्रारंभ आज कल्याणपुर विधान सभा के जटमल पुर चौक से बिहार में सामाजिक न्याय के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुई। यात्रा का नेतृत्व भाकपा(माले) पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेन्द्र झा, भाकपा(माले) केंद्रीय कमिटी सदस्य सह पूर्व विधायक मनोज मंजिल, राज्य स्थायी समिति सदस्य बैद्यनाथ यादव, राज्य कमिटी सदस्य नेयाज अहमद, जितेंद्र यादव, शनिचरी देवी, कल्याणपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत राम, वारिसनगर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी फूल बाबू सिंह, रानी सिंह, साधना शर्मा, आइसा महासचिव प्रसेनजीत, जीवछ पासवान, पप्पू पासवान, विनोद सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह,ललन कुमार, अमित कुमार, उपेंद्र राय, महेश कुमार, केशरी यादव, सुनील यादव, ललन कुमार, रौशन कुमार, सहित कई लोग कर रहे है। सभा की अध्यक्षता कल्याणपुर प्रखंड सचिव दिनेश कुमार तथा संचालन माले नेता सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मिथिला तिरहुत यात्रा को झंडा दिखाकर रवाना करते हुए भाकपा माले के पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि पूरे बिहार में भाकपा माले की ओर से चार यात्राएं निकली हैं।बदलो सरकार बदलो बिहार यात्रा बिहार के आमजन के सवालों के साथ बिहार की राजनीति को जोड़ना है।बिहार की नीतीश सरकार को सामंतियों,अपराधियों,भ्रष्टाचारियों और आरएसएस ने अपने कब्जे में ले लिया है।इस सरकार को बदलने और महागठबंधन की सरकार बनाने की यह यात्रा है।डूबती नैया को बचाने के लिए मोदी जी बार बार बिहार आ रहे हैं। उनके इकबाल खत्म हो गए हैं,इसलिए जोर जबरदस्ती से सभा में भीड़ जुटाई जा रही है।मोदी जी अब सरेंडर मोदी हो गए हैं,इसलिए विश्वमंच पर भारत अलगाव का सामना कर रहा है।गैंग ऑफ फोर के कब्जे में नीतीश जी हैं,और ये लोग कोई भी काम नीतीश से करवा ले रहे हैं।दामादों की ताजपोशी हो रही है और जगन्नाथ मिश्रा,संजय झा के यहां गैर जरूरी हवाई अड्डा बनाए जा रहे हैं। वही पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि भाजपा - जदयू के राज में बिहार में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। सरकार के नाक के नीचे गोलीबारी हो रही है। और सरकार सोई हुई है। अपराधी बेखौफ घूम रहा है। उन्होंने की बिहार में 20 साल से विकास करने वाली सरकार आज गांव - गांव को कर्ज के बोझ में धकेल दी है। भाकपा (माले) ने बिहार बदलाव का संकल्प लिया हैं। और इसी उद्देश्य से यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार को बदलने का संकल्प बिहार के नौजवानों ने ले लिया है। श्री मंजिल ने कहा कि इस यात्रा में गरीबों के वास - आवास का सवाल, 200 यूनिट फ्री बिजली का सवाल, सभी वृद्ध को पोषण का सवाल सहित अन्य स्वांस्याओं को उठाया जाएगा

# मौका मिला तो बैरिया जगदंबा नगर का कराऊंगा अपेक्षित विकास :अजीत

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार शुक्रवार को बैरिया जगदंबा नगर में जनसंवाद कार्यक्रम चलाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मोहल्ला वासी इकट्ठा होकर पूर्व मंत्री के समक्ष मोहल्ले का कई ज्वलंत समस्या रखा। जिसमे मुख्य सड़क की नारकीय स्थिति, बिजली की जर्जरता, बीएलओ द्वारा नए लोगों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने में की जा रही मनमानी सहित कई मुद्दा प्रमुख था ।पूर्व मंत्री ने स्थानीय लोगों के सभी समस्याओं को सुनकर उन्हें बताया की सरकार के द्वारा जगदंबा नगर जाने वाली मुख्य सड़क का टेंडर कर दिया है, नाल के साथ अगले दो महीने के अंदर सड़क का काम हर हालत में शुरू हो जाएगा। उन्होंने विद्युत समस्या के निदान के लिए मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात किया तथा दो दिनों के अंदर समस्या का निदान कराने का लोगों से वादा किया। श्री कुमार ने लोगों से कहा की मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें, मैं अधिकारियों से बात कर आपका नाम जुड़बाउंगा। इस अवसर पर मोहल्ला वासियों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि हम लोगों का जनप्रतिनिधियों से पूरी तरह विश्वास उठ गया है। उन्होंने कहा की विकास की बात तो दूर रहे बीते 10 वर्षों में जीतने के बाद कोई भी विधायक मेरे इलाके में नहीं आया है। लोगों ने कहा कि आपके द्वारा बीते 10 वर्ष पूर्व जगदंबा नगर में जो सड़कें बनाई गई थी, वह सड़क आज जर्जर होकर खंडहर हो गया है और हम मोहल्ला वासी जीलत की जिंदगी जी रहे हैं। श्री कुमार ने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि अब आप विकास की चिंता न करें , मैं लड़ाई लड़कर शहरी क्षेत्र से सटे कांटी क्षेत्र सभी इलाकों का प्राथमिकता पर विकास कराऊंगा, केवल मुझे आपका साथ चाहिए। लोगों ने श्री कुमार के इस आश्वासन के बाद हांथ उठाकर कांटी का विकास की लड़ाई में समर्थन देने का वादा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता हरि किशोर बैठा ने किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ कुशवाहा, बम बम शाही, रमेश पाठक,ओम बाबा, राकेश सिंह, अजय कुमार मिश्रा, विनोद कुमार, शंकर भगत, रामचंद्र भगत, दिनेश कुमार ,प्रभात कुमार, चंदन कुमार, अजय भगत, अंजन कुमार, बृजनंदन कुशवाहा ,हीरालाल पाठक, निखिल कुमारआदि ने जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद थे।

# जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का होगा एतिहासिक अभिनंदन : माधव झा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा नगर जिला जनता दल यूनाईटेड के द्वारा सुशीला विवाह भवन में 22 जून को राज्यसभा सासंद सह जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कि अध्यक्षता माधव झा ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी केदार नाथ भण्डारी और विधान सभा प्रभारी धर्मेंद्र साह उपस्थित थे।बैठक का संचालन राजेन्द्र राम किया। अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर केदार नाथ भण्डारी का नगर जिला जनता दल यूनाईटेड की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माधव झा ने कहा कि संसदीय दल के प्रतिनिधित्व एवं अंतराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर से लौटें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय कुमार झा को मिथिलांचल की पावन धरती पर 22 को सम्मानित किया जायेगा जो ऐतिहासिक होगा। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केदारनाथ भण्डारी ने कहा कि आयोजित अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समाजसेवि भाग लेगें। बैठक में धर्मेंद्र साह ने कहा कि सभी सेक्टर और वार्ड से कार्यकर्ता कि भागीदारी सुनिश्चित हो और अभिनंदन कार्यक्रम एतिहासिक होगा।सभा को मुख्य रूप से श्याम मण्डल, नवाब अख्तर, नुरूल्ला हक, दीपक कुमार सिन्हा,अरविंद झा, राजीव कुमार लालू, प्रीतम बिहारी, इकबाल रायन, दीपक ज्योति, सलाहुद्दीन, अमर साह, ठाकुर ईश्वर प्रसाद बिट्टू सिंह, प्रभात झा, अशरफ शेख,मों जमशेद,अवधेश पासवान, जमिदूल सहित अनेक साथी ने संबोधित किया।

# मधुबनी में गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा सम्पन्न, 88 अभ्यर्थी सफल

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी विज्ञापन संख्या 01/25 के आलोक में मधुबनी जिला में गृह रक्षको के स्वच्छ नामांकन के लिए आज दिनांक 20 6.2025 को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा में 700 पुरुष अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र जारी किया गया था।जिसमें से कुल 409 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित हुए। सम्मिलित हुए 409 अभ्यर्थी में से 92 अभ्यर्थी दौड़ में सफल हुए। ऊंचाई के निर्धारित मापदंड पूरा नहीं करने के कारण 04 अभ्यर्थी असफल घोषित किए गए। इस प्रकार आज दिनांक 20.06.2025 को ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेक की परीक्षा में कुल 88 अभ्यर्थी सफल हुए।जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने चल रहे शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से भी जांच परीक्षा को लेकर जानकारी प्राप्त किया एवं व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया।उन्होंने सहायता केंद्र,पेयजल,शौचालय, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 21 जून, 2025



# सहरसा हवाई अड्डा के विस्तारीकरण को लेकर जिलाधिकारी नें किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा शुक्रवार को हवाई अड्डा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा हवाई अड्डा परिसर के माप के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं भौगोलिक स्थिति का अवलोकन किया गया। इस संदर्भ में ज्ञात हो कि मुख्यमत्री के जिलांतर्गत सम्पन्न प्रगति यात्रा के दौरान जिलांतर्गत हवाई अड्डा पर छोटे विमानों के संचालन हेतु क्रियान्वित उड़ान योजना में समाहित करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध करने के संबंध घोषणा की गई थी। जिसको दिनांक 25 फरवरी को स्वीकृति प्रदान की गई है। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उक्त वर्णित कार्य के क्रियान्वयन की दिशा में प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। उक्त अवसर पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार के उड़ान योजना के तहत सहरसा हवाई अड्डा से छोटे मोटे हवाई जहाज का परिचालन किया जाएगा। वही सहरसा, वीरपुर, मुंगेर, भागलपुर, पुर्णिया एवं मधुबनी हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है।

## अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के विरुद्ध अभियान व क्रियान्वयन का डीएम ने दिया निर्देश



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में प्रसव पूर्व निदान तकनीकी विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीसी, पीएनडीटी अधिनियम के क्रियान्वयन व उल्लंघन और दंड और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न हितकारकों के बीच समन्वय के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा क्रम में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की स्थिति, निगरानी एवं गैर पंजीकृत क्लिनिकों के पहचान और कारवाई के संबंध में चर्चा की गई एवं सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक पी सी /पी एन डी टी अधिनियम अंतर्गत वर्णित प्रावधानों का पालन करे, इस हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आगामी एक सप्ताह अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान नए अनुज्ञप्ति/नवीनीकरण, स्थान परिवर्तन/नए मशीन खरीदने संबंधित समेकित रूप से कुल 28 मामलों पर विचार किया गया है। आयोजित बैठक के अवसर पर सिविल सर्जन/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी/जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अलौली नगर पंचायत में विभिन्न चौक चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाने, सामूहिक व दिव्यांग शौचालय निर्माण करने की किया मांग

**नगर पंचायत में अपेक्षित विकास व गांधी का सपना साकार नहीं, निर्माण कार्य कुछ नहीं सिर्फ स्वच्छता अभियान तक ही सीमित**

प्रात किरण संवाददाता

अलौली। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने देवघट्टा चौक, यदुवंशी चौक, तीनबटिया चौक, कपूर्री ठाकुर टोल, उत्तरवारी टोल, मधुपुर चौक एवं दुर्गा मंदिर चौक, थरुवा टोल में हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग जिलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत अलौली से किया है। श्री यादव ने कहा कि विभिन्न चौक चौराहे पर लाइट की व्यवस्था नहीं रहने से अंधेरे में कई प्रकार की घटना होते रहती है एवं होने की संभावना बनी रहती है। नगर पंचायत बनने के बावजूद नगर का सर्वांगीण विकास का सपना साकार नहीं हो पा रही है। स्वच्छ सुंदर शिक्षित विकसित नगर पंचायत की नारा डपोरशंखी साबित हो रही है। अलौली के चोउर में जल जमाव की निकासी हेतु उराही करने एवं नाला निर्माण करने, संबंधी योजना पारित होने, एवं राशि आवंटित होने के बावजूद




आदेश निर्गत के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाई है बारिश पड़ने से कार्य बाधित हो जाएगी, इसलिए समय रहते कार्य निष्पादन करने की मांग किया है।

समाजसेवी किरण देव यादव ने विभिन्न चौक चौराहे पर तथा विशेष कर पुस्तकालय चौक पर सामूहिक शौचालय तथा दिव्यांग शौचालय निर्माण करने की मांग किया है। चौक पर विशेष कर महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री यादव ने कहा कि अलौली से ट्रेन चालू होने पर पुस्तकालय चौक एवं देवघट्टा रोड तथा ब्लॉक जाने वाली रोड काफी व्यस्त हो चुकी है। चौक पर सजने वाली दुकान से काफी कठिनाइयां होती है। विभिन्न सड़क अतिक्रमित है। जिससे आवाजाही में काफी कठिनाइयों होती है एवं सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात दिलाने की प्रशासन से मांग किया। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि देवघट्टा चौक ऐतिहासिक चौक है। पूर्व में यह चौक धोबी घाट चौक कहलाता था, चुंकी देवघट्टा चौक से दक्षिण धोबी घाट हुआ करता था। वर्तमान में चौक पर भोला बाबा मंदिर, काली मंदिर एवं हनुमान मंदिर का निर्माण विगत पांच दशक पूर्व होने पर देवी देवता के दृष्टिकोण से देवघट्टा चौक कहलाया। उक्त चौक पर दीपावली के अवसर पर काली मेला का भव्य आयोजन विगत तीन दशक से हो रही है। वहीं पीपल बरगद वृक्ष के तले वट सावित्री पूजा करने हेतु महिलाओं का भी उमड़ती है। उक्त दृष्टिकोण से चौक पर हाई मास्ट लाइट एवं सामूहिक शौचालय का निर्माण करना अति आवश्यक है।

## शस्त्र दुकान पर अग्नेयास्त्र एवं कारतूसों का होगा भौतिक सत्यापन : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिलापदाधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न कराने हेतु मधेपुरा जिलान्तर्गत एक मात्र शस्त्र दुकान प्रतिष्ठान मेसर्स बिहार गन हाउस के निरिक्षण के समय शस्त्रों के साथ अग्नेयास्त्र / कारतूसों का भौतिक सत्यापन किए जाने का आदेश दी गई है। इसके फलस्वरूप विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के निमित शस्त्र दुकान / प्रतिष्ठान मेसर्स बिहार गन हाउस के शस्त्रों एवं कारतुस का भौतिक सत्यापन दिनांक 25 जून 2025 से 28 जून 2025 तक करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी मधेपुरा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधेपुरा को आदेशित किया गया है। विगत तीन वर्षों का विक्रय आंकड़ा क्रेतावार शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या सहित प्रतिवेदन तैयार की जाएगी। मधेपुरा मेसर्स बिहार गन हाउस के व्यवस्थापक को आदेश दी गई है कि वे भौतिक सत्यापन के समय अपने स्थान पर उपस्थित रहेंगे एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

## पवन शर्मा का जनसंपर्क अभियान तेज, माई बहन मान योजना को लेकर जनता में जागरूकता



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विधानसभा क्षेत्र में युवा राजद के महासचिव पवन शर्मा ह्यपानह्न लगातार जमीन पर सक्रिय हैं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वह गांव-गांव जाकर जनता से संवाद कर रहे हैं और उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जागरूक कर रहे हैं। पवन शर्मा अपने संपर्क अभियान के दौरान राजद तेजस्वी यादव की प्रमुख योजना माई बहन मान योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दे रहे हैं, जिसके जरिए महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सम्मानजनक जीवन देने की बात की जा रही है। इसके साथ ही पवन शर्मा जनता को महागठबंधन की भावी योजनाओं के बारे में भी बता रहे हैं, जिनमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर, हर युवा को नौकरी का अवसर, 1500 रुपये मासिक वृद्धा पेंशन, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली शामिल है। पवन शर्मा ने कहा अगर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मुझ पर भरोसा करता है, तो मैं सहरसा की जनता को जाम, जलजमाव और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से निजात दिलाने का काम करूंगा। हमारी सरकार बनने पर जनता को उनके हक की हर सुविधा मिलेगी। महागठबंधन की सरकार बनने पर जो वादे किए गए हैं उन्हें हर हाल में लागू किया जाएगा। यही असली बदलाव है, यही असली विकास है। पवन शर्मा का यह जनसंपर्क अभियान युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है। उनकी सादगी, स्पष्ट दृष्टिकोण और जनसेवा की भावना उन्हें सहरसा की राजनीति में एक मजबूत विकल्प बना रही है।

## 21 जून को चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी में पंच सरपंच संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में डीजीपी लेंगे भाग : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता



**● पूरे बिहार से 100 सरपंच प्रतिनिधि लेंगे भाग, सरपंच पर हो रहे झूठा मुकदमा हमला हत्या एवं पेंशन के मुद्दे पर होगी गंभीर चर्चा**

खगड़िया। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने बताया कि 21 जून को चाणक्य राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी मीठापुर पटना में 10 बजे दिन से राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सह पंचायती राज न्याय पीठ के सदस्य एवं डीजीपी बिहार तथा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला सहित सभी जिला के अध्यक्ष एवं राज्य कमेटी के पदाधिकारीगण भाग लेंगे। श्री यादव ने बिहार के सभी जिला के अध्यक्ष, महासचिव, प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी से राज्य स्तरीय कार्यशाला में अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया है। श्री यादव ने कहा कि कार्यशाला में सरपंच पर हो रहे झूठा मुकदमा, हमला, हत्या पर रोक लगाने तथा सम्मानजनक पेंशन चालू करने की मांग डीजीपी एवं न्याय पीठ के सदस्य से किया जाएगा। तथा ग्राम कचहरी को बेहतर उत्कृष्ट सफल संचालन हेतु विभिन्न मुद्दे पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव, विधि सलाहकार अजय कुमार, वशिष्ठ निषाद, महेश राय, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव, राकेश रंजन, सनी कुमार, अमित दुबे, रंजीत यादव, गीतांजलि कुमारी, रीता देवी, पप्पू रहमान, मनोज कुमार, विजय सिंह, सरपंच रंजू कुमारी, अनुराधा कुमारी, बंटी देवी, सक्रिय रूप से भाग लेंगे। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आज आए दिन सरपंच पर झूठा मुकदमा हमला एवं हत्या किया जा रहा है। सुरक्षा नाम का कोई व्यवस्था नहीं है। सरपंच को थाना में सम्मान नहीं मिलता है। सभी थाना में नियमित तौर पर मासिक बैठक पुलिस पब्लिक प्रतिनिधि के साथ करने की जरूरत है। उक्त बैठक का आयोजन राज्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर किया जाए। उक्त मुद्दे पर डीजीपी को संज्ञान लेने की जरूरत है। सरपंचों को शांति समिति की बैठक, थाना में जनता दरबार, एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर भागीदारी लेने की जरूरत है तभी न्याय के साथ विकास का उद्देश्य धरातल पर लागू होगा एवं ग्राम पंचायत सुंदर शिक्षित विकसित एवं शांति न्याय परक व्यवस्था के साथ एक नया समाज का निर्माण होगा एवं गांधी जी का सपना साकार होगा।

## नवनिर्मित सड़क व नाला का विधायक डॉ. आलोक रंजन ने किया उद्घाटन




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरनिगम वार्ड नंबर 37 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायक निधि से योजना अरुण मंडल के घर से ओम प्रकाश गुप्ता के घर की ओर जाने वाली पथ में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का सदर विधायक व पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ. आलोक रंजन ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह सड़क जर्जर अवस्था में रहने एवं जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती थी स्थानीय लोगों के द्वारा इस विषय की जानकारी प्राप्त हुई मैंने तुरंत विभाग को अनुशंसा भेजकर सड़क एवं नाला का शीघ्र निर्माण कराने को कहा था आज काफी प्रशन्नता हुई कि यह सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और मोहल्ला के निवासियों को इसका लाभ मिल रहा है लोगों को परेशानियों से निजात मिल चुका है। इसके अलावे मैंने मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत सहरसा नगर के कई महत्वपूर्ण सड़क एवं नाला निर्माण कार्य हेतु अनुशंसा भेजकर योजना की स्वीकृति प्रदान करवाई है जिसमें लगभग एक 20 करोड़ रुपये से कई सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गया है कार्य आवंटन हो चुका है जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा भी कई नई सड़क एवं नाला हेतु अनुशंसा भेजी गई है। जिसका प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, भैरब झा, सिंको सिंहा, संतोष गुप्ता, शक्ति गुप्ता, राजेश गुप्ता, पप्पू गुप्ता , बिट्टू झा, वरुण झा, राकेश कुमार, पवन भगत, गोविंद पाण्डे, अभिनव सिंहा, बबलू पोद्दार, अभिजीत सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, डब्लू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## नगर आयुक्त ने कहा- यह धोखाधड़ी का मामला, अभियंता ने नगर निगम को अंधेरे में रखा

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा नगर निगम सहरसा में एक बड़ा घोटाला सामने निकल कर आया है, जहां निगम के अधिकारियों ने एक ऐसे पूर्व कनीय अभियंता को 90 लाख रुपए का भुगतान कर दिया, जो तीन महीने पहले ही अपने मूल विभाग से विरमित हो चुका था। यह राशि मार्च, अप्रैल और मई 2025 में उसके खाते में हस्तांतरित की गई। जानकारी के अनुसार, कनीय अभियंता प्रवीण कुमार नगर निगम में अनुबंध पर प्रतिनियुक्त थे। वे मूल रूप से स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा में संविदा पर कार्यरत थे। इसी दौरान बिहार व्य तकनीकी सेवा आयोग के तहत पथ निर्माण बर विभाग में उनका चयन हो गया। इसके बाद ।उन्हें 3 मार्च 2025 को ही क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा से विधिवत है। रूप से विरमित कर दिया गया था। आश्चर्यजनक रूप से, नगर निगम कार्यालय ने अनुबंध की सेवा समाप्त होने और प्रवीण कुमार के विरमित होने के क बावजूद विभित्र योजना मदों की राशि उनके खाते में भुगतान करना जारी रखा। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रवीण कुमार ने न तो निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया और न ही निगम ने उन्हें औपचारिक रूप से अपनी सेवा से विरमित किया था। उक्त कनीय अभियंता नगर निगम की विभित्र योजनाओं में अभिकर्ता के रूप में कार्य करते थे। इसके बावजूद, नगर निगम ने उन्हें योजना अभिकर्ता मानते हुए 90 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। यह राशि मिट्टी, सोलिंग, रोड डलाई और नाला निर्माण जैसी योजनाओं के तहत दी गई। ये योजनाएं वार्ड संख्या 34, 8, 9, 43 और 30 में संचालित थीं, जिनके वे अभिकर्ता थे। प्रत्येक योजना की लागत 14.5 लाख थी। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि नगर निगम क्षेत्र स्थित वार्ड 34 में नाला निर्माण के मुद्दे को लेकर पूर्व में काफी विवाद हुआ था। तकनीकी आधार पर इस नाला निर्माण में अनियमितता की चर्चा जोरो पर थी। उस समय जब अखबार ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और नगर निगम प्रशासन से सवाल किया तो बताया गया था कि वार्ड कमिश्नर अपने मन से कार्य कर रहे हैं और यह नगर निगम के निर्देश पर नहीं हो रहा है। उस समय तत्कालीन कनीय अभियंता प्रवीण कुमार ही थे और उन्होंने स्वयं बताया था कि इस कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके, कमीशन के लिए सभी की मिलीभगत से उसे भुगतान कर दिया गया। प्रवीण कुमार ने विरमित होने से पहले अपने मूल विभाग, क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा को पत्र देकर यह सूचित कर दिया था कि उनका चयन पथ निर्माण विभाग में हो गया है। उन्होंने सभी आवश्यक कागजात और मापी पुस्तिका कार्यालय में जमा भी कर दी थी। नगर निगम ने अभिकर्ता मानते हुए प्रवीण को भुगतान जारी रखा, वार्ड 34 में बनाए गया नाला और कल्वर्ट इंजीनियर ने नहीं लिया था नो ड्यूज सर्टिफिकेट :झ्र सुशील कुमार इस पूरे मामले पर जब प्रातः किरण ने नगर आयुक्त सुशील कुमार मिश्रा से सवाल किया, तो उन्होंने इसे धोखाधड़ी का मामला स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम को अंधेरे में रखा गया और प्रवीण कुमार को निगम से भी विरमण के लिए आवेदन देना चाहिए था, साथ ही नो ड्यूज प्रमाणपत्र भी लेना चाहिए था। नगर आयुक्त ने बताया कि इस मामले में संबंधित कर्मी और प्रवीण कुमार दोनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है और उनके विरुद्ध कार्रवाई की। प्रवीण कुमार ने विरमित होने से पहले अपने मूल विभाग, क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा को पत्र देकर यह सूचित कर दिया था कि उनका चयन पथ निर्माण विभाग में हो गया है। उन्होंने सभी आवश्यक कागजात और मापी पुस्तिका कार्यालय में जमा भी कर दी थी। पथ निर्माण विभाग के आदेशानुसार उन्हें पटना सिटी पथ प्रमंडल गुलजारबाग में योगदान देना था। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा के कार्यपालक अभियंता ने 3 मार्च 2025 को उन्हें विरमित भी कर दिया था। इसके बावजूद, नगर निगम ने उन्हें योजना अभिकर्ता मानते हुए भुगतान जारी रखा। वहीं, जब इस संबंध में तत्कालीन कनीय अभियंता प्रवीण कुमार से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने भुगतान के लिए नहीं कहा था और जब नगर निगम ने भुगतान कर दिया, तो इसमें उनका कोई दोष नहीं है।

## सहरसा में हवाई सेवा शुरू होने से शहर का होगा सर्वांगीण विकास : नीरज सिंह बबलू




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार सरकार की कैबिनेट ने मंगलवार को वीरपुर और सहरसा में हवाई अड्डों के विकास को मंजूरी दे दी। यह फैसला उड़ान योजना के तहत लिया गया है। वीरपुर को छोटे हवाई अड्डे यानी रीजनल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। सहरसा में भी हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में काम शुरू होगा। इस परियोजना के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर सहमति बनी है। इस निर्णय पर बिहार सरकार के मंत्री और छातापुर विधायक नीरज कुमार सिंह ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह उनके लगातार प्रयास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिखाया है। मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ हवाई अड्डा नहीं, बल्कि छातापुर और सहरसा के सर्वांगीण विकास का प्रवेश द्वार है। सहरसा शहर में खुशी का माहौल है।

# राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी ने की विन्दुबार चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर ।जिला स्तरीय राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे राजस्व संबंधी कार्यों पर बिंदुवार चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में प्रमंडलीय खेल मैदान की जमीन पर चर्चा करते हुए धरहरा अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 से 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण खेल मैदान के लिए किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन को चिन्हित करें और प्रपोजल भेजें। उन्होंने खेल भवन के लिए भी जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न पंचायतों में बनने वाले पंचायत सरकार भवन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अंचल के अधीन जमीन का चयन कर लिया गया है, वहां निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करें। साथ ही जिन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ है, उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। अल्पसंख्यक कल्याण तथा जिला कल्याण कार्यालय के तहत जिन छात्रावास का निर्माण किया जाना है उसका प्रपोजल सभी अंचलाधिकारी को उपलब्ध कराएं, उसी के आधार पर सभी संबंधित क्षेत्र में स्थल चयन कर आवंटित कराएं तथा निर्माण कार्य शुरू करें। ऑनलाइन दाखिल खारिज की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट के अवलोकन के अनुसार राजस्व कर्मचारियों के पास अधिक आवेदन लंबित हैं, सभी सीओ इसकी जांच करें और यदि कर्मचारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। यदि कोई अयोग्य कर्मचारी हैं तो तत्काल उनके स्थान पर योग्य कर्मचारी को रख कर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक सप्ताह इसका रिव्यु करें और साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अद्यतन रिपोर्ट के साथ ही उपस्थित रहें। इसके अलावे परिमार्जन, ई-मापी के भी सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जितने भी आवेदन प्राप्त होते हैं, उसे तत्काल जांच कर निष्पादित करें। आवेदन को लंबित नहीं रखें। गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन के लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। लगन वसूली कि समीक्षा में उन्होंने कहा कि जितने भी बड़े बकायेदार हैं, उनकी सूची बना कर उन्हें नोटिस करें और लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक लगान की वसूली करें। डीसीएलआर तथा सीओ के न्यायलय में लंबित मामलों पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए उसमें तेजी लाने और अधिक से अधिक निष्पादन की बात कही।

## मुक्ति धाम में अंचल कार्यालय नापी अभिलेख पर रोक लगाने के संबंध में डीएम को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा शहर का एकमात्र शवदाह केन्द्र मुक्ति धाम में जबरन कब्जा रहे लोगों के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने गुरुवार को डीएम को आवेदन देकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में रोहिन दास, बसंत कुमार शर्मा, संतोष शर्मा सहित अन्य नें बताया कि जिला मुक्तिधाम के जमीन को पतरघट अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रभात कुमार द्वारा स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछडों को शवदाह करने से यह कहते हुए रोका जा रहा है कि उन्हाने जमीन खरीद कर ली है। ज्ञात हो उक्त स्थल पर स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछडों द्वारा पीढियों से शव दाह किया जाता रहा है एवं वर्तमान में हिन्द आस्था की प्रतीक माँ काली मंदिर का निर्माण स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जा रहा है जो छत लेवल तक पहुँच गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों के पीढियों से चलती आ रही आस्था एवं भक्ति को नाजायज तरीके से ठेस पहुँचाने का कार्य पतरघट अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रभात कुमार द्वारा किया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में घोर आक्रोश व्याप्त है। चूंकि प्रभात कुमार राजस्व कर्मचारी के रूप में पतरघट में पदस्थापित एवं स्थानीय बटराहा में आवासित है। उन्हें भूमि संबंधी दलाली की अच्छी जानकारी है। जिसका लाभ उठाते हुए उनके द्वारा आम जनमानस के भावनाओं को ठेस पहुँचाने की नीयत से ऐसा किया जा रहा है। इसकी जानकारी स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछड़ों को तब हई जब जमीन मापी संबंधी अभिलेख सं०-273/2024-25, अंचल कार्यालय कहरा से प्रभात कुमार द्वारा निर्गत करवा लिया गया। जिसके अनुसार दिनांक 24 जून को पैमाईश की जानी है। जिससे लोग काफी आक्रोशित हैं। हिन्दू रीति रिवाज में शवदाह एक अतिमहत्वपूर्ण संस्कार है, जिसका शांतिपूर्ण सम्पन्न होना आवश्यक है, ताकि मृत आत्मा को शांति मिल सके। अंचल कार्यालय के अभिलेख सं०-273/2024-25 द्वारा नापी पर रोक लगायी जाय अन्यथा की स्थिति में स्थानीय दलित, महादलित एवं अति पिछड़े लोग उक्त जमीन पर दिनांक 24 जून को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर समझे जायेंगे जिसकी सम्पूर्ण जबावदेही प्रशासन की होगी।

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर खड़गपुर तारापुर के रास्ते नहीं आ पाएंगे श्रद्धालुओं की छोटी-बड़ी वाहन

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर ( मुंगेर )। पिछले 6 महीने से तारापुर खड़गपुर मुख्य सड़क निर्माण के कारण 20 दिन बाद शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर दक्षिण बिहार से जमुई खड़गपुर तारापुर के रास्ते उत्तर वाहिनी गंगा अजगैबीनाथ सुल्तानगंज आने वाले श्रद्धालुओं को इस रास्ते में भारी परेशानी का सामना करना होगा। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों से रुक रुक कर झमाझम बारिश के कारण इस मुख्य सड़क में राजा रानी तालाब से खड़गपुर के बीच बनाए जा रहे तीन नदियों पर तीन बड़ा पुल एवं राजारानी तालाब से तारापुर के बीच फिर तीन नदियों पर तीन बड़ा कूल 6 पुल के समीप संवेदक के द्वारा बनाए गए डायवर्सन हर रोज सड़क दुर्घटना को लेकर मौत का आमंत्रण दे रहा है। आस-पड़ोस के लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि संवेदक के द्वारा डायवर्सन इतना कमजोर बनाया गया है कि पिछले तीन दिनों की बरसात में जो गाड़ियां इस सड़क मार्ग से निकलती है वह भगवान भरोसे छोटी बड़ी वाहनों पर सवारी से भरा जान जोखीम में डालकर 12 किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे हैं। कब और किस समय छोटी या बड़ी वाहन नदी में लुढ़क जाए कहना बड़ा मुश्किल है । आगे बता दें कि तारापुर प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जिला मुख्यालय मुंगेर जाने के लिए यह सड़क प्रमुख रूप से है ।मानसून प्रवेश करने के कारण रिमझिम बारिश को लेकर सड़क निर्माण का कार्य थोड़ी सी धीमी पड़ गई है ।इसके बावजूद भी पूरी तरह से टूटी सड़क में यात्री यात्रा करने से बाज नहीं आ रहे हैं ।

# औरंगाबादः विरासत, वेदना और विकास की पुकार



प्रकाश चंद्रा/ लेखक

बिहार का औरंगाबाद जिला जो केवल बिहार के नक्शे पर सीमित नहीं, बल्कि ऐतिहासिक गरिमा, सांस्कृतिक चेतना और जनसंघर्ष की जीवंत मिसाल है। मगध की विरासत से जुड़ा यह क्षेत्र एक ओर पौराणिक धरोहरों से समृद्ध है, तो दूसरी ओर विकास की दौड़ में पिछड़ने का दंश झेल रहा है। यह विरोधाभास हमें केवल आंकड़ों की कहानी नहीं सुनाता, बल्कि एक ऐसे समाज की पीड़ा और संभावनाओं की झलक भी देता है, जो लगातार बदलाव की ओर देख रहा है। लेकिन इन चुनौतियों के बीच आशा की एक नई किरण भी दिखाई देती है, जो जनता की चेतना, युवाओं की भागीदारी और सांस्कृतिक गौरव की भावना को एक साथ जोड़कर एक समृद्ध एवं विकसित समाज की परिकल्पना को साकार कर सकता है। जहाँ पगडंडियों पर इलाज ढूंढते हैं लोग, वहाँ सपनों को चाहिए सशक्त सहाराः आज जब राज्य और केंद्र सरकारें विकास को अपनी प्राथमिकता बना रही हैं, तब औरंगाबाद जैसे जिलों की वास्तविक तस्वीर को देखना और समझना जरूरी हो जाता है। यहाँ की चुनौतियाँ केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक उपेक्षा, असमान वितरण और योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की खामियों का परिणाम हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो जिला मुख्यालय से दूर के गाँवों में आज भी स्वास्थ्य सेवाएं कच्ची पगडंडियों पर दम तोड़ते दिखती हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवा की आस लिए बुजुर्ग,युवा, महिला एवं बच्चें आज के इस दौर में सरकारी अस्पतलों की सेवा की जगह झोला छाप डॉक्टरों के दरवाजे पर कतार में दिख जाते हैं। प्रसव, टीकाकरण या आपात चिकित्सा की स्थिति में कई ग्रामीणों को समय और संसाधनों के अभाव में अपनों को खोना पड़ता है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर न दवाएँ हैं, न पर्याप्त स्टाफ और न ही कोई ऐसा कोरा कागज जिसपर स्वस्थ समाज की सुन्दर तस्वीर उकेरी जा सके। शिक्षा का हाल इससे अलग नहीं है। कई प्राथमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षक नहीं हैं। बालिकाओं के लिए उच्च विद्यालयों की अनुपस्थिति एक बड़ी चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के इस युग में भी यहाँ के बच्चे इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों से दूर हैं। सामूहिक चेतना, तकनीक और जन-सहभागिता के जरिए समाधानः लेकिन सवाल केवल समस्याओं का नहीं, समाधान की दिशा में उठाए जाने वाले जरूरी कदमों का भी है। औरंगाबाद को बदलने के लिए जरूरत है। स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नीतियों के निर्माण और जन-सहभागिता आधारित मॉडल को अपनाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट, टेलीमेडिसिन की उन्नत सुविधा, आशा और सामुदायिक हेल्थ वर्कर को टेक्नोलॉजी से जोड़ने, और ब्लॉक स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा की व्यवस्था उपलब्ध कराने की सोच एवं प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत है। वहीं,शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल लर्निंग केंद्र, पंचायत स्तरीय पुस्तकालय, बालिकाओं के लिए विशेष शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएँ, और सामुदायिक निगरानी की प्रभावशाली भूमिका से शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ सकती है। संस्कृति जो दे सकती है पहचान और आजीविका, वही आज उपेक्षा की शिकारः इनके साथ, औरंगाबाद की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। यह जिला पर्यटन की दृष्टि से भी विशाल संभावनाएँ समेटे हुए है। सोन नदी के किनारे बसे गाँव, लोक कलाएँ, छठ महापर्व, मंदिरों की श्रृंखला और लोक परंपराएँ यदि सही ढंग से प्रस्तुत की जाएँ तो यह न केवल सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाएंगी बल्कि युवाओं के लिए आजीविका का भी साधन बन सकती हैं। आखिर में, जरूरत इस बात की है कि औरंगाबाद को केवल एक पिछड़ा जिला कह कर छोड़ न दिया जाए, बल्कि इसे एक संभावनाशील प्रयोगभूमि के रूप में देखा जाए, जहाँ सामूहिक चेतना, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और नीति नियोजन मिलकर बदलाव की मिसाल कायम कर सकते हैं। जिले के लोग अगर जागे तो तस्वीर बदल सकती है। इस बदलाव का सूत्रधार लोगों को ही करना होगा। इसके लिए शिक्षित, प्रगतिशील एवं समाज से जुड़े सही जनप्रतिनिधि का चुनाव सबसे प्रमुख है। जब तक चयनित जन-प्रतिनिधि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सड़क एवं पानी जैसे बुनियादी सेवाओं से जुड़े चुनौतियों को नजरंदाज करते रहेंगे तब-तक जिले का भविष्य उस अंधेरे में डूबा रहेगा जहाँ रौशनी की पहुँच संभव नहीं है।

# देश - प्रदेश में एक ही सरकार, विकसित बिहार और समृद्ध बिहार




बिहार प्रदेश और केन्द्र में एन डी ए की सरकार चल रही है । प्रदेश में सुशासन बाबू नीतीश कुमार तो देश में उदीयमान विकास पुरुष, अप्रतिम प्रतिभावान मोदी जी की सरकार निर्वाध गति से कार्यरत है। सामने 2025 का बिहार में विधान सभा का चुनाव दस्तक दे रहा है । भिन्न-भिन्न प्रकार के अटकलें लगाये जा रहे है ,अफवाहें फैलाए जारहे हैं। मगर एनडीए मजबूत गठबंधन के साथ देश और प्रदेश में विकास को गति दे रहा है । विशेष राज्य का दर्जा मिले न मिले उसके सारे सुख सुविधाएं किसी न किसी रूप में बिहार को विकसित राज्य बनाने की तरफ बढ रहा है । जब भी प्रधान सेवक जी का बिहार आगमन होता है ,किसी न किसी रुप में सहयोग की वर्षा करके चले जाते है । अभी फिर बिहार आएऔर 5900/ करोड की लागत से आवास ,शहरी विकास, जल शक्ति,विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण कर गए। इस सभा की अध्यक्षता मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार एवं मुख्य अतिथि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी थे।इन दो विभूतियों के बीच विशिष्ट अतिथि के रुप में माननीय राजपाल, बिहार श्री आरिफ मोहम्मद खां जी उपस्थित रहे । विकास पुरुष और सुशासन बाबू ने बिहार के विकास के निम्न आयामो पर प्रकाश डाला :- शहरी विकास हेतु अमृत योजनाः- अमृत 2.0 अंतर्गत 2183 करोड रुप के जलापूर्ति एवं सीवरेज परि- योजनाओं का शिलान्यास। इन परियोजनाओं के पू होने से आम जनता को स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छ शहर का समर्पण मिलेगा । निर्मल गंगा हेतु नममि गंगेकार्यक्रमः- नामित गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 1825/ करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 800 करोड रुपए से अधिक की नई परियोजनाओं का शिलान्यास। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से गंगा नदी और स्वच्छ होगी । गरीबों के लिए पी एम आवास योजनाः- प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत53000/ करोड से अधिक लाभार्थियों को लगभग 540 करोड रुपए का हस्तांतरण। आवास विहीन शहरी गरीबों को पक्का मकान मिलेगा । ग्रीन ऊर्जा के लिए सौर ऊर्जा भंडारण :- विभिन्न ग्रिड उप -स्टेशन पर 135 करोड रुपए से 500 मेगावाट पावर क्षमता की बैट्री उर्जा। सौर उर्जा भंडारण प्रणाली के विकास होगा । उद्योगों को बढावा देने हेतु रेल इंजन निमार्णः- गिनी गणराज्य को लोकोक्ति फैक्ट्री , मढ़ौरा से पहला ह्य मेक इन इंडिया ह्य लोकोक्ति का निर्यात । तीन यातायात हेतु वंदे भारतः- पाटलिपुत्र और गोरख पुर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरि झंडी ।यात्रियों को तीव्र और आराम दायक यात्रा का लाभ मिलेगा । 2 घंटे से अधिक समय की बचत होगी । इस प्रकार हम पाते है कि 1990 से 2005 और 2005 से अब तक का कार्य स्वंय बोलता है कि किसके सरकार में कितना विकास हुआ। रोड, विद्यालय भवन,चिकित्सालय, बिजली सब से आबाज आती हैकि इनकी सरकार ने रोते बिहार को हँसता बिहार बनाया है। फिर भी अभी विकास की लम्बी दूरी तय करनी है। आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि इस बार 220 से ज्यादा सीट लेकर पुनः नीतीश जी सरकार बनाते है तो मोदी जी के सहयोग से विकास के सारे आयाम पूरे होंगे ।

# पशु-परिंदे ही नहीं - पेड़ भी करते हैं सूर्यग्रहण से पहले संवाद - स्प्रूस पेड़ पर हुआ वैज्ञानिक प्रयोग

**अनुभूति और स्मृति होता है, वह संवाद करता हैं और सामूहिक निर्णय लेता हैं। अब वैज्ञानिक वृक्षों के इस जैविक संवाद को और गहराई से समझने की दिशा में काम कर रहा हैं। भविष्य में यह अध्ययन पारिस्थितिकी की बेहतर समझ में मदद करेगा, वनों के संरक्षण के लिए नई नीतियां गढ़ेगा, और पेड़-पौधों के साथ मानवीय संबंधों को और गहरा करेगा। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवंत माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी आदि को पूजा जाता है। वेदों में कहा गया है - वनस्पतयः सोमराजानः वृक्षों में देवता का वास है। यह अध्ययन आधुनिक विज्ञान को उस प्राचीन ज्ञान के करीब लाता है, जिसमें वृक्षों को चेतन प्राणी माना गया है।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा,**
लेखक

अब तक यह माना जाता था कि ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं पर केवल जानवर, परिंदे या मनुष्य ही प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन हालिया शोध ने इस धारणा को पूरी तरह से बदल दिया है। अब वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि वृक्ष- खासकर स्प्रूस (२स्त्र१४ूी) जैसे पुराने वृक्ष, न केवल सूर्यग्रहण के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं, बल्कि उसके कई घंटे पहले ही उसका पूर्वानुमान भी लगा लेता हैं। यह वृक्ष अपने जैव-विद्युत संकेतों से जंगल के अन्य पेड़ों को भी सचेत करता है। यह अध्ययन इटली के प्रसिद्ध पर्वतीय क्षेत्र डोलोमाइट्स में स्थित एक पुराने जंगल में किया गया। वैज्ञानिकों ने वहां मौजूद स्प्रूस पेड़ों पर विशेष सेंसर लगाए और उनकी जैव-विद्युत गतिविधियों को कई दिनों तक रिकॉर्ड किया। रॉयल सोसायटी ओपन साइंस पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में यह पाया गया कि ग्रहण से कुछ घंटे पहले ही इन वृक्षों में समन्वित विद्युत संकेत उत्पन्न होने लगे थे। वृक्षों में भी विद्युत संकेत होते हैं, जैसे मानव मस्तिष्क या हृदय में होते हैं। इन संकेतों को बायोइलेक्ट्रिक सिग्नल्स कहा जाता है। यह सिग्नल पेड़ों की जड़ों, तनों और पत्तियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान करता है। सूर्यग्रहण जैसी घटनाओं से पहले, वातावरण में अचानक होने वाले परिवर्तन (जैसे तापमान में गिरावट, प्रकाश का कम होना, हवा की नमी में परिवर्तन) इन संकेतों को उत्तेजित करता हैं। अध्ययन में पाया गया है कि वृक्षों की जैव-विद्युत गतिविधि ग्रहण के 3 से 4 घंटे पहले ही बदलने लगी थी। विद्युत संकेतों में आई यह गति पूरे जंगल में एक साथ फैल गई थी। पुराने पेड़ इस परिवर्तन को पहले पहचानता हैं और युवा पेड़ों को सतर्क करता है। इस अध्ययन की सबसे चौंकाने वाली खोज यह है कि पेड़ संवाद करता हैं। यह संवाद पूरी तरह विद्युत संकेतों और रासायनिक संप्रेषण पर आधारित होता है। प्रोफेसर मोनिका गागलियानो, जो इस अध्ययन की प्रमुख लेखिका हैं, कहती हैं कि ह्लपेड़ों की प्रतिक्रियाएं केवल जैविक नहीं, बल्कि संप्रेषणीय भी हैं। वह एक नेटवर्क की तरह कार्य करता हैं, जैसे एक जीवित इंटरनेट।ह्व यह हङ्ग्ङ्ग ह्वीं ह्यु की अवधारणा को और भी बल देता है, जिसके अनुसार पेड़ भूमिगत कवक-जाल (ढ़ङ्ग१ङ्१९' ल्ली३६ङ्ग१'२) के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ा होता हैं और संदेशों का आदान-प्रदान करता हैं। अध्ययन में यह बात भी सामने आई है कि पुराने पेड़ सूर्यग्रहण के संकेतों को बेहतर ढंग से पहचानता हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि वृक्षों के पास दशकों की ह्यपर्यावरणीय स्मृतिह्व होती है। पुराने वृक्ष पहले संकेतों को ग्रहण करता हैं, फिर जैव-विद्युत तरंगों के माध्यम से संकेतों को प्रसारित करता है, युवा वृक्षों को संभावित पर्यावरणीय परिवर्तन के लिए तैयार करता हैं। यह एक पारिस्थितिक चेतना का प्रमाण है, जो कि जीव-जंतुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वनस्पतियों में भी विद्यमान है। सूर्यग्रहण के समय जंगल में वातावरण एकदम बदल जाता है। अचानक अंधकार छा जाता है, तापमान गिरता है, पक्षी चुप हो जाते हैं, जानवर अपने स्थानों में लौट जाते हैं। इसी दौरान पेड़ों में भी एक असामान्य विद्युतीय गतिविधि पाई गई है। वह अपनी जैव-विद्युत ऊर्जा को समेटने लगता हैं, जैसे किसी गहरी ध्यान अवस्था में जा रहे हो। वैज्ञानिकों ने बताया कि ग्रहण के समय वृक्षों की विद्युत गतिविधि चरम पर होता है।

यह व्यवहार सभी पेड़ों में एक साथ होता है, जो किसी समन्वित चेतना का प्रमाण है। वैज्ञानिकों ने पेड़ों पर जो सेंसर लगाए थे, वे ूङ्गी ी३१ङ्गी शील्ल२ङ्ग१२ थे। ये सेंसर पेड़ों के तनों में लगे होते हैं और प्रत्येक सेकंड उनके भीतर की विद्युत गतिविधियों को रिकॉर्ड करता हैं। इसके साथ ही मौसम से संबंधित डेटा (तापमान, आर्द्रता, प्रकाश की मात्रा) भी रिकॉर्ड किया गया। सेंसर से प्राप्त डेटा को कंप्यूटर में ीिप्ल्लिॅ करके सिग्नल एनालिसिस सॉफ्टवेयर से विश्लेषण किया गया। परिणाम चौंकाने वाला था। वैज्ञानिकों ने साफ तौर पर देखा कि ग्रहण के समय विद्युत सिग्नलों की आवृत्ति और तीव्रता दोनों ही अचानक बढ़ जाता है। जैसे मनुष्य आवाज से, परिंदे ध्वनि से, और कीड़े-फरमोन से संवाद करते हैं, वैसे ही वृक्ष जैव-विद्युत संकेतों का उपयोग करता हैं। यह संकेत उनके भीतर की कोशिकाओं में ह्यएक्शन पोटेंशियलह्व के रूप में उत्पन्न होता हैं। जब कोई बाहरी घटना होती है, जैसे तेज हवा चलना, तापमान का अचानक गिरना, सूर्यग्रहण जैसे खगोलीय परिवर्तन होना। तो यह पेड़ विद्युत संकेतों के रूप में प्रतिक्रिया करता है। यह संकेत बहुत तेजी से अन्य पेड़ों तक पहुंचता है और पूरा जंगल एक जैविक नेटवर्क की तरह समन्वित प्रतिक्रिया देता है। यह अध्ययन सिर्फ एक विज्ञान प्रयोग नहीं है, बल्कि यह वनस्पति विज्ञान की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देता है। यह संकेत करता है कि पेड़ चेतन होता हैं, उनमें अनुभूति और स्मृति होता है, वह संवाद करता हैं और सामूहिक निर्णय लेता हैं। अब वैज्ञानिक वृक्षों के इस जैविक संवाद को और गहराई से समझने की दिशा में काम कर रहा हैं। भविष्य में यह अध्ययन पारिस्थितिकी की बेहतर समझ में मदद करेगा, वनों के संरक्षण के लिए नई नीतियां गढ़ेगा, और पेड़-पौधों के साथ मानवीय संबंधों को और गहरा करेगा। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवंत माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी आदि को पूजा जाता है। वेदों में कहा गया है - वनस्पतयः सोमराजानः वृक्षों में देवता का वास है। यह अध्ययन आधुनिक विज्ञान को उस प्राचीन ज्ञान के करीब लाता है, जिसमें वृक्षों को चेतन प्राणी माना गया है। अब विज्ञान भी मानने लगा है कि पेड़ केवल लकड़ी का ढांचा नहीं है, बल्कि अनुभूतिपूर्ण, संवादशील प्राणी हैं। पेड़ हमारी पृथ्वी के मौन प्रहरी है। वह न बोलता हैं, न चलता हैं, परंतु उनकी संवेदनशीलता और सामूहिकता हमें सिखाता है कि किस तरह प्रकृति का हर घटक एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। सूर्यग्रहण जैसी घटनाएं सिर्फ आकाशीय तमाशा नहीं हैं, वह हमें यह याद दिलाने का माध्यम हैं कि हर जीवन रूप, चाहे वह पक्षी हो, जानवर हो या वृक्ष, प्रकृति की लयबद्ध धड़कन में भागीदार है। इस अध्ययन ने यह सिद्ध कर दिया है कि पेड़ भी प्रतिक्रिया देता हैं, चेतावनी देता हैं, और शायद हमें भी चेतावनी दे रहा हैं कि अगर हम इस मौन भाषा को न समझे, तो प्रकृति से जुड़ाव खो देंगे। स्प्रूस पेड़ों की यह मौन चेतना हमें यह बताता है कि विज्ञान की सीमाएं अब उन क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं, जिन्हें कभी मिथक या कल्पना माना जाता था। यह न केवल विज्ञान की उपलब्धि है, बल्कि मनुष्य के लिए आत्मचिंतन का भी अवसर है कि क्या हम भी उस संवाद का हिस्सा बन पाएंगे जो हजारों साल से हमारे चारों ओर मौन रूप में चल रहा है?

# डिजिटल तनाव से मुक्ति में योग की भूमिका

**कार्यस्थल पर भी योग मानसिक स्पष्टता और टीम भावना को प्रोत्साहित करता है। कई वैश्विक कंपनियाँ ने योग और माइंडफुलनेस को कार्य संस्कृति में सम्मिलित किया है। इससे कर्मचारियों की उत्पादकता, मानसिक स्वास्थ्य और संबंधों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। योग कोई धर्म, मत या पंथ नहीं, बल्कि यह मनुष्य को उसकी वास्तविक प्रकृति की ओर ले जाने वाला मार्ग है। यह शरीर को सजग, मन को शांत और आत्मा को प्रकाशित करता है। यह वह सेतु है जो शरीर को मन से, मन को आत्मा से और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। डिजिटल युग में, जब मनुष्य अपने अस्तित्व को स्क्रीन की रोशनी में खो देता है, तब योग ही वह प्रकाश है जो उसे भीतर की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। यही उसकी मुक्ति है, यही उसकी गति है और यही उसकी सच्ची उन्नति है।**





**निरंजन कुमार**
लेखक

डिजिटल युग की दौड़ में मनुष्य ने गति तो प्राप्त की परन्तु गहराई को खो दिया। हर पल सूचना से घिरा यह मानव जब अपने ही विचारों की भीड़ में खो जाता है, तब उसे स्वयं की तलाश होती है। वह मोबाइल की स्क्रीन पर अंगुली तो चलाता है, पर हृदय में शांति की अनुभूति नहीं कर पाता। तकनीकी विकास ने हमारे जीवन को सुविधाजनक तो बना दिया, लेकिन इस सुविधा के पीछे छिपा तनाव आज एक वैश्विक बीमारी का रूप ले चुका है। स्क्रीन के नीले प्रकाश में आंखें तो थकती हैं ही, साथ ही मस्तिष्क भी निरंतर सूचनाओं के दबाव में जर्जर होने लगता है। डिजिटल तनाव एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति सामाजिक होते हुए भी स्वयं से दूर हो जाता है। उसके पास समय की कमी नहीं होती, पर स्वयं के लिए एक क्षण भी नहीं होता। इसी गहन संकट की घड़ी में योग ही वह आलोक है, जो मनुष्य को बाहरी कोलाहल से निकालकर आंतरिक मौन की ओर ले जाता है। योग, केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन की एक प्रक्रिया है। संस्कृत में ह्ययोगह्व शब्द ह्ययुजह्व धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है जोड़ना। यह जोड़ आत्मा का परमात्मा से, मन का विवेक से, और श्वास का चेतना से है। पतंजलि के योगसूत्रों में कहा गया है ह्लयोगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।ह्व जब चित्त की सारी चंचलताएँ समाप्त हो जाती हैं, तभी योग की सच्ची अनुभूति होती है। योग का यह अर्थ है, अपने मूल स्वरूप में स्थिर हो जाना। यह स्थिरता ही आज के विखंडित मानसिक संसार को एक नया आयाम देती है। डिजिटल तनाव का स्वरूप बहुआयामी है। यह केवल सूचना की अधिकता से उत्पन्न नहीं होता, बल्कि उसमें निहित तुलना, प्रतिस्पर्धा, आकांक्षाएं और आभासी पहचान भी इसे जन्म देती हैं। सोशल मीडिया पर तुलना की प्रवृत्ति व्यक्ति को निरंतर आत्महीनता की ओर ढकेलती है। ह्यफोमोह्व अर्थात ह्यफियर ऑफ मिसिंग आउटह्व एक ऐसा मनोविकार बन चुका है, जिसमें व्यक्ति स्वयं की खुशी के बजाय दूसरों की उपस्थिति में अपनी अप्रासंगिकता को अनुभव करता है। यह स्थिति उसे धीरे-धीरे अवसाद और चिंता की ओर ले जाती है। वैज्ञानिक शोधों ने यह प्रमाणित किया है कि डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक प्रयोग अनिद्रा, सिरदर्द, एकाग्रता की कमी और सामाजिक अलगाव जैसे लक्षणों को जन्म देता है। ऐसे में योग एक ऐसा विज्ञान बनकर सामने आता है, जो न केवल शरीर को सुदृढ़ करता है, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। आसन शरीर की मांसपेशियों को शक्ति प्रदान करते हैं, प्राणायाम श्वास को नियंत्रित कर मस्तिष्क को शांति प्रदान करता है, ध्यान मन को वर्तमान में स्थिर करता है, और योगनिद्रा मानसिक विश्राम की चरम अवस्था है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि योग तनाव हार्मोन ह्यकोर्टिसोलह्व को कम करता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है, और तंत्रिका तंत्र को सुदृढ़ करता है। योग का उल्लेख केवल आधुनिक विज्ञान में ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा में भी अत्यंत प्राचीन काल से होता आया है। ऋग्वेद में कहा गया है ह्लऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।ह्व यह तप, ध्यान और संयम का ही रूप है, जिसे योग के माध्यम से साधा जाता है। उपनिषदों में योग को आत्मा की यात्रा बताया गया है, जिसमें इन्द्रियों का संयम, मन की स्थिरता और ब्रह्म के साथ एकत्व प्रमुख है। छान्दोग्य उपनिषद में उल्लिखित तत्त्वमसि तू ही वह ब्रह्म है यह अनुभूति योग साधना के द्वारा ही संभव है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण योग को जीवन का मूल मानते हुए अर्जुन को उपदेश देते हैं योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय । सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते। अर्थात कर्म में संलग्न रहो, परन्तु फल की आसक्ति को त्याग कर। यह समत्व की स्थिति ही योग है। यह उपदेश केवल युद्धभूमि में नहीं, बल्कि आज के मानसिक युद्धक्षेत्र में भी प्रासंगिक है, जहाँ व्यक्ति अपने ही विचारों से संघर्षरत है। रामायण में जब लक्ष्मण ने सीता हरण के पश्चात श्रीराम को दुख में डूबे देखा, तब उन्होंने कहा धैर्यं सर्वत्र साधनम्। यह धैर्य, यह आत्मविनियमन ही योग का स्वरूप है। वाल्मीकि रामायण में योगवशिष्ठ संवाद में योग की परिभाषा गहराई से की गई है, जहाँ मन को संसार से हटाकर आत्मा में स्थिर करने को योग कहा गया है। महाभारत में भी भीष्म पितामह योगबल से ही गंगापुत्र का देहत्याग करते हैं। उन्होंने कहा मनःप्रशमनोपायो योग इत्यभिधीयते।ह्व अर्थात मन को शांत करने का उपाय ही योग है। यदि हम आधुनिक विज्ञान की भाषा में बात करें तो न्यूरोसाइंस यह सिद्ध कर चुका है कि योग और ध्यान से मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टी बढ़ती है, जिससे तनाव सहन करने की क्षमता, एकाग्रता और निर्णय क्षमता में सुधार होता है। एमिग्डाला, जो भय और तनाव का केंद्र है, उसका आकार ध्यान के अभ्यास से कम होने लगता है। साथ ही हिप्पोकैम्पस, जो स्मृति और सीखने से जुड़ा है, उसमें सक्रियता बढ़ती है। आज की जीवनशैली में, जहाँ मल्टीटास्किंग को दक्षता का प्रतीक माना जाता है, योग सिखाता है कि एक क्षण में एक कार्य पूरी एकाग्रता से करना ही सच्ची कुशलता है। ध्यान के माध्यम से भावनात्मक संतुलन, निर्णय क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यह केवल ध्यान नहीं, बल्कि स्वयं से जुड़ने का माध्यम है। कबीरदास जी कहते हैं ह्लमन के हारे हार है, मन के जीते जीत।ह्व यही भाव योग में भी प्रतिध्वनित होता है। जब व्यक्ति अपने ही मन को जीत लेता है, तभी वह बाह्य संसार में सच्ची स्वतंत्रता और सफलता का अनुभव करता है। बच्चों और युवाओं के लिए योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि ध्यान, प्राणायाम और योगासन उन्हें एकाग्रता, धैर्य और अनुशासन भी प्रदान करते हैं। डिजिटल यंत्रों से जुड़ी बेचैनी और चिड़चिड़ेपन से निपटने में योग एक सहज और प्रभावी समाधान है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह आत्म-संवाद और जीवंतता का माध्यम बन सकता है।

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ानः तरक्की की नई परिभाषा

सावित्री ठाकुर

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरूआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में ह्यडिजिटल इंडिया मिशनह्व जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं। पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन ह्यडिजिटल इंडियाह्व मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53% से ज्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो खअट ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहाँ करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ऊइळ) के जरिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है। डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। रहअ अट और उऋङरलअ जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें। डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाजार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और ॠीट (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है। स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका ढडरलअठ ट्रैकर, फङ्घ पोर्टल और रंल्ल्ॉीप्ल्ल जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने एफ्रर-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# टीबी के लक्षणों को छुपाने से नहीं जाँच कराने से होगा ईलाज: सीडीओ

● समय पर दवा नहीं लेने से होता है एमडीआर

## 2 हफ्ते से ज्यादा बलगम वाली खांसी हो तो सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में कराए जाँच

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के संदिग्ध मरीजों की निःशुल्क जाँच की जा रही है ताकि टीबी के मरीजों की जाँच कर पहचान हो सकें एवं उनका समुचित ईलाज करते हुए टीबी मुक्त बनाया जा सकें। इस सम्बन्ध में जिले के सीडीओ डॉ रमेश चंद्रा ने बताया की टीबी के लक्षणों को छुपाने से नहीं जांच कराने से ईलाज होगा, क्योंकि प्रायः देखा जाता है की लोग टीबी संक्रमित होने के बाद भी सरकारी अस्पताल में जांच व ईलाज कराने में संकोच करते है, इससे उनके साथ घर परिवार के लोगों को भी टीबी संक्रमण अपने चपेट में ले लेता है। इससे बचने के लिए जनसमुदाय को जागरूक किया जा रहा है की आसपास कहीं भी पुरानी खांसी, बुखार के मरीजों को देखे तो उनको नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया की हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों पर भी स्वास्थ्य मेला के आयोजन के दौरान लोगों को जागरूक किया जाता है। टीबी के लक्षण व इलाज के बारे में लोगों को करें जागरूकः सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर सीएचओ, आशा, नर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मी लोगों को टीबी के लक्षण व इलाज के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षणों की सही समय पर जांच जरूरी है। कभी-कभी टीबी के चार लक्षण मिलते हैं। जैसे कफ, बुखार, वजन घटना, रात में पसीने आना। इन सभी लक्षणों के होने पर सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच की जाती है। टीबी शरीर के कई हिस्सों में हो सकता है। जैसे छाती, फेफड़ों, गर्दन, पेट आदि। टीबी का सही समय पर जांच होना बहुत ही आवश्यक होता है। तभी हम इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। टीबी मरीजों को मिलता है निक्षय पोषण योजना का लाभः जिला यक्ष्मा कार्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चेतन जयसवाल ने बताया कि टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने 2025 तक लक्ष्य तय किया है। इस बीमारी को सार्थक ढंग से रोकने के लिए सरकार ने निक्षय पोषण योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत सभी टीबी मरीजों को इलाज के दौरान 1000 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है, ताकि पोषण आहार का सेवन कर टीबी मरीज जल्द स्वस्थ हो सकें।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 132 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 132 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी, रोचना माद्री, स्थापना उप समाहर्ता अहमद अली, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेंड़ से बाइक टकरायी सवार जख्मी

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के चकदेह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट बुधवार की संध्या एक बाइक सवार अनियत्रित होकर पेंड़ से टकरा गया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और जख्मी हो गया. आसपास के लोगों ने उसे उठाकर एक दरावाजे पर रखे चौकी पर सुलाया तथा 112 नंबर पर डायल कर स्थानीय पुलिस को सूचना दिया. पुलिस ने उस जख्मी को पीएचसी, लहलादपुर लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है. जख्मी सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मौजेगांव निवासी अजीत ओझा बताया जाता है. समाचार प्रेषण तक इस संबंध में प्राथमिकी होने की सूचना नहीं थी.

### बारिश को ले शुक्रवार की शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई स्थगित

छपरा। दो दिनों तक बारिश होने के कारण जयप्रकाश विश्वविद्यालय में चल रहे गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शुक्रवार को स्थगित कर दिया गया। अत्यधिक बारिश होने के कारण जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रांगण में पानी जमा हो गया था। पुनः शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी वरीय जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी सरन द्वारा दी गई।

### जांबाज पहलवान का बैटरी टेस्ट के साथ होगा चयन, सात जिलों के पहलवानों का होगा संगम : हरेंद्र सिंह मेयर

सहरसा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत एकलव्य आवासीय योजना अन्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल अंडर 12 से 14 आयु वर्ग के बीच बालक/बालिका कुश्ती खेल का खेल भवन सहरसा में 22 जून को सुबह 9 बजे से किया जायेगा। जिसमें सात जिलों का पहलवानों का संगम होगा। जिसमें सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया एवं किशनगंज के सभी जांबाज पहलवान का बैटरी टेस्ट के साथ ट्रायल करके अधिक अंक प्राप्त करने वाले को चयनित किया जायेगा। ऐतिहासिक महाकुंभ का नजारा सहरसा जिला में पहली बार किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी एवं संघ पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।इस खेल में तकनीकी पदाधिकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कोच अजय कुमार यादव, राम प्यारे यादव, यशवंत सिंह, उदय तिवारी, रामपूजन साहनी, रिपुंजय यादव सभी पहलवानों को बैट्री टेस्ट ट्राय कुश्ती कराने के पश्चात अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु 30 बालक पहलवान व 30 बालिका पहलवानों को चयनित कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण सूची को भेजा जायेगा।

### राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने की चंदन बागची ने किया निंदा

सहरसा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह पूर्व एनडीए विधानसभा प्रत्याशी चंदन बागची ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा की सड़क से सदन तक जनहित में हमेशा संघर्ष करने वाले एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से लड़ने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री भारत सरकार सह राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने की करी निंदा करते हुए कहा कि जान से मारने की धमकी देने से उपेन्द्र कुशवाहा के जनहित और सामाजिक न्याय के बढ़ रहे रथ को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री से माँग करते हुए कहा कि इस घटना की शीघ्र जांच अपने स्तर से करते हुए पर्दे के पीछे से रच रहे कुचक्र वालों का पदार्फाश करने का कृपा करें। और पदार्फाश होने पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता ऐसे तत्वों से हिसाब चुकता जरूर करेगा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का कार्यकर्ता लोकतंत्र में विश्वास करता है इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से ही इसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग उपेंद्र कुशवाहा के सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करना चाहता है लेकिन ऐसी धमकी से ना उपेंद्र कुशवाहा जी डरने वाले हैं ना उनके कार्यकर्ता डरने वाले है ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

## रोमांच से भरपूर है जंगल सफारी : सैलानी



बगहा। वीटीआर भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र जंगल सफारी इनदिनों सैलानियों को खूब भा रहा है। सफारी के दौरान पर्यटकों को कभी भालू,कभी बाघ,गौर जंगली खूंखार भैंसा तो कभी तेन्दुओ के दर्शन हो रहे हैं।सिवान और मुजफ्फरपुर से वीटीआर की सैर पर आए पर्यटक स्वराज कुमार और अमित कुमार ने जंगल सफारी के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जंगल में स्वतंत्र रूप से घूमते हुए भालू,बाघ और तेंदुए को करीब से देखना और उस पल को कैमरे में कैद करना अपने आप मे अविस्मरणीय व रोमांचकारी अनुभव है। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि मानसून के सक्रियता पर जंगल सफारी का दौर अपने अंतिम चरण में चल रहा है। इसलिए पर्यटकों का वीटीआर परिक्षेत्रों में आगवन पूरे शबाब पर है।

# नेता प्रतिपक्ष के आवास के पास गोली चलना कोई गहरी साजिश तो नहीं: रोहिणी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा,कार्यालय। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास के बाहर गोली चलने की घटना को लेकर राजद नेत्री सह सारण लोकसभा से पूर्व प्रत्यासी डॉ रोहिणी आचार्य ने सूबे के नीतीश सरकार पर बड़ा हमला बोली है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने डॉ रोहिणी आचार्य के हवाले से बयान जारी कर कहा कि इस गोली कांड की घटना से किसी बड़े साजिश की अंदेशा लगती है। डॉ रोहिणी ने अपने हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि पूर्ण रूप से अचेता अवस्था में है नीतीश कुमार की सरकार। सुरक्षा के दृष्टिकोण से राजधानी के सबसे संवेदनशील व महत्वपूर्ण इलाके में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आधिकारिक आवास के बाहर गोली चलने की घटना से ही बिहार की बदहाल बनाई जा चुकी कानून व्यवस्था की स्थिति उजगार होती है। बिहार में अपराधियों का तांडव सरकार के सिर चढ़ कर बोल रहा है, और सीएम नीतीश कुमार के साथ साथ पूरी सरकार कोमा में है, ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व ही नेता प्रतिपक्ष के काफिले में एक ट्रक के घुस जाने के कारण तीन पुलिसकर्मियों सहित चालक पूरी तरह जख्मी हो गए थे। डॉ रोहिणी आचार्य ने पीएम नरेंद्र मोदी के सारण प्रमंडल के सिवान में जनसभा करने पर तंज कसते हुए कहा है कि विगत बीस वर्षों से बिहार में एवं ग्यारह साल से केंद्र में शासन करने वाली एनडीए सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दी, इनके शासन काल में मढ़ौरा चीनी मिल नही खुला नाही बिहार से पलायन रुकी नहीं कोई उद्योग लगे और नाही बेहतर पढाई, दवाई और कमाई की कोई कारगर उपाय की गई। जब जब चुनाव आते हैं पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कुनबे बिहार आकर लालू जी के पंद्रह वर्षों के शासन को कोसते हुए गाली देकर चले जाना ही इन भाजपाइयों के फितरत में है, जिसे बिहार की जनता भलीभांति जान चुकी है अबकी बार इनके झांसे और जुमले में फंसने वाली नहीं है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के 91 लाभार्थी को कराया गया गृह प्रवेश : नगर आयुक्त

## उप महापौर रागिनी कुमारी भी रही कार्यक्रम में मौजूद, चाभी मिलते हीं लाभुकों के खिले चेहरे




छपरा। प्रधानमंत्री आवास योजना ह्लशहरीह्व के तहत छपरा नगर निगम में उप महापौर रागनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा 91 लाभुको का चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम सिवान में है। प्रधानमंत्री आवास योजना ह्लशहरी ह्व के तहत प्रधानमंत्री द्वारा सिवान से कुल 6684 लाभुकों को गृह प्रवेश सांकेतिक रूप से चाभी देकर कराया गया कनगर निगम छपरा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 91 लाभुकों को उप महापौर रागनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया कइस कार्यक्रम में वार्ड 2 से चयनित लाभुक रिंकी देवी एवं सीता देवी, वार्ड 35 से रेखा देवी, वार्ड 41 से कमल राय एवं अनीता देवी को सांकेतिक रूप से चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया कइन लाभुकों को कुल 2 लाख रुपया चार किस्तों मे हस्तातंरित किया गया है कलाभुक द्वारा प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिनके कारण इनके सपनो का घर बन पाया ककार्यक्रम मे उप महापौर रागनी कुमारी, नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय,उप नगर आयुक्त सुनील कुमार, नगर प्रबंधक वेद प्रकाश वर्णवाल, नगर मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, अर्चना सिंह, आवास के अभियंता शुभम, अंजन कुमार, सुनील कुमार, नसीम आरिफ, स्वयं सहायता समूह की महिलाये, सी. आर. पी. छोटी देवी, अनामिका कुमारी, रानी गुप्ता,मीणा देवी, सुशीला देवी, निशा सिंह, सीमा, सुषमा, मीरा देवी, स्वेता देवी, पिंकी देवी, बिमला देवी, स्वछता साथी दीपमाला कुमारी, वर्षा कुमारी, पूजा कुमारी, सुधीर कुमार, एवं नगर निगम के कर्मी उपस्थित थे

# कालाजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का होगा उन्मुखीकरण

● जिले के सभी प्रखंडों के इनफार्मर को किया जायेगा प्रशिक्षित

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब कालजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का क्षमतावर्धन किया जायेगा। की-इनफार्मर झ्र यानी आशा कार्यकर्ता, ग्रामीण चिकित्सक, स्थानीय दवा दुकानदार, पूर्व मरीज और पंचायत प्रतिनिधि झ्र वे प्रमुख लोग हैं जो समुदाय स्तर पर कालाजार के लक्षणों की पहचान कर शुरूआती चरण में ही स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं। इन्हें सशक्त बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में की-इनफार्मर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा माइक्रो-प्लान तैयार किया गया है। कालाजार मरीजों की पहचान कर ससमय इलाज कराना आवश्यकः इसको लेकर जिला वीबीडीसी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त कालाजार उन्मूलन को आगे भी उसी स्तर पर बनाएं रखने के लिए कालाजार के छिपे हुए मरीजों को जल्द से जल्द पहचान कर ससमय इलाज करवाना काफी महत्वपूर्ण है। जिससे संक्रमण को रोका जा सके। इसके लिए की-इनफार्मरों की उन्मुखीकरण काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कालाजार को जड़ से मिटाने के लिए जरूरी है कि हम उसके प्रत्येक संदिग्ध लक्षण की समय पर पहचान करें और प्रभावी उपचार को प्राथमिकता दें। समुदाय आधारित निगरानी को मिलेगी मजबूती इस पहल से समुदाय आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर सक्रिय की-इनफार्मर ग्रामीणों को बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे और संभावित मामलों को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाने का काम करेंगे। इससे न केवल कालाजार के मामलों में कमी आएगी बल्कि बीमारी के पुनः प्रकोप की संभावना भी न्यूनतम होगी। आम नागरिकों से अपील की है कि वे बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। इसके साथ ही की-इनफार्मरों के कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि सारण जिला कालाजार मुक्त बन सके। चार प्रखंडों में पिरामल को मिली जिम्मेदारीः जिले के चार प्रखंडों में की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी पिरामल फाउंडेशन को दी गयी है। जहां पर पिरामल के प्रतिनिधि तकनीक सहयोग कर की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करेंगे।

# शिक्षकों को सात सूत्री मांगो को लेकर 21 जून की तैयारी बैठक



बनियापुर । बनियापुर प्रखंड के पैगम्बरपुर पोखरा पर शनिवार बीस जून जो शिक्षकों के सात सूत्री मांगो को लेकर नगरपालिका चौक पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है उसकी सफलता के लिए एक बैठक किया गया है, जहा संघ के नेताओं ने बनियापुर के सभी कोटी के शिक्षकों से आह्वान किया कि सुबह आठ से ग्यारह बजे के इस धरना कार्य मे सभी शिक्षक पहुंच अपनी मांगो के समर्थन मे धरना कार्यक्रम को सफल बनाना है जहा भारी संख्या मे शिक्षक शामिल हुए,शिक्षक नेताओं ने बताया कि सरकार जिस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र मे विकास कर रही है,गुणवतपूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है उसी प्रकार शिक्षकों की समस्याओ के प्रति सजग रहना चाहिए शिक्षक को वेतन का ससमय नही मिलना,सेवा निरंतरता, वेतन निर्धारण, पोस्टिंग,वेतन विसंगति सहित कई अन्य समस्याओ से जूझ रहे है ,सरकार को अविलम्ब निर्णय लेना होगा।शनिवार को जिले पर सभी कोटी के भारी संख्या मे शिक्षकों के शामिल होने की संभावना है।

# योगा दिवस के पूर्व संध्या भारत स्काउट और गाइड ने निकाली जागरुकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता



छपराः बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना द्वारा छपरा शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में आयोजित राज्य स्तरीय योगा उत्सव के तीसरे दिन योगा दिवस के पूर्व संध्या पूरे शहर में योगा पे जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे बिहार के सभी जिले से आए हुए तमाम स्काउट और गाइड के द्वारा नारे लगाए गए।लगभग 550 के संख्या में भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवको के द्वारा राहगीरों को जागरूक किया गया।जागरूकता रैली सीपीएस से निकलकर राजेन्द्र सरोवर होते हुए दरोगा राय चौक,थाना चौक, डाकबंग्ला चौराहा,नगरपालिका चौक होते हुए सीपीएस आके सम्पन्न हुआ। जागरूकता रैली को शिविर स्थल सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा से राज्य सचिव बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना श्रीनीवास कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा के रवाना किया गया।मौके पे जिला संगठन आयुक्त स्काउट सारण अमन राज,गाइड रीतिका सिंह सहित विभिन्न जिले से आए हुए स्काउट और गाइड, स्काउटर गाइडर महजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रहना है निरोग तो करें योग: डॉ अनिल कुमार



छपरा कार्यालय। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व छपरा के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं संजीवनी नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा, जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। पहला सुख झ्र निरोगी काया। डॉ. अनिल ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक क्रिया नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। उन्होंने कहा, ह्लयोग को केवल दिखावे या फोटो खिंचवाने के लिए न करें, बल्कि अपने जीवन को स्वस्थ्य, सुखी और सफल बनाने के लिए इसे अपनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्ति चाहे कितना भी धनी क्यों न हो, यदि उसका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है, तो वह जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित रहता है। स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है। जब शरीर स्वस्थ रहता है, तभी मन प्रसन्न रहता है और व्यक्ति समाज व परिवार के लिए उपयोगी सिद्ध होता है,उन्होंने कहा। डॉ. अनिल कुमार ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नशा, तनाव व बीमारियों से दूर रहें। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि योग को अपनाकर एक स्वस्थ भारत का निर्माण करें।

# एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के तहत दर्जनों फलदार वृक्ष लगाकर वृक्षारोपन किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर प्रखण्ड के मिडिल स्कूल खोरी पाकर गोविंद के प्रांगण में एक पेड़ एक जिन्दंगी के तत्वधान में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया।लखनऊ हाई कोर्ट के अधिवक्ता सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों फलदार वृक्ष आम,अनार,बेल,आंवला,अमरूद का वृक्ष लगाया गया।इस अभियान में सरपंच प्रतिनिधि धीरज सिंह, उपसरपंच अतुल कुमार सिंह,उमानाथ सिंह, चंद्रभूषण सिंह, ई. गौरव सिंह उर्फ मंटू, जगदीश सिंह,शिक्षक नीरज कुमार शर्मा, प्रभात सिंह, समाजसेवी जे. के आरोही, जगदीश सिंह मुख्य रूप से भाग लिया।सभी ने इस वृक्षारोपण पहल की सराहना किया साथ इस सुखदायी अभियान से सभी को जुड़ने आह्वान किया।अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा भोजन पानी के अभाव में कुछ दिनों तक जीवित रह सकते है पर सांस लिए बगैर इंसान एक पल भी जीवित नही रह सकता।सांस के लिए शुद्ध हवा हमलोगों के लिए कितना जरूरी है स्वयं महसूस करे। वृक्ष जीवन के सुखदायी का परिचायक है।इससे वातावरण शुद्ध होता है।प्रदूषण की समस्या और उसका निवारण सकारात्मक रूप से वृक्षारोपण द्वारा ही साकार हो सकता है। सरपंच प्रतिनिधि धीरज कुमार सिंह ने कहा पेड़ है तो जीवन है।बीते कुछ सालों में हम सभी ने सांसों के लिए ऑक्सीजन की किल्लत देखी है।आज से हम हर लोगो को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर हर वर्ष पांच सौ पौधा लगवाने की कोशिश करूंगा।

### कुशवाहा के लिए रक्त बहाने की बात करने वाले सम्राट चौधरी कुशवाहा की हत्या बलात्कार पर चुप क्यों- विनय कुशवाहा

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने कहा कि बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने खुलेआम जनसभा से बोला था कि कुशवाहा समाज के लिए रक्त बहाने की जरूरत पड़ेगा तो सम्राट चौधरी आगे है। विनय कुशवाहा ने कहा कि रक्त बहाने की जरूरत नहीं बल्कि कुशवाहा समाज के दर्जनों नेताओं की हत्या हुई कुशवाहा समाज की लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ लेकिन सम्राट चौधरी अब रक्त बहाने की बात तो दूर कुशवाहा समाज की हत्या करने वाले लड़की के साथ बलात्कार करने वाले अपराधियों को आज तक पकड़वाने का भी काम नहीं किया। जिस तरह के हाल के दिनों में प्रमुख कुशवाहा नेताओं की हत्या हुई जिसमें दीपक कुशवाहा दानापुर, रामाश्रय कुशवाहा सिवान, टाइगर कुशवाहा अंगारी अरवल, सुरभि कुशवाहा पटना, अयोध्या कुशवाहा अरवल, सत्यम कुशवाहा बिहटा सुदर्शन वर्मा पटना नीतू कुशवाहा डेहरी मनोज कुशवाहा मुजफ्फरपुर कुंदन पटना अकाली देवी नवादा गौरव कुशवाहा मुजफ्फरपुर अच्छेलाल कुशवाहा सिवान इसके साथ-साथ स्नेहा कुशवाहा सासाराम की बेटी को बलात्कार कर हत्या कर दिया गया यह लड़की बनारस में रहकर पढ़ाई कर रही थी

# लखीसराय पुलिस ने हाई प्रोफाइल दोहरे हत्याकांड के शूटर सहित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में पाई बड़ी सफलता

## एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले का किया चौकाने वाला खुलासा

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय पुलिस ने चर्चित दोहरे हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल की है !पुलिस ने मुख्य शूटर सहित हत्याकांड के मास्टरमाइंड को अपने गिरफ्त में ले लिया है !प्रेस वार्ता कर मामले का चौंकाने वाला खुलासा करते हुए जिले के एसपी अजय कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व जिले के पिपरिया थाना अंतर्गत बालीपुर ग्राम के वर्तमान मुखिया चंदन कुमार उर्फ डोमू एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इसके संदर्भ में पिपरिया थाना कांड संख्या-60/25 के अंतर्गत सात नामज एवं 5 से 7 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था !उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना का सफल उद्वेदन हेतु एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में डीआईयू टीम के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा घटना उपरांत कई पहलू पर जांच शुरू की गई ! छापामारी दल द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना संकलन के आधार पर शहर के महादेव सिनेमा हॉल में छापामारी किया गया ! इस दौरान सिनेमा हॉल के मैनेजर रमाकांत सिंह को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ की गई ! प्राप्त तकनीकी एवं मानवीय असूचना के आधार पर बख्तियारपुर स्टेशन के फोर लाइन के पास से कांड में शामिल मुख्य शूटर धीरज को गिरफ्तार किया गया जो कांड कार्य करने में पैसा प्राप्त कर राज्य से बाहर फरार होने के फिराक में था !तलाशी के क्रम में शूटर धीरज के पास से राशि-1,53000 बरामद किया गया ! उसके निशानदेही पर घटना कार्य करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं उसके द्वारा प्रयुक्त देसी पिस्टल तीन जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया गया !एसपी अजय कुमार ने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है !जल्द ही फरार शूटरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा !उन्होंने कहा की हत्या का मुख्य कारण भूमि विवाद है !उन्होंने कहा कि महज 48 घंटे में हाई प्रोफाइल हत्याकांड मामले का उद्वेदन जिले के पुलिस के लिए बड़ी सफलता है !

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, शनिवार, 21 जून 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# बिक्रम में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन: 11 साल की उपलब्धियां गिनाई



■ **हर जिले को मिल रहा समान विकास : पूर्व सांसद**

**प्रातः किरण संवाददाता**

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी स्थानीय बाजार स्थित शहीद चौक पर केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार विश्व की पहली ऐसी सरकार है जो अपना रिपोर्ट कार्ड जन-जन तक पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश और देश में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। सभी को समान रूप से बिजली और योजनाओं का लाभमिलता है। कोई जिला वीआईपी जिला नहीं है। कार्यक्रम के दौरान पिछले 65 वर्षों की तुलना में पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों को आंकड़ों के साथ बताया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आपरेशन सिंदूर की जानकारी भी दी गई। मौके पर बिक्रम विधानसभा के प्रभारी विनोद कुमार, जिला मंत्री जितेंद्र यादव, लालबाबु सिंह, दिलकेश कुमार, संधीर यादव, बिक्रम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार, सुर्यनारायण सिन्हा, रामाराव, राकेश, घनश्याम, उज्वल, पप्पू यादव, मिंटू ठाकुर व विजय समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिक्रम नगर मंडल के अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी, संचालन मंडल महामंत्री योगेश तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष सुनील बिहारी वर्मा ने किया।

# जमीन विवाद के मामलें में दो पक्षों में हुआ मारपीट, खून से लथपथ पीड़ित पहुंचा थाना

## घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के मारूफगंज मंडी की

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। मालसलामी थाना क्षेत्र के मारूफगंज मंडी में दुकान की सात धुर जमीन के लिए दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। इसमें हॉकी, डंडा और चाकू से हमला किया गया। इस घटना में एक व्यक्ति खून से पूरी तरफ लथपथ हो गया। एक अन्य व्यक्ति के हाथ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया गया। बीच बाजार में मारपीट होती रही और लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को लेकर थाना के गई और पूछताछ कर इलाज करने को भेजी है। मारपीट की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस दौरान एक पक्ष के प्रभात कुमार ने बताया इस मामले को लेकर पूर्व में भी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। इसी को लेकर जब वह अपनी दुकान वाली जमीन पर पहुंचे, तो दूसरे पक्ष के लोग मारपीट शुरू कर हमला बोल दिया। दोनों पक्ष उक्त जमीन का अपना दावा ठोक रहे हैं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार का कहना है फिलहाल मामले को लेकर जांच और पूछताछ की जा रही है।



**मारपीट के बाद खून से लथपथ मामला कैमरे में कैद**

राजधानी पटना में दुकान की जमीनी विवाद का मामला इतना बढ़ गया कि खूनी खेल में तब्दील हो गया। दरअसल पूरा मामला पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र के मारूफगंज मंडी का है। जहाँ दुकान की 7 धुर जमीन के लिए दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे हॉकी डंडे और चाकू से जमकर हमला किया गया। जिसमे एक व्यक्ति खून से पूरी तरफ लथपथ हो गया जबकि एक व्यक्ति के हाथों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया गया। वही बीच बाजार में मारपीट होती रही और लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे। वही घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुँची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। वही मारपीट की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस दौरान एक पक्ष के प्रभात कुमार ने बताया इस मामले को लेकर पूर्व में भी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस की सुस्त रवैये के कारण मामला लंबित है। इसी को लेकर जब हम अपने दुकान वाली जमीन पर पहुंचे।

# धारदार हथियार से मार युवक को किया घायल

**घायल युवक इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना रेफर**

- **घटना का कारण स्पष्ट नहीं, जांच में जुटी पुलिस**
- **बड़हरा थाना क्षेत्र के काजीचक गांव स्थित बधार में शुक्रवार की शाम घटी घटना**

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के काजीचक गांव स्थित बधार में शुक्रवार की शाम धारदार हथियार से मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जख्मी युवक को दाहिने साइड कनपट्टी पर धारदार हथियार से मारा गया है। इसके बाद पर परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार घायल युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी स्व.रामदेव चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र धनजी चौधरी है। वह तार के पेड़ से ताड़ी फल उतरकर बेचने का काम करता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलती ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर घायल युवक के बेटे आशीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह काजीचक बधार में अपने पिता के साथ था।

उसके पिता ताड़ के पेड़ से जैसे ही ताड़ी फल लेकर उतरे। तभी गांव का ही डिग्री बिंद आया और फसुली से उनके सिर पर पीछे से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ घायल युवक के बेटे आशीष कुमार ने गांव के ही डिग्री बिंद पर फसुली से मारकर अपने पिता को घायल करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ दो अपराध कर्मी गिरफ्तार


**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। हसन बाजार थाना पुलिस द्वारा अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सहेजनी गांव स्थित प्राइवेट स्कूल के पास से गुरुवार की शाम की। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के बैरीया थाना क्षेत्र के तालिमपुर गांव निवासी विश्वनाथ सिंह का पुत्र अमरेंद्र कुमार सिंह एवं चरपोखरी थाना क्षेत्र के चरपोखरी गांव निवासी उजागीर साह का पुत्र कुश कुमार उर्फ बजा है। इसकी जानकारी एसपी राज ने प्रेस बयान जारी कर दी। राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की सहेजनी गांव से प्राइवेट स्कूल के पास दो अपराध कर्मी हथियार के साथ अपराध की योजना बना रहे है। सूचना के सत्यापन उपरांत हसन बाजार थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और दोनों अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके पश्चात हसन बाजार थाना में पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। बताया जाता है कि कुश कुमार उर्फ बाजा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने छपरा दिघवारा-पाटलिपुत्र रेलखंड का किया विडों ट्रेलिंग निरीक्षण

■ **दिघवारा तथा पाटलिपुत्र स्टेशन का भी किया गया निरीक्षण**

**प्रातः किरण संवाददाता**



हाजीपुर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने 20 जून, 2025 को महाप्रबन्धक, श्री छत्रसाल सिंह के साथ छपरा-दिघवारा-पाटलिपुत्र रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने छपरा-दिघवारा-पाटलिपुत्र रेल खण्ड पर संरक्षा, प्री-मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, विकास कार्यों की प्रगति, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स की संरक्षा का जायजा लिया।

अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने दिघवारा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म एवं सकुर्लेटिंग एरिया आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पाटलिपुत्र स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार तथा द्वितीय निकास द्वार का भी निरीक्षण किया तथा स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भूनिर्माण का निर्देश दिया।

# दो पंच व एक वार्ड निर्विरोध 6 पर नहीं हुआ नामांकन

**प्रात : किरण संवाददाता**

उदवंतनगर - उपचुनाव के तहत विभिन्न पदों के लिए होने वाले नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हो गई।अंतिम दिन तक कुल तीन नामांकन पत्र दाखिल किया जा सका। बेलाउर पंचायत के पांच पंच सदस्य पद तथा एक वार्ड सदस्य पद पर नामांकन पत्र दाखिल नहीं हो सका। प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरा व कुसुम्हां ग्राम कचहरी पद के लिए एक एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वहीं नवादावेन पंचायत में वार्ड सदस्य पद के लिए एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वैसे में तीनों पदों का निर्विरोध जितना तय है।बेलाउर पंचायत में एक भी नामांकन नहीं हुआ। जिससे पंच पद के पांच तथा एक वार्ड सदस्य का सीट फिर से रिक्त रह गया। उपचुनाव का व्यापक प्रचार प्रसार बेअसर रहा। बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में 7 ग्राम कचहरी पंच तथा दो वार्ड सदस्य सहित कुल 9 पदों के लिए चुनाव प्रक्रियाधीन है। कुल 4 एन आर कटा।

नामांकन के अंतिम दिन तक सोनपुरा पंचायत के वार्ड नं 6 के ग्राम कचहरी पंच सदस्य के लिए अति सुन्दरा देवी, कुसुम्हां वार्ड नं 6 के पंच सदस्य के लिए सन्मुखा देवी ने नामजदगी के पर्चे भरे। वहीं नवादावेन पंचायत के वार्ड नं 10 के लिए रामुजी तिवारी ने नामजदगी के पर्चे भरे।बेलाउर पंचायत के वार्ड नं 19 के लिए ज्ञानती देवी ने एन आर कटाया था लेकिन उनका नामांकन नहीं हो सका।

## केस का चार्ज नहीं देने वाले 22 आयु के वेतन भुगतान पर रोक

आरा। केस का चार्ज नहीं देने वाले 22 आईओ के वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया गया है। इसकी जानकारी एसपी राज ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। जारी प्रेस रिलीज उन्होंने बताया कि पदाधिकारी द्वारा कई कांडों का प्रभार नहीं देने के कारण कई कांड का अनुसंधान एवं निष्पादन लंबित है। इसे लेकर कोईलवर अंचल अंतर्गत विभिन्न थानों के कुल 22 अनुसंधानकताओं को कांडों का प्रभार नहीं देने के आरोप में अगले आदेश तक उनका वेतन धारित कर दिया गया है। कांडों का प्रभार देने के उपरांत ही उनका वेतन शुरू किया जाएगा।

## बजाज एलियांज ने अपनारजोन्यो राज्य विशिष्ट स्वास्थ्य योजना शुरू की

आसनसोल। बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस ने पश्चिम बंगाल के लिए एक खास स्वास्थ्य बीमा उत्पाद अपनारजोन्यो लॉन्च किया है, जो क्षेत्रीय बाजारों में कस्टमाइज्ड पेशकशों के साथ पैठ बनाने की रणनीतिक पहल है। 19 जून को घोषित इस उत्पाद को राज्य की विविध स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें 5 से लेकर 20 लाख रूपए तक का लचीला कवरेज है। इस पॉलिसी में इनपेशेंट और डेकेयर प्रक्रियाएं, अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्च, रोबोटिक सर्जरी एवं स्टेम सेल थेरेपी जैसे उन्नत उपचार शामिल हैं। ऐड-ऑन में असीमित बीमा राशि की बहाली, दावा-मुक्त वर्षों के लिए 200 प्रतिशत तक का सुपर संचयी बोनस, स्वास्थ्य संबंधी छूट, त्यौहार बोनस और आकस्मिक मृत्यु कवर शामिल हैं। कैरिंगली योर्स ऐप के माध्यम से आजीवन नवीनीकरण और डिजिटल पहुंच के साथ, इस योजना को एक व्यापक, तकनीक-सक्षम स्वास्थ्य समाधान के रूप में पेश किया गया है। एमडी और सीईओ डॉ तपन सिंघल ने कहा, अपनारजोन्यो के साथ हम बीमा को राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाकर पुनर्परिभाषित कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्वास्थ्य सुरक्षा समावेशी और व्यक्तिगत है।

# पीके की सभा की तैयारियों को ले बैठक, होंगी तीन सभाएं

**प्रातः किरण संवाददाता**




आरा, भोजपुर। बिहार बदलाव यात्रा अभियान के सिलसिले में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर आगामी 26 और 27 जून की जिले के बड़हरा और संदेश विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आधे दर्जन सभाओं को संबोधित करेंगे। सभा को योजनाबद्ध ढंग से सफल बनाने के लिए पार्टी जिलाध्यक्ष अभय सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक स्थानीय चंदवा मोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में सभा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी तय की गई। 26 जून को बड़हरा विधान सभा क्षेत्र के वीरमपुर में दोपहर 12बजे, सरैया में 2बजे और सलेमपुर महामाया मंदिर क्षेत्र में 4 बजे तथा अगले दिन 27जून को संदेश विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उदवंतनगर, अखगाव और धनडीहा गांव में उक्त समय पर सभाएं आयोजित की गई है। सभाओं की सफलता के लिए सघन प्रचार प्रसार के लिए ठोस रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, तथागत हर्षवर्धन, सलमा बेगम के अलावा स्थानीय प्रमुख नेताओं में चंद्रभानु गुप्ता, सोनू पासवान, नवीन कुमार, अनुरानी झा, राजीव रंजन, राहुल सिंह, कमलेश कमल, अनिल मिश्र, काजल कुमारी, जाकिर हुसैन, धीरेन्द्र पांडे, परिधि गुप्ता, कमलेश तिवारी और मंटू मिश्र आदि थे।

## जदयू के प्रदेश महासचिव देव शर्मा को बक्सर का प्रभारी नियुक्त किया गया

युवा जदयू के प्रदेश महासचिव देव शर्मा को बक्सर का प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा जी एवं युवा जदयू के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष, नितीश पटेल जी द्वारा श्री देव शर्मा जी के कार्यकुशलता को देखते हुए विश्वामित्र की धरती बक्सर का प्रभारी नियुक्त किया गया है।इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी के लिए श्री देव शर्मा जी को बधाई देने वालो में आरा महानगर के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी जी, युवा महानगर के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार जी, जिला अध्यक्ष संजय सिंह जी, महिला आयोग कि सदस्य श्रीमती श्वेता विश्वास जी, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा जी, सहित अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। श्री देव शर्मा ने कहा कि मैं शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाता हूं कि बक्सर जिला संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए, लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प 2025 में 225: फिर से नीतीश को साकार करने हेतु तन-मन-धन से कार्यरत रहूंगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक जख्मी बिहिया सदर अस्पताल में इलाजरज

आरा। जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव के समीप शुक्रवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद पर परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव निवासी दिलीप धानुक का 22 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। इधर जख्मी युवक के परिजन ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह बाइक से घूमने के लिए निकला था। इसी बीच कौड़िया गांव के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# 26 जून के छात्र युवा संवाद को सफल बनाने को लेकर छात्र युवा राजद के द्वारा स्थानीय रेड क्रॉस सोसायटी सभागार में तैयारी समिति की बैठक की गई आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा। 26 जून को पटना के बापू सभागार में होने जा रहे छात्र युवा संवाद को सफल बनाने को लेकर भोजपुर छात्र युवा राजद के द्वारा स्थानीय रेड क्रॉस सोसायटी सभागार में तैयारी समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से युवा राजद भोजपुर के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार और छात्र राजद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अध्यक्ष अनूप मौर्य ने किया। बैठक का संचालन युवा राजद जिला के प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुर जिला युवा राजद के प्रभारी सह प्रदेश महासचिव अजीत यादव ने कहा कि देश का सबसे युवा प्रदेश बिहार है और बिहार प्रदेश के छात्र युवाओं के नेतृत्वकर्ता तेजस्वी यादव है, अब समय आ चुका है की आगामी 26 जून को पटना के बापू सभागार में भारी संख्या में हम सभी छात्र नौजवान एकजुट होकर छात्र - युवा विरोधी नीतीश - मोदी के सरकार को उखाड़ फेके। वही युवा राजद भोजपुर के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्र युवा संवाद को सफल बनाने के लिए भोजपुर युवा राजद की भूमिका पूरे बिहार प्रदेश में नम्बर वन पर रहेगा और तेजस्वी सरकार बनाने के लिए सभी युवा लालायित हैं। वही छात्र राजद विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनूप मौर्य ने कहा कि छात्र युवा संवाद को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के छात्रावासों का दौरा कर छात्रों से भारी संख्या मे पटना चलने का अपील करूंगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक भाई दिनेश, राजद के वरीय नेता महेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद धनंजय यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, जिला पार्षद भीम यादव, सोनू रजक, हरीफन यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुन्ना अंसारी, अजीत यादव प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी युवा राजद, पूर्व विधायक भाई दिनेश, युवा नेता बड़हरा राम बाबू सिंह उर्फ अशोक सिंह, सोनू राय, मनोज अतिपिछड़ा प्रकोष्ट विनोद चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुन्ना अंसारी, वरिष्ठ नेता महेश यादव, सीपी चक्रवर्ती, छात्र जिला प्रभारी मुन्ना सम्राट, मो०तहसीन, जंगली यादव, जिला परिषद भीम यादव, जिप सोनू रजक, जिप धनंजय यादव, हरिफन यादव, ईशान राज, मो० आसिफ परवेज, मो० सोनू, राज रतन, मनु यादव, राणा यादव, मुन्ना राज, अनुज यादव, आफताब आलम, बरमेश्वर यादव, अनिल यादव, सोहैल खान, विकाश यादव, मनोहर राम, गुड्डू यादव, मुखिया मुन्ना यादव, राज गौरव टाइगर, पपू गोप, जयराम राय, विमलेश यादव, पिंटू यादव।

## समकालीन अभियान में 76 अभियुक्त गिरफ्तार एसपी राज ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

आरा। भोजपुर पुलिस द्वारा गुरुवार को पूरे जिले में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। एसपी राज के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में कुल 76 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी एसपी राज ने प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के अंतर्गत पूरे जिले में 76 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें हत्या के 2, आर्म्स एक्ट के तहत 3 एवं विभिन्न कांडों में वांछित के कुल 71 अभियुक्त शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने एक देशी पिस्टल भी बरामद किया है।

# अंतिम दिन शीतला माता की पूजा करने की होड़



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना सिटी। अगम कुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को नवमी के अवसर पर श्री शीतला माता की पूजा अर्चना की गई कल सुबह से ही यहां शहर एवं गांव से पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ रही इसमें पूजा करने वाली महिलाओं की संख्या अधिक थी लोगों ने बासी पकवान लाकर भगवती को अर्पित कर प्रसाद रूप में ग्रहण किया इस दौरान मंदिर में दोपहर 2:00 बजे तक रहे सामने दीपदान करने व भगवती के दर्शन के लिए भी लोग पहुंचे जिनके यहां पकवान नहीं बन पाया ऐसे लोग कला लड्डू आदि फल व मिष्ठान के साथ भगवती को भोग अर्पित किया इस दौरान दूध अर्पित करने के साथ ही नारियल और चुनरी भी चढ़ाया गया।

मंदिर के पुजारी जयप्रकाश, अमरनाथ बब,लू मनोज श्रीमाली उर्फ छोटू पुजारी, प्रबंधक पंकज पुजारी व सुनील पुजारी ने बताया कि तीन दिनों तक चले पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ खासा उमड़ी। इसके साथ ही तीन दिनों का पूजा समाप्त हो गया।

# 275 रक्तवीरों ने किया रक्तदान, सीआईडी के निदेशक ने किया शिविर का उदघाटन

**अभी तक मैं 43 बार रक्तदान कर चुका हूं: निदेशक**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना सिटी। यूनाइटेड हेल्थ एंड वेलफेयर ट्रस्ट टीम के द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन मुसल्लहपुर हाट के कोल्ड स्टोरेज में किया गया। उद्घाटन एसके झा, बिहार सीआईडी के (पीबी) के निदेशक बीके चौधरी एवं मुसल्लहपुर के थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने किया। आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ विनय बहादुर सिन्हा के निगरानी में किया गया।

रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक पटना को सौ यूनिट एवं निरामया ब्लड बैंक को 175 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। झा सर ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। इसलिए नवयुवकों को रक्तदान करना चाहिए।

सीआईडी के निदेशक ने कहा कि अभी तक वे 43 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने ने सभी रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान ट्रस्ट टीम के अध्यक्ष अमरजीत कुमार, सचिव सत्यदीप पाठक, आमोद कुमार, पुष्पलता कुमारी, मुकुल कुमार चौधरी, मनोज कुमार मंडल, चंदन सिंह, मनोज कुमार, राजा कुमार, नईमुद्दीन खान, विशाल गौतम पांडे, मोहित मिश्रा, अभिषेक कुमार, संगीता कुमारी, कंचन कुमारी, मंटू कुमार, दीपांकर कुमार, आशुतोष यादव, आयुष तिवारी, रजनीश कुमार, रॉकी, प्रतीक प्रियदर्शी आदि सक्रिय रहे।



# डीएम ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं

## डीएम ने समाधान करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 12 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, नाली विवाद, मुआबजा, कब्जा, बँटबारा, आवास योजना, न्यायालय अभिलेख, पुलिस उपाधीक्षक, महिला हेल्प लाईन, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण केन्द्र एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम सबलक सराय निवासी के 25 संयुक्त हस्ताक्षर के साथ ग्रामीण जनता राम कुमार ठाकुर के साथ अन्य द्वारा बताया गया कि हमलोगों के पूर्वजों से घर का नाली का पानी के निकास था, जो शिव नारायण भगत द्वारा रोक लगा दिया गया है, जो नाली पक्कीकरण पूर्व में कराई गई है। नाली विवाद से संबंधित अंचलाधिकारी कुर्था को आवेदन देने पर टाल मटोल किया जा रहा है। विवादित नाली जमीन की नापी करवाकर उचित कार्रवाई करते हुए विवाद को समाप्त करने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण केन्द्र अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम वलीदाद निवासी गीता देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार के सदस्य हूँ तथा आवास की सख्त जरूरत है।

मेरे नाम से आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि की गई है पर आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कुर्था थाना स्थित ग्राम बारा निवासी प्रेम रंजन कुमार द्वारा बताया गया कि मेरे पिता रजनीश कुमार की मृत्यु नवम्बर 2022 में पुलिस कैदी वाहन से मध्य विद्यालय तकेया के पास हो गई थी। मुआबजा राशि के लिए सभी कागजात जिला परिवहन कार्यालय अरवल में जमा किया गया है, पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआबजा राशि दिलवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।



# कोठवारा : प्रशासन ने बरिया पुल से आवाजाही नहीं करने के लिए किया आम लोगों को आगाह

■ डोभी में बरिया पुल का टुटा एक पाया, आवागमन हुआ प्रभावित

प्रातः किरण संवाददाता



शेरघाटी डोभी प्रखंड क्षेत्र के घनी आबादी वाला क्षेत्र से जोड़ने वाली पुल हुआ क्षतिग्रस्त घटना के जानकारी मिलते ही शुक्रवार को नीलांजना नदी बरिया पुल पर शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, शेरघाटी टू डीएसपी संजीत कुमार प्रभात पुल का निरीक्षण किया। जिसके साथ अंचल अधिकारी परीक्षित कुमार और पुल निर्माण विभाग के कनीय अभियंता अविनाश मिश्र भी शामिल रहे। उक्त दौरान एसडीओ ने पुल के चौथे पिलर को धंसा हुआ पाया। जिससे पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। इस बाबत पुल से आवागमन नहीं करने का अनुरोध ग्रामीणों से किया। नदी के दोनों छोर को बेरिकेटिंग कर दिया गया है। जिससे कोई भी वाहन प्रवेश नहीं कर सके। ब्रेकेटिंग के पास पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी हेतु बैनर लगा दिया गया है। ग्रामीणों की माने तो नदी में पानी का तेज बहाव होने के कारण पुल और ज्यादा दरक रहा है। बताते चलें कि यह पुल का निर्माण कार्य नाबार्ड के माध्यम से करवाया गया है। जिसकी लागत 13 करोड़ 9 लाख रुपया है। निर्माण कार्य का ढाई साल भी नहीं हुआ कि पुल क्षतिग्रस्त हो गया। एसडीओ ने बताया कि पुल के निरीक्षण के दौरान पाए गए तमाम बिंदुओं की जानकारी वरीय अधिकारी को दी जायेगी। तत्काल इस पुल से किसी को भी आवागमन नहीं करने की भी सलाह दी गई है। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांव के लोगों के आवागवन करने में बड़ी समस्या खड़ी हो गई। पुल का एक पिलर धंसने से पुल के जुड़ाव के कई जगह पर गैपिंग बहुत ज्यादा बढ़ते जा रहा है। बताते चले कि इस पुल का निर्माण तिरुपति बाला जी कन्ट्रैक्शन कंपनी के द्वारा कराया गया है। निर्माण के वक्त ग्रामीणों ने कार्य के गुणवत्ता पर पहले ही प्रश्नचिन्ह खड़ा किया था, इसके बाद कंपनी के कर्मियों ने प्रशासन से मिलकर ग्रामीणों पर लेवि मांगने के।

नाम पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे ग्रामीण काफी सहमे हुए थे और डरे हुए रहने के कारण दुबारा कोई शिकायत नहीं किया जिसका यह नतीजा आज देखने को रहा है। इधर ग्रामीण बताते हैं कि जब भी शिकायत किया गया तो काम करने वाले कारण कंपनी के कर्मचारी एवं अन्य लोग मिलकर ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाना शुरू कर दिया था।

# महादलित परिवार ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था ( अरवल ) स्थानीय थाना क्षेत्र के देरेहटा महादलित टोला में गुरुवार के अहले सुबह पुलिस द्वारा शराब को लेकर छापेमारी करने के लिए पुलिस की टीम देरेहटा गांव पहुंची थी तभी कुछ देर के बाद पुलिस और महादलित परिवार के लोगों के बीच झड़प हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम महादलित टोले में शराब को लेकर छापेमारी करने गई थी जिसमें गांव के ही स्वर्गीय मुंशी मांझी के पुत्र अरुण कुमार ने पुलिस पर मारपीट कर हाथ तोड़ने का आरोप लगाया है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि पुलिस मेरे गांव में छापेमारी करने आई थी मैं खेत में काम कर रहा था तभी पुलिस की आने की सूचना के बाद मैं अपने घर आ रहा था तभी पुलिस द्वारा मेरे साथ मारपीट किया गया और मेरा हाथ तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस सादे लिवास में पुलिस गाड़ी से छापेमारी करने पहुंची थी और दो लोगों को खदेड़ कर पकड़ना चाह रहा था लेकिन वह दोनों भागने में सफल रहे। इसके बाद वह दोनों लोग को ना पकड़ने के बाद वापस लौट रही पुलिस ने हमें घर के दरवाजे पर बैठा देख मुझे मारना पीटना शुरू किया जिसमें मेरा हाथ टूट गया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने गई थी और उक्त युवक भागने के क्रम में गिर गया। जिससे उसका हाथ टूट गया है। पुलिस द्वारा मारपीट करने की बात बेबुनियाद है।

# अष्टभुजी धाम महोत्सव को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल करने के लिए डीएम ने की अनुशंसा

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित पटना कैनाल के बगल में पिपरा गांव में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं शक्तिपीठ अष्टभुजी धाम महोत्सव को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल करने वास्ते पिछले दिनों नवीनगर विधानसभा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री,बिहार सरकार एवं कला संस्कृति विभाग को पत्र प्रेषित की गई थी।उसके आलोक में औरंगाबाद जिले में आदरणीय जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के पास उस पत्र का जवाब के लिए आया तो औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बारुण मनोज अग्रवाल को इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए वार्ता की और लिखित तौर पर इस संबंध में धाम के बारे में भेजने के लिए कहा गया।बारुण के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अष्टभुजी धाम के महिमा एवं गरिमा के बारे में विस्तार पूर्वक लिखित पत्र प्रेषित किया गया इसके निमित्त औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी द्वारा अष्टभुजी धाम महोत्सव को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल करने के लिए बिहार सरकार के कला संस्कृति विभाग के निदेशक श्रीमती रूबी जी को अनुशंसित किया गया। इस कार्य के लिए अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने संजीव कुमार सिंह को बधाई दी है यह भी कहा कि उनका यह नेक कार्य आने वाले समय में एक इतिहास बन जाएगा और औरंगाबाद जिले में महोत्सव की इतिहास में एक नजीर साबित होगी।वे वास्तविक महोत्सव के रत्न है जिन्होंने महोत्सव के आयोजन के एक माह भी ठीक से पूरे नहीं हुई लेकिन पूरे महोत्सव आयोजन को कला संस्कृति विभाग के कैलेंडर में शामिल करने में जो कालजई कार्य किया है ।

# नेताओं को बाबू जगदेव प्रसाद के नाम पर राजनीति करने का अधिकार नहीं : बीरेन्द्र गोप



गया जी।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड०बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने ध्यान जारी कर कहा है कि सम्राट चौधरी के साथ तमाम पिछड़ा वर्ग के नेताओं जो एनडीए के लिए काम कर रहे हैं उन्हें अमर शहीद जगदेव प्रसाद के नाम पर राजनीति करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि बाबू जगदेव प्रसाद जिस शोषक वर्ग के खिलाफ लड़ाई लड़ें जिन लोगों ने उनकी विभत्स तरीके से हत्या कि उन्हीं लोगों के साथ रहकर उन्हें मजबूत करने का काम कर रहे हैं। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि जगदेव प्रसाद ने जो सौ में नब्बे शोषित है का नारा बुलंद किया था उस नारे को,उस विचार को सम्राट चौधरी जैसे अवसरवादी नेता ने अपने नीति स्वार्थ के लिए अपमानित करने का काम किया है। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि जहां सामाजिक न्याय के प्रणेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव ने अतिपिछड़ा समाज से आनेवाले समाजवादी पृष्ठभूमि के नेता मंगनी लाल मंडल को राष्ट्रीय जनता दल का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सम्मानित करने का काम किया है। वहीं, इन लोगों ने सबका साथ सबका विकास का नारा देकर सिर्फ जीजा, दामाद व मेहरारू आयोग का गठन कर बिहार के बहुजनों को ठगने व अपमानित करने का काम किया है।

# मानिकपुर पुलिस ने मारपीट के चार आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कुर्था ( अरवल ) स्थानीय मानिकपुर थाना क्षेत्र के कृपा बिगहा गांव से मारपीट के चार आरोपी को मानिकपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दी। इस संबंध में मानिकपुर थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने बताया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के कृपा बिगहा गांव में विगत दिनों भूमि विवाद को लेकर मारपीट कर दी गई थी। जिसमें प्रथम पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ जबरदस्त मारपीट कर दी जिसमें कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए हालांकि दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लेकिन एक पक्ष के लोग को ज्यादा चोटें आई थी जिसको लेकर दूसरे पक्ष के राजकुमार रंजन, रामबाबू यादव ,मंटू कुमार ,व विद्यासागर कुमार को मानिकपुर थाना कांड संख्या 46/ 2025 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के सभी चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई।

# एसडीओ ने बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ को दी चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

अरवल। अनुमंडल पदाधिकारी अरवल ओमप्रकाश द्वारा सभी बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ को चुनाव प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चुनावी दायित्वों के बारे में बताया गया, साथ ही चुनाव की संवेदनशीलता के बारे में भी बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ अपने दायित्वों एवं कार्यों का निर्वहन करेंगे। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर मतदान जागरूकता के लिए वे डमी बैलेट यूनिट का उपयोग कर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर सकते है। ये डमी बैलेट लकड़ी, प्लास्टिक और प्लाईवुड का बनाया जा सकता है, जिसका आकार अधिकारिक बैलेट यूनिट से आधा हो एवं इसे भूरे, पीले या रंग से पेंट किया जा सकता है। इसमें वे क्रम संख्या, नाम और उम्मीदवार के पहचान चिन्ह को भी दर्शा सकते है। बैटृी से प्रकाशित होने वाले बटन एवं बत्ती का भी प्रयोग किया जा सकता है, जिसे दबाने पर बत्ती प्रकाशमय होती है।

# प्रदेश अभ्यास वर्ग में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हुए रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल जिला के कार्यकर्ताओं प्रदेश अभ्यास वर्ग में शामिल होने के लिए शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय सासाराम के लिए कार्यकर्ताओं को असेंबली ऑफ गॉड विद्यालय के संचालक अशोक कुमार एवं प्रांत 10+2 प्रांत संयोजक डॉ मुकेश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर हरि झंडा दिखा कर रवाना किया, इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक अमर कृति ने किया,डॉ मुकेश कुमार ने ने बताया कि प्रदेश अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं शारीरिक और बौद्धिक दोनों प्रशिक्षण होते हैं, ये अभ्यास वर्ग 20 जून से 23




जून तक चलेगी,साथ ही असेंबली ऑफ गॉड स्कूल के संचालक अशोक कुमार ने बताया कि अभ्यास वर्ग में विद्यार्थियों के हितों के लिए, संघर्ष, संगठन के विस्तार व एबीवीपी की कार्य पद्धति एवं सैद्धांतिक भूमिका पर प्रशिक्षण दिया जाता है एबीवीपी, जो कि भारत का एक छात्र संगठन है, समय-समय पर अभ्यास वर्ग आयोजित करता है।

इन वर्गों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित करना और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक, और शैक्षणिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है। एवं कॉलेज अध्यक्ष यक्ष रत्न प्रांत सह संयोजक विकाश कुमार ने बताया कि एबीवीपी, जो कि विश्व का एक छात्र संगठन है, समय-समय पर अभ्यास वर्ग आयोजित करता है। इन वर्गों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित करना और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक, और शैक्षणिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है। इस कार्यक्रम में कॉलेज अध्यक्ष अमर कांत यादव ,नगर मंत्री मोहन कुमार, विकाश कुमार, नेहा कुमारी,सुभानशु कुमार,लकी कुमारी, गुड़िया कुमारी,नीतू कुमार अनु कुमारी, इत्यादि कार्यकर्ता रवान हुए।

# रेलवे सुरक्षा बल ने तीन नाबालिग लड़कियों को पकड़ा




गया जी रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने घर से भागी तीन नाबालिग लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंप दिया है। इसमें दो रोहतास जिले की रहने वाली है और एक लखीसराय की। रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि गया जंक्शन पर आरपीएफ की टीम ने अलग अलग जगह पर देखा कि नाबालिग लड़कियां है। जो डरी सहमी सी थी। जिन्हें महिला पदाधिकारी पोस्ट पर लाकर पूछताछ की गई है। उन्होंने बताया दो लड़कियां जो कि रोहतास जिले की रहने वाली ने पूछने पर बताई कि घर में किसी को कुछ बताए निकल गए हैं और राजस्थान जाने के लिए स्टेशन पर आई हूं। वहीं लखीसराय जिले की रहने वाली लड़की का कहना था कि घर में माता पिता ने डांट पिलाई थी तो गुस्से में घर से निकल गए हैं। पोस्ट प्रभारी निरीक्षक यादव ने बताया कि तीनों लड़कियों के साथ किसी तरह की अनहोनी न हो जाए, इसको देखते हुए तीनों को चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क की सुपरवाइजर को सौंप दिया गया है।

# अरवल को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान व पोस्टकार्ड भेजो अभियान जोरो पर:मनोज यादव

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। रेलवे शंकर समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में जिले के ग्राम कसीटी में सामुदायिक भवन में सैकड़ो की संख्या में पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री से पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेज कर आग्रह किया गया है रेलवे लाइन से अरवल जिला को आती शीघ्र जोड़ा जाए मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने बताया कि 14 में से ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चालू करना था लेकिन रेल प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते अभी तक अरवल जिला में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चालू नहीं की गई है तब जाकर रेलवे संघर्ष समिति द्वारा संघर्ष की तेज करते हुए विशेष रूप से पूरे जिले में प्रधानमंत्री के नाम से रेल मंत्री के नाम से पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है हस्ताक्षर अभियान पोस्टर कार्ड भेजो अभियान में शामिल मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव सहसंयोजक धनंजय कुमार सिंह कसीटी ग्राम के मुख्य रूप से पिंटू कुमार सुधीर कुमार अनिल कुमार कौशल कुमार दुर्गा कुमार सिंटू कुमार विश्वजीत कुमार चंद्रशेखर कुमार शैलेश कुमार



# धर्म सभा भवन में 21 से 23 जून तक श्री विद्या त्रिकुटी कुम कुर्माचन महायज्ञ का होगा आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।गया जी शहर के रेड क्रॉस के समीप स्थित एक निजी भवन में श्री विद्या त्रिकोटी कुम कुमार्चन महायज्ञ को लेकर स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह, समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया, अनिल स्वामी,हरि प्रपन्ना,और रामानुज मठ के महंत स्वामी श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य ने बताया कि भगवती राजराजेश्वरी ललिता त्रिपुर सुंदरी की असीम कृपा से पूज्य स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में श्री विद्या त्रिकुटी कुम कुर्माचन महायज्ञ का आयोजन 21 जून से 23 जून 2025 तक धर्म सभा भवन में आयोजित होने जा रहा है।

यह महायज्ञ बिहार के विकास, देश की प्रगति-खुशहाली, विश्व शांति और लोक कल्याण के धैर्य से आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ 22 शहरों में इससे पूर्व आयोजित किया जा चुका है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने बताया कि सनातन धर्म में सब का सम्मान निहित है।आगामी 21 जून से 23 जून तक सुहागिन महिलाएं और श्रद्धालुओं के द्वारा श्री ललित सहस्त्रनाम के मंत्रों का 3 करोड़ बार पाठ किया जाएगा और श्रीयंत्र पर कुमकुम से अर्चना किया जाएगा। महायज्ञ के लिए महाराष्ट्र से 10 क्विंटल सिंदूर मंगवाया गया है। सिंदूर महायज्ञ में सुहागिन महिलाएं एवं कुंवारी महिलाएं श्रीयंत्र पर 3 करोड़ बार अर्चना करेंगी।

उन्होंने बताया कि महायज्ञ के पूर्व संध्या पर 20 जून शुक्रवार को शाम 5:00 बजे मंगला गौरी स्थित अक्षयवट से धर्म सभा भवन तक गंजे भांजे के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल होंगे।

रामानुज मठ के महंत स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य ने बताया कि गयाजी में पहली बार माता ललिता जी की कृपा से श्री विद्या त्रिकोटी कुम कुमार्चन महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है। जिसको लेकर सनातनियों में काफी उत्साह है। गया जी जिले वासियों से अनुरोध किया गया है कि इस महायज्ञ में महिलाएं और पुरुष बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

# सड़क पर टहलने निकला एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आया, इलाज के दौरान मौत, ट्रक जब्त



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी शहर में अल सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया है। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर भाग रहा था लेकिन लोगों ने ट्रक का पीछा करते हुए कुछ दूर जाकर रोक लिया। चालक भागने में सफल रहा है।

**मृतक के भाई ने दी थाना में लिखित तहरीर**

मृतक के भाई ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मृतक के भाई महेश सिंह पिता स्व. केदार सिंह मुहल्ला छोटकी नवादा, गाँधी मोड़, संजय नगर, शिव गल्ली, थाना-डेल्हा जिला-गया ने पुलिस को बताया है कि 19/06/25 को सुबह 4:30 प्रतिदिन की भांति मेरा बड़ा भाई राजबली प्रसाद उम्र 60 वर्ष टहलने के लिए गाँधी मोड़ से कुछ आश्रम मेन रोड पर निकला हो था कि रामशिला की ओर से एक छः चक्का वाले ट्रक का चालक तेजी और लापरवाही से चलाते हुए आया और कुछ आश्रम के मेन गेट के सामने सड़क पर धक्का मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है।

**ट्रक को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया, चालक फरार**

इसके बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा है। जिसे आसपास के लोग गाड़ी का पीछा कर कॉटन मिल बालाजी नगर मोड़ के पास प्रेतशिला रोड में घेर कर पकड़ लिया है। जहाँ से चालक चकमा देकर भागने में सफल रहा है।

**ट्रक पर कुरकुरे आदि सामान लदे थे**

वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर मेहरून रंग का, जिसपर कुरकुरे बैगरह लदा हुआ है।घायल को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, इस दौरान हुई मौत। घायल भाई को मुहल्लेवासी के सहयोग से जयप्रकाश नारायण अस्पताल हेतु ले जाया गया है। जहाँ प्राथमिक ईलाज हुआ। ईलाज बाद गंभीर हालत को देखते हुए अनुग्रह नारायण मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। जहाँ ईलाज के क्रम में राजबली प्रसाद की मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष देवराज इंदु ने बताया कि ट्रक जब्त कर लिया गया है। मृतक के परिवार को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 20 हजार रुपये प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रदान की गई है।

**मृतक अविवाहित थे, हाल ही में भाई का हो गया निधन**

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक राजबली प्रसाद अविवाहित थे। कुछ महीने पहले ही मृतक के एक भाई सुरेश चंद्रवंशी का निधन हो गया था। मृतक के परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। शोकाकुल परिजनों ने डीएम से शीघ्र ही दुर्घटना के बाद मिलने वाली सरकार की ओर से सहायता राशि दिलाने की मांग की

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है: डॉ मनीष पंकज मिश्र

गया जी।20 जून को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का जन्मदिन गया जी किसान मोर्चा कार्यालय में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया है। इसी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा विशेष आयोजन कर उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई है इस कार्यक्रम में डॉ. मिश्रा और उनके समर्थकों ने केक काटकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर राष्ट्रपत के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस अवसर पर कहा, ह्ययह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक अनुसूचित जनजाति परिवार से आने वाली महिला सुशोभित हैं। द्रौपदी मुर्मू ने अपने जीवन में कठिन संघर्षों को पार कर जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है ह्यउन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जी का व्यक्तित्व सादगी, संघर्ष और सेवा भावना का प्रतीक है। उनके जीवन का हर एक अध्याय समाज के पिछड़े वर्गों, महिलाओं, और आदिवासी समुदाय के उत्थान की दिशा में समर्पित रहा है। उनकी जीवन यात्रा यह प्रमाणित करती है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं, जहाँ एक गरीब, आदिवासी परिवार की बेटी राष्ट्रपति पद तक पहुँच सकती है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति का आज के युवाओं को एक स्पष्ट संदेश है—कि मेहनत, समर्पण और ईमानदारी से कोई भी शिखर तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के नेतृत्व में भारत एक सशक्त, समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र की दिशा में अग्रसर है।कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने महामहिम के दीर्घायु जीवन और राष्ट्र के लिए उनके सतत योगदान की कामना की है। कहा कि पार्टी और समाज के हर वर्ग को द्रौपदी मुर्मू जी जैसे व्यक्तित्व से सीख लेनी चाहिए।यह जन्मदिवस केवल एक रस्म नहीं, बल्कि उस संघर्ष और समर्पण का उत्सव है, जो उन्होंने देश के लिए दिया है। आज के कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता गया जिला भाजपा कोषाध्यक्ष दीपक पांडे पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ का नेता राणा रणजीत सिंह कमल बारिक बबलू गुप्ता महेश यादव मंटू कुमार यशराज सहित अन्य।

# पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के समक्ष शास्त्रीय संगीत गायन कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों ने बिखेरा जलवा

गया जी।सुर सलिला गया जी ट्रस्ट द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत गायन कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों के साथ पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के साथ उनके निर्देशन में कार्यक्रम के संयोजक और राष्ट्रीय स्तर ख्यातिप्राप्त ठुमरीगायन के सिद्धहस्त कलाकार पंडित राजन सिजुआर प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया है इसकी कार्यशाला आगामी 22 जून तक आयोजित है।पंडित साजन मिश्र के समक्ष गया जी के प्रशिक्षणार्थी कलाकार रौशन कुमार,अभिमन्यु गोस्वामी ,अभय कुमार गोस्वामी तथा आयुष कुमार धोकड़ी,विनायक सहाय,कौशिक मित्रा ,दिव्या दत्ता,छवि अग्रवाल, सहित अन्य की प्रस्तुति सराहनीय रही है।गया जी में इन दिनों हो रही बारिश के बीच पंडित साजन मिश्र सहित प्रशिक्षणार्थियों ने बादर रे..अरज-गरज बिजुरी चमके जियरा डरावे....गीत के राग छेड़कर बारिश के मौसम अनुकूल सार्थकता सिद्ध करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है।

## संक्षिप्त खबरें

### चार वारंटी को भेजा गया जेल

बेनीपुर (दरभंगा)। बहेड़ा थाना पुलिस ने विभिन्न गांव से गिरफ्तार 4 लोगों को वारंटी मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बहेड़ा एसएचओ चंद्रकांत गौरी ने बताया कि वारंटी बेनीपुर दीपा टोला निवासी लालमोहन यादव एवं रामफल यादव के अलावा डखराम निवासी अमित कुमार शाह एवं जगदट्टा निवासी गोविंद यादव को गिरफ्तार कर सभी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

### अंडर पास का कार्य को सीओ ने कराया बन्द

शेरघाटी। अंडर पास में हो रहे गतिरोध के मध्य नजर रखते हुए शुक्रवार को काम शुरू किया गया था वही सुरक्षा के ख्याल से मध्य नजर रखते हुए अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने तत्काल अंडरपास चौराहा को दलबल के साथ पहुंचकर उसे पर रोक लगा दी है जिसे गतिरोध बना रहे बताते चले की बीते 14 जून को जिलाधिकारी के आदेश के बाद शेरघाटी एसडीओ मनीष कुमार अंचल अधिकारी उषा कुमारी एवं एनएच आई के अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया था इसके बाद अचानक हो रहे कार्य को तत्काल बंद कर दिया गया है। ताकि बरसात के मौसम में आने जाने वाले राहगीरों को भी सहूलियत मिल सके।

### हत्या मामले के आरोपी अधिवक्ता गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजें गये



दरभंगा। दरभंगा जिला के विशनपुर थानाक्षेत्र के पटोरी बसंत में 31वर्ष पूर्व रामकृपाल चौधरी की हत्या मामले के आरोपी अधिवक्ता अंबर इमाम हासमी को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।यह कार्रवाई जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने की है। 8 अगस्त 1994 को संस्थित विशनपुर थान सं.58/94 से बने सत्रवाद संख्या 326/99 सुनवाई के लिए ¬ में सुचीवद्ध था। इस वाद में आरोपी आरोपी हासमी का प्रतिनिधित्व आवेदन दप्रस की धारा 317 के तहत दाखिल किया गया था।इसी न्यायालय में एक अन्य सत्रवाद में आरोपी की ओर से अधिवक्ता अंबर इमाम हासमी उपस्थित हुए।न्यायालय द्वारा पुछा गया कि जब आप दुसरे केश की पैरवी के लिए आये हैं, तो अपने केश में प्रतिनिधित्व आवेदन कैसे दे सकते हैं।कोर्ट ने श्री हासमी के समयावेदन पत्र 317 दप्रस को निरस्त करते हुए उनका जमानत बंधपत्र खारिज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।बताते चलें कि पटना उच्च न्यायालय ने 31 बर्ष पुराने इस हत्याकांड मामले में अभियुक्तों की उपस्थिति में मामले का समयवद्ध न्याय निर्णय का आदेश दे रखा है।इसी कड़ी में एडीजे तृतीय की अदालत में इस मामले की सुनवाई निर्धारित थी। वहीं दुसरी ओर अधिवक्ता की गिरफ्तारी से वकीलों में घोर आक्रोश ब्याप्त रहा। वकीलों ने गिरफ्तारी के बिरोध में जमकर नारेबाजी कर अपने आक्रोश का इजहार किया।।

### कार्यपालक सहायक बर्खास्त, रिश्वत की शिकायत पर डीएम ने की कार्रवाई

मनेर : गोपाल विद्यार्थी` कार्यों के निष्पादन में अनियमितता, स्वेच्छाचारिता व भ्रष्टाचार के आरोप में पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने अंचल कार्यालय, मनेर में पदस्थापित कार्यपालक सहायक अरूण कुमार को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया है। दरअसल डीएम के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी दानापुर द्वारा बीते 27 जून को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, मनेर का औचक निरीक्षण किया गया था। अनुमंडल पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कार्यालय, मनेर के शासकीय परिसर में निजी व्यावसाय यथा साइबर दुकान संचालित किया जा रहा था। जाँच में साइबर के संचालकों का कार्यपालक सहायक अरूण कुमार से वित्तीय लेन-देन में संलिप्तता एवं आरटीपीएस के आवेदनों का निष्पादन करने के लिए कार्यपालक सहायक को साइबर संचालक द्वारा रिश्वत का मामला प्रकाश में आया था। जांच में अरूण कुमार एवं साइबर संचालक के ऑनलाईन ट्रांजैक्शन इतिहास से साइबर संचालक द्वारा अरूण कुमार को नियमित रूप से राशि भेजे जाने तथा व्हाट्सएप के माध्यम से आरटीपीएस के प्रमाण-पत्रों से संबंधित आवेदनों का आदान-प्रदान किए जाने की बात सामने आई ।

# ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई संवाददाता । भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए जिले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रथम स्तरीय परीक्षण (एफएलसी) का शुक्रवार 20 जून 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिला पदाधिकारी श्री नवीन द्वारा निरीक्षण किया गया। एफएलसी का कार्य आगामी 29 जून तक जारी रहेगी। एफएलसी का कार्य सोनपे स्थित ईवीएम वेयर हाउस में किया जा रहा है। इस तकनीकी प्रक्रिया का संचालन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त ईसीआईल कंपनी के 18 अभियंताओं की टीम की देखरेख में हो रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी जमुई ने भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के मुताबिक एफएलसी कार्य को पूरा किए जाने का निर्देश सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी को दिया। FLC कार्य के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो.नजरूल हक के साथ एवं निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री मेनका कुमारी उपस्थित थे।

# डीएम ने की कृषि टास्क फोर्स की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक हुई। विभिन्न विभागों यथा कृषि, आत्मा, पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान, मत्स्य, नलकूप, कैनाल इत्यादि के जिला-स्तरीय पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर किसानों के लिए सरकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयान करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचे तथा सभी पात्र लाभुकों को इसका लाभ मिले यह पदाधिकारीगण सुनिश्चित करें। बैठक में जिला में वर्षापात, फसल आच्छादन, उर्वरक की मांग एवं उपलब्धता, राजकीय नलकूपों की स्थिति, यांत्रीकरण, मत्स्य, पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान, आत्मा, सांख्यिकी सहित सभी बिन्दुओं पर एक-एक कर विस्तृत समीक्षा की गई। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को वर्षापात के आंकड़ों पर नजर रखने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को प्रखंडवार फसल आच्छादन पर ध्यान देने का निदेश दिया गया। अधिकारियों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को उर्वरक की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध नियमित तौर पर छापामारी करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल को नलकूपों की क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। पटना जिला में नलकूपों की कुल संख्या 886 है जिसमें ऊर्जान्वित नलकूपों की संख्या 873 तथा अऊर्जान्वित नलकूपों की संख्या 13 है।

# दिव्यांगजनों के लिए वरदान है यूडीआईडी योजना- जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई संवाददाता । दिव्यांगजनों के जीवन की दशा और दिशा सुधारने के लिए भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही यूडीआईडी परियोजना का सीधा लाभ अब दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को प्राप्त होने लगा है। उक्त बातें जिलाधिकारी श्री नवीन ने बताते हुए कहा कि यूडीआईडी कार्ड यानि यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड, दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान किया जाने वाला मानक दिव्यांगता पहचान पत्र है, जो एसे व्यक्तियां को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, साथ ही यह कार्ड पूरे देश में मानक एव विशिष्ट पहचान पत्र के रूप मे मान्य है। इस पहचान पत्र के बन जाने से वैसे दिव्यांगजन जिनकी मानक दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है को कई प्रकार की केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ मिलना आसानी से सुलभ हो जाता है। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड के फायदो को गिनाते हुए कहा कि 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक मानक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को उनकी अर्हता अनुसार शिक्षा एवं रोजगार के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा नियमानुसार आवेदन करने के पश्चात निःशुल्क बैट्री चालित साइकिल, हस्तचालत साइकिल, कान की मशीन, व्हीलचेयर व अन्य कृत्रिम एवं सहायक उपकरण, सरकारी नौकरियों एवं पदोन्नति मे 4 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांगता पेन्शन, मेधा छात्रवृत्ति, वैधानिक अभिभावक की मान्यता, रेलवे रियायत जैसे लाभ दिये जा रहे है। वहीं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा ऐसे सुपात्र मानक दिव्यांगता प्रतिशत वाले दिव्यांगजनों के लिए क्षेत्रीय संस्थानों के माध्यम से एडिप योजना के तहत समय-समय पर चिन्हांकन सह परीक्षण शिविर का आयोजन कराते हुए मौके पर ही उन्हें देय कृत्रिम अंग व उपकरण यथा कृत्रिम हाथ व पैर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी सुपात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में दिव्यांगता कार्ड बनवाने हेतु स्वयं अथवा ग्राहक सुविधा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से स्वालंबन पोर्टल (यूडीआईडी पोर्टल) पर अपना निबंधन करवा सकते हैं एवं निबंधन के उपरान्त सदर अस्पताल एवं प्रखंडों में लगने वाले विशेष दिव्यांगता शिविर हेतु निर्धारित तिथि को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिव्यांगता कार्ड बनवा सकते हैं। दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता कार्ड अथवा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु सारी प्रक्रियाएँ ऑनलाईन उपलब्ध है, जिसे कोई भी दिव्यांग व्यक्ति संबंधित वेबसाईट पर विजिट कर देख सकते हैं। इस हेतु सुगम्य एप भी दिव्यांगजनों के लिए काफी उपयोगी है जहाँ समेकित विषय वस्तुत, एक प्लेटफार्म पर सुलभता से उपलब्ध है।

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की प्रासंगिकता और उपादेयता पर जमुई में परिचर्चा

## योग अपनाओ, रोग भगाओ स्वास्थ्य विभाग का नारा होना चाहिए

प्रात: किरण संवाददाता

जमुईः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की प्रासंगिकता और उपादेयता विषय पर परिचर्चा की गई। केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सह पूर्व एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि मानव जीवन में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की प्रासंगिकता पूरी दुनिया में बढ़ गई है। आज योग मानव जाति के लिए काफी उपादेय है। योग की दुनिया में शीर्षासन आसनों का राजा होता है। क्योंकि इसका नियमित अभ्यास इंसान को सर से लेकर पैर तक केवल लाभ ही लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ह्योग अपनाओ, रोग भगाओ स्वास्थ्य विभाग का नारा होना चाहिए। योग के महत्व पर कहा गया है कि- आसनं विजितं येनल जितं तेनजगत्रयं। अनेन विधिनायुक्तः प्राणायाम सदा कुरू। अर्थात जिसने आसन को जीत लिया समझो तीनों लोकों को जीत लिया। अतः नियमित एवं विधि विधान से प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है कहते हैं कि ह्योगः कर्मसु कौशलम् यानी प्रत्येक कार्यों को कुशलता पूर्वक संपन्न करना ही योग है। अपनी अंतरात्मा के साथ एकाकार होने को योग कहते हैं। योग वर्तमान में एक थेरेपी के रूप में विश्व के लिए उपयोगी सिद्ध हो चुका है। यहां हर एक रोग के लिए विशेष आसन है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि योग के प्रणेता थे। योगसूत्र इनकी महत्वपूर्ण रचना है, जो योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। प्रो.देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि आज विज्ञान के दौर में भी योग शिक्षा का महत्व बढ़ गया है। योग की महत्ता को देखते हुए विश्व भर में योग केंद्र खुल रहे हैं, जहां लोगों को अपनी योगासन सिखाया जाता है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सरदार राय ने कहा कि योग मानव को चुस्त और दुरुस्त रखने का सबसे सरल और सस्ता साधन है। वर्तमान परिपेक्ष में योग का महत्व देश दुनिया में काफी बढ़ गया है। यह शरीर को पुष्ट ही नहीं बनता है, बल्कि चंचल दिमाग को भी संतुलित रखता है। शरीर के हर अंग पर योग का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बशर्ते कि नियमानुकूल योगाभ्यास होना चाहिए राजनीतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार भारती ने कहा कि विश्व में योग की परंपरा नूतन नहीं, वल्कि पुरातन है। इसकी उत्पत्ति सबसे पहले भारत में हुई थी। आधुनिक योग के जनक महर्षि पतंजलि हैं। योग विद्या में शिव को आदि योगी और आदि गुरु माना गया है। विश्व योग दिवस मनाने का श्रेय भारत को जाता है। क्योंकि भारत के प्रयास से ही संयुक्त राष्ट्र संघ में पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा 9 वर्ष पूर्व 2015 में की थी। श्री रवीश कुमार सिंहे, सुशील कुमार और कृष्णा गिरी ने कहा कि योग मनुष्य को स्फूर्तिवान बनाता है। योगासन, सूर्य नमस्कार और व्यायाम से शरीर को अनेकों लाभ होते हैं। योग से भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोग लाभ ले रहे हैं। योग का जन्मदाता भारत है। इसकी उत्पत्ति हमारे ही देश में हुई थी। इसके बाद ही विश्व भर में विस्तार हुआ। 21 जून 2015 से हर वर्ष पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। गौरतलब है कि 27 सितंबर 2014 को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ से योग दिवस मनाने की अपील की थी, जिसके फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को योग दिवस मनाने की घोषणा की थी।

# जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का होगा एतिहासिक अभिनंदन : माधव



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा नगर जिला जनता दल यूनाईटेड के द्वारा सुशीला विवाह भवन में 22 जून को राज्यसभा सासंद सह जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कि अध्यक्षता माधव झा ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी केदार नाथ भण्डारी और विधान सभा प्रभारी धर्मेंद्र साह उपस्थित थे।बैठक का संचालन राजेन्द्र राम किया। अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर केदार नाथ भण्डारी का नगर जिला जनता दल यूनाईटेड की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माधव झा ने कहा कि संसदीय दल के प्रतिनिधित्व एवं अंतराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद कर इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर से लौटें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय कुमार झा को मिथिलांचल की पावन धरती पर 22 को सम्मानित किया जायेगा जो ऐतिहासिक होगा। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केदारनाथ भण्डारी ने कहा कि आयोजित अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समाजसेवि भाग लेगें। बैठक में धर्मेंद्र साह ने कहा कि सभी सेक्टर और वार्ड से कार्यकर्ता कि भागीदारी सुनिश्चित हो और अभिनंदन कार्यक्रम एतिहासिक होगा।सभा को मुख्य रूप से श्याम मण्डल, नवाब अख्तर, नुरूल्ला हक, दीपक कुमार सिन्हा,अरविंद झा, राजीव कुमार लालू, प्रीतम बिहारी, इकबाल रायन, दीपक ज्योति, सलाहुद्दीन, अमर साह, ठाकुर ईश्वर प्रसाद बिट्टू सिंह, प्रभात झा, अशरफ शेख,मों जमशेद,अवधेश पासवान, जमिद्दूल सहित अनेक साथी ने संबोधित किया।

# मूसलाधार बारिश के बीच नगर आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

गयाजी। गयाजी में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच नगर आयुक्त कुमार अनुराग एवं नगर निगम टीम के साथ शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों व जलजमाव वाले इलाके का निरीक्षण किया है। बारिश की परवाह किए बिना स्वंय नगर आयुक्त सड़कों पर उतरे और जलजमाव वाले क्षेत्रों और साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए हैं।लगातार हो रही मूसलाधार बारिश में उन्होंने आलाधिकारियों को अलर्ट मोड में जलजमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी कराने का सख्त निर्देश दिया है। इसके साथ ही जलजमाव और साफ सफाई की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। समाहरणालय परिसर, वार्ड 33 के न्यू एरिया, वार्ड संख्या 16 के गुरुद्वारा रोड, वार्ड नम्बर-15 गोल बगीचा, वार्ड नंबर 14 के शहिद रोड वार्ड नंबर-26 के शिवली कॉलोनी सहित कई विभिन्न क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया है।आज के निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने कई इलाके में देखा कि बारिश के जमा हुए पानी करीब दो से तीन घंटे के अंदर निकासी हो गया है। लगातार मूसलाधार बारिश के बीच शहर के कई इलाके जलजमाव से प्रभावी नहीं हैं। जिस इलाके में बरसात का पानी जमा है, उन वैसे स्थानों पर देखा गया है कि दो से तीन घंटे के अंदर जल निकासी हो गई है। वो जलजमाव की श्रेणी में नहीं आता है। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम के स्तर से नालों की साफ सफाई नियमित रूप से होती है और निगम बोर्ड के निर्णय के उपरांत मार्च अप्रैल के महीने से मानसून को देखते हुए युद्ध स्तर पर नालों की सफाई कराई जाती है। स्वाभाविक है कि गया जी पुराना शहर है एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से जो जगह नीचे है, वहां जल जमाव हो जाता है। परन्तु निगम उसके लिए भी तत्पर है और दफ्ळ के माध्यम से सूचना आने पर त्वरित करवाई की जाती है। अगर, ऐसे जगह जहां जल निकासी संभव हीं नहीं है तो पंप के द्वारा वहां से जल निकासी की जाती है। तेज बारिश में जल जमाव की संभावना ऐसे जगह या भवन जो आस पास के इलाके से नीचे है वहां होना स्वाभाविक है मगर निगम की प्राथमिकता रहती है कि किसी भी पब्लिक रोड या जगह पर कहीं भी दो तीन घंटे से ज्यादा पानी न लगा रहे एवं नाले के माध्यम से निकासी हो जाए। चूंकि पुराना शहर तेजी से विस्तार किया है, यहां जल निकासी के लिए सीमित ड्रेनेज है और कई जगह सड़क काफी संकीर्ण है। कई बसावट पूर्व से हीं नाले के भी ऊपर बने हुए हैं। इसी क्रम में आज पूरे दिन की तेज बारिश के बाद भी निगम की टीम तत्पर रही की किसी तरह की समस्या शहर में न हो। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि एक दैनिक अखबार में खबर आई जिसे पढ़ कर लगा कि मोक्ष की पावन धरती गया जी पूरे तरह से डूब चुकी है एवं गया जी का मुख्य सड़क चलने योग्य हीं नहीं बचा है। इसी क्रम में बारिश के दौरान हीं सभी जगह का भ्रमण किया गया है। निरक्षण के समय भी बारिश हो हीं रही थी। प्रमुख पथों से लेकर प्रतिवेदित क्षेत्रों में भी भ्रमण किया गया है। कहीं पे भी यातायात बाधित नहीं थी। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव की समस्या कुछ देर तक आती है क्योंकि नालों की क्षमता सीमित है। यह परेशानी देश के हर शहर में है परन्तु नगर निगम यहां तत्पर रहकर कार्य कर रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि बड़े एवं छोटे सड़क मिला कर लगभग कुल 700 किलो मीटर का सड़क पूरे नगर निगम में है। लगभग 370 छोटे और बड़े चिन्हित नाले हैं। इनमें से 5% किलो मीटर सड़क भी जल जमाव से प्रभावित निगम ने नहीं होने दिया है जबकि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि जिन मोहल्लों में भौगोलिक कारणों से जल जमाव हो रहा है वहां तत्काल समाधान किया जा रहा है।इसके साथ हीं, जहां नाला सफाई को लेकर समस्या है, वहां आप निगम कॉल सेंटर या फोन के माध्यम से सूचना कार्यालय को दें, त्वरित करवाई की जाएगी। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता, गया प्रमंडल, सहायक अभियंता गौरव, स्वच्छता पदाधिकारी, मोनू कुमार, सफाई मुख्य निरीक्षक सहित अन्य मौजूद थे।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने दिघवारा स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों का लिया जायजा

● स्थानीय लोगो ने छपरा या सीवान से पटना के लिए सीधी मेमू ट्रेन चलाने की मांग की



दिघवारा। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने शुक्रवार की शाम पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर छपरा रेल खंड के मध्य स्थित दिघवारा स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।और इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया।और मौजूदा चल रहे कार्यों में और गति लाने का निर्देश दिया।अपने पंद्रह मिनट के निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने प्लेटफार्म नंबर एक और दो का निरीक्षण करने के साथ साथ अमृत भारत योजना के तहत बन रहे सकुर्लेटिंग एरिया,पार्किंग एरिया डीलक्स,शौचालय स्टेशन के बाहरी परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ साथ स्टेशन पर यात्रियों को मिल रही सुविधाओं को जानकारी प्राप्त की।उन्होंने स्टेशन के बाहरी परिसर में यात्रियों के बैठने के लिए उचित उपाय करने और स्टेशन परिसर को अधिक से अधिक ग्रीनरी बनाने के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिया।स्टेशन के इतिहास में पहली बार रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर निरीक्षण करते हुए देखकर यात्री व स्थानीय लोग काफी उत्साहित दिखे।इस दौरान अनिल सिंह, रमेश वैश्य,सुनील पंडित व तनुज सौरभ सरीखे स्थानीय लोगो ने छपरा या सीवान से पटना जंक्शन के लिए सीधी मेमू ट्रेन चलाने की मांग लिखित रूप से अध्यक्ष से की इस पर अध्यक्ष ने यात्रियों के हित में उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि उन्होंने दिघवारा स्टेशन पर अमृत भारत योजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया है और अगस्त माह तक लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया है।इसके बाद भी स्टेशन के विकास और यात्री सुविधा में इजाफे के लिए राशि की आवश्यकता पड़ी तो रेलवे द्वारा और भी राशि आवंटित की जाएगी।इस योजना के तहत स्टेशन को सुविधा संपन्न सुंदर व आकर्षक बनाने की योजना है।इस अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रशाल सिंह,एडीआरएम सुनील कुमार तांती समेत कई विभागों के संबंधित पदाधिकारी व स्टेशन अधीक्षक बिजेंद्र कुमार व आरपीएफ प्रभारी शमसेर कुमार मौजूद थे।

# ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), गया के अधिकारी प्रशिक्षण कैडेट्स का ओरिएंटेशन टूर



प्रात: किरण संवाददाता

ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया के 32 अधिकारी प्रशिक्षण कैडेट्स के एक समूह ने हाल ही में लखनऊ स्थित सैन्य इकाइयों का पाँच दिवसीय ओरिएंटेशन टूर किया। इस टूर का उद्देश्य इन युवा कैडेट्स को संचालनिक तत्परता, प्रशिक्षण पद्धतियों और प्रमुख रक्षा-संबंधित सुविधाओं के अनुभव का व्यापक ज्ञान प्रदान करना था। इस टूर के दौरान कैडेट्स ने 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर (11 जीआरआरसी), मुख्यालय मध्य उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र (ल्दद टवढरअ) और स्टेशन में स्थित एक इन्फैंट्री बटालियन जैसी प्रमुख सैन्य इकाइयों का दौरा किया। इन्फैंट्री बटालियन के दौरे ने कैडेट्स को अनुभवी सैनिकों के साथ बातचीत करने और बटालियन स्तर के संचालन, कमांड चुनौतियों और नेतृत्व की गतिशीलता के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान किया। यह अनुभव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि ये कैडेट्स जल्द ही अपनी भूमिकाओं में युवा अधिकारियों के रूप में इसी प्रकार की बटालियनों का नेतृत्व करेंगे। सैन्य अनुभवों के अलावा, कैडेट्स ने लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया, जिससे उन्हें शहर की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक विविधता की सराहना करने का अवसर मिला। टूर का यह पहलू सशस्त्र बलों के संचालन के सांस्कृतिक संदर्भ की गहरी समझ विकसित करने में मददगार साबित हुआ, जिससे एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला। यह व्यापक अनुभव कैडेट्स के सशस्त्र बलों में बहुआयामी भूमिकाओं की समझ को समृद्ध करता है और उन्हें भारतीय सेना में भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

# पद्मभूषण शारदा सिन्हा के गीतों से जीवंत हुई कार्यशाला



दरभंगा। लनामि विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग के अधीन संचालित पद्मभूषण डॉ श्रीमती शारदा सिन्हा चेयर के द्वारा विश्व संगीत दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला के अधीन पांचवे दिन शारदा सिन्हा की लोक गायन शैली शीर्षक सोदाहरण व्याख्यान सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के विशेषज्ञ श्रीमती शारदा सिन्हा की पुत्री डॉ वंदना भारद्वाज और पुत्र डॉ अंशुमन कुमार रहें। विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या ने अपने स्वागत उद्बोधन में ऐसे आयोजन की प्रशासनिक अनुमति देने के लिए कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस चेयर द्वारा आयोजित प्रथम आयोजन था। यह गर्व का विषय है कि विदुषी शारदा सिन्हा इसी विश्वविद्यालय की इकाई महिला महाविद्यालय, समस्तीपुर में संगीत की विभागाध्यक्ष थी। उनकी संगीतज्ञता सर्व विदित है। खचाखच भरे विभागीय परीक्षा गृह में प्रतिभागियों के अतिरिक्त शहर के अनेक गणमान्य अतिथि और संगीत-प्रेमी उपस्थित थे। स्वर्गीय श्रीमती शारदा सिन्हा के गाए गीत बाबा बैजनाथ हम आयल भीखरिया को प्रथम तकनीकी सत्र के पूर्व गाकर छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम डॉ अंशुमन कुमार ने श्रीमती शारदा सिन्हा के व्यक्तित्व और संगीतज्ञ विषयक पावर प्वाइंट द्वारा उनके पूरे जीवन को मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में डॉ वंदना भारद्वाज ने शारदा सिन्हा के गाए लोक गीतों को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम जगदंबा घर में दियरा गाकर संपूर्ण परिवेश को शारदामय कर दिया। उसके बाद क्रमशः डमरुआ हे गोरी लर गेल चोर, अमुआ महोहवा के झूमे डरिया, उठो बारी बयस बीतल जाए रे, सावन के आयल महीनमा तथा अंत में विद्यापति की प्रसिद्ध रचना के पतिया ल जायत रे गाकर अत्यंत भावपूर्ण माहौल तैयार कर दिया। यह अविस्मरणीय पल था। इनके साथ बैंजो पर शिवकुमार, तबला पर सुधांशु कुमार और परकशन पर दीप नारायण ने सुन्दर संगति की। तृतीय सत्र में डॉ वंदना भारद्वाज और डॉ अंशुमन कुमार कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए। डॉ० वंदना ने सर्वप्रथम रामजी से पूछे जनकपुर के नारी गाकर ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड जुड़े प्रतिभागियों को सिखाया और अभ्यास कराया। कार्यशाला के छठे दिन आमंत्रित ग्वालियर घराना के विद्वान गायक कलाकार और गुरु पंडित समीर भालेराव का गायन और उनके द्वारा कार्यशाला आयोजित होगी।

# भाजपा विधायक पर आरोप साबित, विधानसभा की सदस्यता समाप्त



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा जिला के एमपी,एम एल ए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर के द्वारा पारित निर्णय के आलोक में बिहार बिधान सभा सचिवालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर अलीनगर के बिधायक मिश्रीलाल यादव को दोषसिद्धि की तिथि 27 मई 25 के प्रभाव से बिहार बिधान सभा की सदस्यता से निरर्हित (सदस्यता समाप्त) कर दिया है।अब इस अधिसूचना के बाद 27 मई 2025 की तिथि से बिधायक यादव की सदस्यता समाप्त हो गई है।यह अधिसूचना बिहार बिधान सभा के अध्यक्ष के आदेश से बिहार बिधान सभा पटना के प्रभारी सचिव ख्याति सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई है।

# कब्रिस्तान की बाउंड्री मामला को लेकर शहाबुद्दीन अंसारी के द्वारा की गई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी। बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर में पसमांदा समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी के द्वारा की गई एक बैठक इस बैठक में गया शेरघाटी आमस औरंगाबाद सहित कई जगह के लोग शामिल हुए वहां के स्थानीय लोगों ने बताया आज मगध के औरंगाबाद में हम सभी लोग एकजुट हैं इसका उद्देश्य है की कई सालों से यहां की कब्रिस्तान की बाउंड्री का मामला फंसा हुआ है हम के लोगों को किसी के माध्यम से जानकारी मिली के शहाबुद्दीन अंसारी कई कब्रिस्तान मंदिर मस्जिद शमशान घाट का विवाद सहित कई मुद्दों को सुलझाया है इसी को लेकर हम सब यहां के लोगों ने आज शहाबुद्दीन अंसारी को बुलाया और अपनी कब्रिस्तान की बाउंड्री का मसला बताया है। शहाबुद्दीन अंसारी के द्वारा आश्वासन मिला है जो भी विवाद है उसे खत्म करके बहुत जल्द इस बाउंड्री का काम शुरू किया जाएगा। वही पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया मैंने कई वर्षों से यह सब मसले को बहुत आसानी से सुलझाता आ रहा हूं और यही नहीं हमें कहीं भी जानकारी मिलती है मंदिर मस्जिद कब्रिस्तान का कोई समस्या है मैं उसे पहुंच कर समझ कर समाधान करने का काम करता हूं। पसमांदा समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नेसार अहमद ने बताया यहां पर कई पार्टी के नेता आए थे देखे चले गए। मुझे पूरा उम्मीद है हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी जल्द इस समस्या का समाधान करेंगे। वही मौके पर उपस्थित मस्जिद के इमाम साहब ने बताया हम लोग काफी वक्त से परेशान है हर कोई आते हैं आश्वासन देते हैं चले जाते हैं। लेकिन शहाबुद्दीन अंसारी जी को आने से एक उम्मीद जगी है अब लगता है हम लोगों का मामला क्लियर हो जायेगा। मौके पर उपस्थित पार्टी के प्रदेश महासचिव जाहिद अंसारी, बिहार प्रमुख डॉ मुर्तजा, मगध प्रभारी सद्दाम अंसारी, समाजसेवी इस्लाम साहब, समाजसेवी वसीम अकरम, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

# सात गोल्ड का मौका छूटा

## पांच फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, 9 पदकों के साथ करना पड़ा संतोष



**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए।

रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की। भारत ने अपने दोनों स्वर्ण पदक इस वर्ग में जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा को सही साबित किया। भारत को इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी मिला, जिसमें 10वें वरीय सचिन चेची ने चौथे वरीय हिमू बछाड़ को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया।

महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक सुनिश्चित था क्योंकि इसके फाइनल में मुकाबला जो भारतीय खिलाड़ियों के बीच था जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे ने पहली वरीय शानमुखी नागा साई बुड्डे को 146-144 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष कम्पाउंड टीम को तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान ने 231-235 से हरा दिया। महिलाओं की कम्पाउंड टीम 232-232 से बराबरी पर रहने के बाद निचली रैंकिंग वाली मलेशिया से शूट-ऑफ में हार गई। शानमुखी और दलाल की मिश्रित कंपाउंड टीम को कजाकिस्तान से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

## लाबुशेन वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर, स्मिथ भी नहीं खेल पाएंगे पहला टेस्ट



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि किशोर सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेली ने कहा, 'हमने स्टीव और मार्नस की जगह जोश और सैम को मौका देने का निर्णय लिया है। हम उन्हें मौका देकर उत्साहित हैं। लाबुशेन का 104 टेस्ट पारियों में औसत 46.19 है, जिसमें 11 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट शतक 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें पारी की शुरुआत करने का मौका मिला, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना पाए। बेली ने कहा, 'अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मार्नस इस टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। वह समझता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच बुधवार से खेला जाएगा।

### तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी

# इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, साई सुदर्शन का डेब्यू

- भारतीय ओपनर्स राहुल-यशस्वी की फिफ्टी पार्टनरशिप
- हेडिंग्ले में 14 पारियों में पहली बार पहले 10 ओवर में विकेट नहीं गिरा

**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारत की तरफ से साई सुदर्शन ने डेब्यू किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे।



तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। शुक्रवार को मैच का पहला दिन है और पहले सेशन का खेल जारी था।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बिना नुकसान के 55 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी क्रीज पर है। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। इस मैदान पर 7 मैचों की 14 पारियों में पहली बार हुआ है, जब 10 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरा। साई सुदर्शन डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें चेतेश्वर पुजारा ने डेब्यू कैप दी। सुदर्शन भारत के 317वें टेस्ट प्लेयर बने हैं। वे 20 जून को टेस्ट डेब्यू करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और विराट कोहली ने इस तारीख को डेब्यू किया है। खास बात यह कि तीनों ने 100 या इससे ज्यादा टेस्ट खेले हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर कहा, हम गेंदबाजी करेंगे। हेडिंग्ले एक बहुत ही अच्छा क्रिकेट विकेट है, हमने यहां कुछ बहुत अच्छे खेल खेले हैं। हम शुरुआती परिस्थितियों का उपयोग करने की कोशिश करना चाहते हैं। आने में बहुत समय लग गया, थोड़ा अजीब है कि यह सिर्फ दूसरी सीरीज है लेकिन हम तैयार हैं। यह मिश्रित रहा है, कुछ लड़कों ने काउंटी क्रिकेट खेला है, हमने तीन दिन वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला है। शीर्ष सात में सामान्य संदिग्ध, वोक्स, ब्रायडन और बाकी।

भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, हम भी गेंदबाजी करते, पहले सत्र में थोड़ी मुश्किल हो सकती है लेकिन बाद में बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा। सूरज निकल चुका है, हमारे लिए यह एक अच्छी बल्लेबाजी डेक होनी चाहिए। तैयारी कमाल की रही है, हमने बेकेनहैम में अभ्यास मैच खेला, खिलाड़ी बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। साई ने अपना डेब्यू किया, करुण आए। साई तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

### प्लेइंग 11

**इंग्लैंड** -जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर

**भारत** -यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

## मेस्सी का फ्री किक पर गोल, इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया



**अटलांटा (अमेरिका) (एजेंसी)।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2–1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1–0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

## हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमने कोहली के बिना ऑस्ट्रेलिया को हराया था : सैयद किरमानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की नई टेस्ट टीम शुभमन गिल के नए नेतृत्व में इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है। महान भारतीय विकेटकीपर और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सैयद किरमानी ने टीम इंडिया को खुद पर विश्वास रखने और 1983 विश्व कप जीत और 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज जीत से प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

किरमानी ने कहा, हमारी 1983 की जीत उनके लिए प्रेरणा बने। टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात खुद पर विश्वास रखना है। यह काफी सक्षम टीम है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब हमने 2020–21 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, तो पहले टेस्ट के बाद कोहली के बिना यह आधी ताकत वाली टीम थी।

इंग्लैंड की परिस्थितियों में सबसे अनुभवी क्रिकेटरों की भी परीक्षा होती है, गिल का नेतृत्व पदार्पण देखने लायक होगा, खासकर अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में जिन्होंने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

उन्होंने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विराट और रोहित दोनों ही रोल मॉडल थे। उन्हें रातों–रात बदलना असंभव है, खासकर यह देखते हुए कि पहले दौरे पर अंग्रेजी परिस्थितियों में ढलना कितना मुश्किल है। लेकिन हमारे पास इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का अनुभव रखने वाले कई खिलाड़ी हैं, जिनमें कप्तान गिल और केएल राहुल शामिल हैं। गौर हो कि भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2025–27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट भी होगा। भारत शुक्रवार को हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में पहले टेस्ट में इंग्लैंड का सामना करेगा।

### हाले ओपन टूर्नामेंट में उलटफेर

## वर्ल्ड नंबर-1 सिनर को 45वीं रैंक एलेक्जेंडर बब्लिक ने हराया, ज्वेरेव और एचेवेरी भी क्वार्टर फाइनल में

**कजाखस्तान (एजेंसी)।** कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बब्लिक ने हाले ग्रास टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को हरा दिया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी। समर 2023 के बाद यह पहला मौका है जब सिनर को टॉप-20 से बाहर के किसी खिलाड़ी ने हराया है। सिनर ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बब्लिक को केवल छह गेम में हराया था, लेकिन इस बार बब्लिक ने शानदार प्रदर्शन किया। अब तक दोनों 6 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुके हैं। बब्लिक ने कहा, हम टेनिस खिलाड़ी हर मैच जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह जीत खास है। मैंने पहली बार नंबर एक खिलाड़ी को हराया। बब्लिक अब क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से भिड़ेंगे, जिन्होंने हंगरी के फैबियन मारोजसान को 6-2, 6-3 से हराया।



**एलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे** - वर्ल्ड नंबर-3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को तीन सेटों में 3-6, 6-4, 7-6 (7/2) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ अपनी पांचवीं जीत हासिल की। पहला सेट हारने के बाद ज्वेरेव ने दूसरे सेट में वापसी की और तीसरे सेट के टाईब्रेक में दबदबा बनाया। अब उनका मुकाबला इटली के फ्लावियो कोबोली से होगा। एक अन्य मैच में, अर्जेंटीना के 63वें रैंक के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को तीन घंटे के कड़े मुकाबले में 6-3, 6-7 (4/7), 7-6 (8/6) से हराया। एचेवेरी ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच पॉइंट बचाए और अब क्वार्टर फाइनल में रूस के करेन खाचानोव से खेलेंगे।

# बिहार टेबल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन पटना और मधेपुरा के खिलाड़ियों का दबदबा

**पटना (एजेंसी)।** 19 से 22 जून तक पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में हो रहे फर्स्ट बिहार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव रविंद्र नाथ चौधरी ने प्राधिकरण के पूर्व निदेशक संजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया तथा प्रतिभागियों से मिलकर उनका अभिनंदन और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उनके साथ प्राधिकरण के उप निदेशक हिमांशु सिंह, क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार, चंदन कुमार सिंह,टेबल टेनिस प्रभारी शाईका प्रवीण, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर प्रदीप श्रीवास्तव, टूर्नामेंट मैनेजर अतानु चटर्जी , चीफ रेफरी प्रदीप मिश्रा ,सहायक रेफरी राहुल कुमार भी उपस्थित रहे।

अंडर 11,13,15,17,19 बॉयज,गर्ल्स सिंगल और मेंस,वीमेंस सिंगल की इस प्रतियोगिता में बिहार के 17 जिलों से 250 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।



### पांच टेबल पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पहले दिन के परिणाम इस प्रकार रहे

- अंडर-11 गर्ल्स फाइनल - नीलांजना शर्मा (मुजफ्फरपुर) ने वैश्रनी कुमारी (पटना) को 3-0 से हराया
- सेमीफाइनल - नीलांजना शर्मा ने रजनी सिन्हा (पटना) को 3-1 से हराया।
- ..सेमीफाइनल-वैष्णवी कुमारी ने आराध्या (मधेपुरा) को 3-0 से हराया

**अंडर 11**

- लड़के का क्यूआर - विरद नारायण (पटना) ने नक्ष सोनी (मधेपुरा) को 3-0 से हराया
- शिवम (पटना) ने रेयांश राज कौशिक (मधेपुरा) को 3-0 से हराया।
- -मनन गुप्ता (मधेपुरा) ने आदित्य भानु (दरभंगा) को 3-0 से हराया
- ~उत्कर्ष रीगन (मधेपुरा) ने अर्नव राज (खगड़िया) को 3-0 से हराया

**अंडर-17**

- बॉय-स फोर्थ सीड प्लेयर हिमांशी (सहरसा) साहिल राज (पटना) 1-3 . से पराजित हुआ
- प्राथम राउंड~राजवीर सिंह (पटना) ने अतुल (खगड़िया) 3-1. से पराजित किया
- भविष्य सिंह (पटना) ने श्रेयांश (दरभंगा) को 3-0 से पराजित किया
- कृष्णलय राज (मधेपुरा) ने अनिकेत राज (पटना) को 3-0 से हराया
- ऋषिक स्वराज (पटना) ने मनदीप. गुप्ता (मधुबरी) 3-0 से पराजित किया।
- अंडर-17 बॉयज फर्स्ट राउंड
- आकाश केशरी (पटना) ने सिद्धांत वत्स (दरभंगा) को 3-0. से पराजित किया।
- आदित्य अननल (सहरसा) ने हेमंत राज (पटना) को 3-0 से पराजित किया
- फरजान अहमद खान (पटना) ने अमन (पश्चिम चंपारण) को 3-0 से पराजित किया
- कुमार दिन्यदर्श (पटना) ने वेद कर. झा (डार्लहंगा) को 3-0 से पराजित किया।

### अंडर-17 गर्ल्स का फर्स्ट राउंड

- कुमारी अनन्या (पटना) ने भारू प्रिया (खगड़िया) को 3-0 से हराया
- आरना सौरी (मुजफ्फरपुर) ने पंखुरी राज (खगड़िया) को 3-0 से हराया
- नूपुर बनर्जी ने प्रकाशिनी (वेस्ट चंपारण) को 3-0 से पराजित किया
- नव्या लक्ष्मी (पटना) ने मानसी (मधुबनी) को 3-0 से हराया
- अभिनंदिता (पटना)ने रीता (पश्चिमी चंपारण) को 3-0 से हराया।

# अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन, बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं दे : तेंदुलकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिये और नए कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। 25 वर्ष के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे। इस श्रृंखला के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र की शुरूआत होगी।



भारतीय टीम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के बिना उतरेगी जो टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा। उसे सहयोग देने की भी जरूरत है। भारत का कप्तान होना काफी दबाव वाला काम है और तेंदुलकर को पता है कि अलग अलग तरह के सुझाव सामने आयेंगे लेकिन उनका मानना है कि गिल इससे बखूबी निबट लेंगे।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कई तरह के सुझाव सामने आयेंगे कि उसे ऐसा करना चाहिये या वैसा करना चाहिये। इस तरह की बातें होंगी लेकिन उसे टीम की रणनीति पर फोकस करना चाहिए। ड्रेसिंग रूम में क्या बात हो रही है और क्या रणनीति उसके अनुरूप है। तेंदुलकर ने कहा, 'और जो भी फैसले हो रहे हैं, वे टीम के हित में हैं या नहीं और उसे किस पर ध्यान देना चाहिए। उसे बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए जिसमें लोग कहेंगे कि वह अधिक आक्रामक है या अधिक रक्षात्मक या इसी तरह की बातें। लोग राय देते रहेंगे। आखिर में मायने यही रखता है कि ड्रेसिंग रूम में क्या हो रहा है और टीम के हित में वह क्या कर रहा है। यही अहम है, बाकी कुछ नहीं।

इंग्लैंड में 1990 से 2011 के बीच में पांच टेस्ट श्रृंखलायें खेल चुके तेंदुलकर का मानना है कि बल्लेबाजों को हालात के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उन्होंने कहा, 'आपको हालात को भांपकर उसके अनुरूप बल्लेबाजी करनी होगी। जब आप हालात को समझते हैं तो मानसिक तौर पर उस तरह से अपनी रणनीति बना सकते हैं। एकतरफा ट्रैफिक नहीं हो सकता कि मेरा खेल ऐसा है और मैं तो ऐसे ही खेलूंगा।

तेंदुलकर ने कहा, 'बल्लेबाजों को लचीला रवैया रखना होगा। ऐसा नहीं करने पर भारी खामियाजा उठाना पड़ सकता है। आपको पता होना चाहिए कि कब आक्रामक खेलना है और कब रक्षात्मक। चुनौतियों के बावजूद भारत के पास काफी सकारात्मक पहलु हैं मसलन करूण नायर और बी साइ सुदर्शन जैसे बल्लेबाज भले ही इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले हों लेकिन नॉर्थम्पटनशर और सर्रे के लिए काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं।

तेंदुलकर ने कहा, 'ये सभी इंग्लैंड में खेल चुके हैं। भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो लेकिन इंग्लैंड में क्रिकेट खेला है। वे यहां की परिस्थितियों से अनभिज्ञ नहीं हैं। वे दक्षिण अफ्रीका में, न्यूजीलैंड में, आस्ट्रेलिया में खेल चुके हैं।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी हुई लॉन्च, अब पटौदी के नाम पर मेडल देंगे

### सचिन ने कहा- टाइगर ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करीब तीन हफ्ते तक चले विवाद के बाद ईसीबी और बीसीसीआई ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी लॉन्च कर दी। इसी के साथ पटौदी ट्रॉफी को अधिकृत रूप से रिटायरकर दिया गया। दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने पटौदी परिवार के सम्मान में पटौदी मेडल देने का फैसला लिया है, जो इस सीरीज के विजेता कप्तान को दी जाएगी। 14 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद अनावरण स्थगित कर दिया गया था।

इस मौके पर दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा- मुझे खुशी है कि उनके (टाइगर पटौदी) के सम्मान में एक पदक देने का फैसला किया गया है। पटौदी ट्रॉफी के रिटायरमेंट पर विवाद हो गया था। ऐसे में तेंदुलकर ने पटौदी की विरासत को कायम रखने की पहल की।

इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। सचिन तेंदुलकर ने कहा-मुझे जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है। मैंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से बात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। टाइगर पटौदी ने कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।



जेम्स एंडरसन ने कहा-सचिन और मेरे नाम पर इस प्रतिष्ठित श्रृंखला का नाम रखना मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व की बात है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो कभी नहीं भुलाने वाले पलों से भरी हुई है।

**तेंदुलकर-एंडरसन के नाम क्यों रखा गया नाम** – सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

**2007 में 75 साल पूरे होने पर पटौदी ट्रॉफी नाम दिया था** – पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था।

**लीड्स में खेला जा रहा है पहला टेस्ट** – भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेली जा रही है। अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में 5 साल में दर्ज रेप के 43% केस निकले झूठे, कई महिलाओं पर ऐक्शन




**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में दुष्कर्म के मामलों को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) से पता चला है कि पिछले पांच सालों में दर्ज कराए गए दुष्कर्म के 43.6त्न मामले पुलिस की जांच में झूठे पाए गए। पुलिस द्वारा झूठा मामला दर्ज करवाने वाली कई महिलाओं के खिलाफ 182 के तहत कार्रवाई भी की गई। आरटीआई एक्टिविस्ट दीपिका नारायण भारद्वाज द्वारा लगाई गई आरटीआई पर मिले जवाब में बताया गया है कि 1 जनवरी 2020 से 18 दिसंबर 2024 तक गुरुग्राम पुलिस में दुष्कर्म के कुल 955 मामले दर्ज हुए। इनमें से 417 मामले (यानी 43.6त्न) सीधे तौर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की शिकायत पर आधारित थे। इसका मतलब है कि ऐसे मामलों में लड़का-लड़की पहले अपनी मर्जी से संबंध बनाते हैं, लेकिन बाद में शादी नहीं होने पर लड़की दुष्कर्म का आरोप लगा देती है। 417 मामलों में जांच करते हुए 236 एफआईआर में पुलिस को पीड़ित पक्ष के द्वारा लगाए गए आरोपों का कोई भी साक्ष्य नहीं मिला। ऐसे में पुलिस ने सभी मामलों को रद्द करने की सिफारिश की। कथित तौर पर झूठे आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस द्वारा 96 मामलों में झूठा केस दर्ज करवाने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें छह माह तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वरिष्ठ वकील मनीष शांडिल्य ने कहां जब इतने सारे झूठे मामले दर्ज होते हैं, तो इससे पुलिस और अदालतों पर फालतू का बोझ पड़ता है। इससे न्याय प्रणाली के संसाधन बर्बाद होते हैं और असली यौन हिंसा के शिकार लोगों को न्याय मिलने में देरी होती है। कई बार तो मामलों को भी गंभीरता से नहीं देखा जाता। न्याय की पूरी प्रक्रिया कमजोर होती है।

### कर्नाटक सरकार ने लिया आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस शासित कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार ने मुस्लिमों पर फिर मेहरबानी दिखाई है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने 19 जून को राज्य में विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, ''राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस सरकार द्वारा यह फैसला सरकारी सिविल ठेकों में 4त्न मुस्लिम आरक्षण संबंधी विधेयक पारित करने के कुछ सप्ताह बाद लिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा सिद्धरमैया सरकार के इस फैसले से भड़क उठी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अतिरिक्त कोटा एससी/एसटी और ओबीसी समुदाय के सदस्यों के लिए बने घरों की संख्या को कम कर देगा और कहा कि भाजपा भविष्य की कार्रवाई के बारे में फैसला करेगी। अदालत का दरवाजा खटखटाएंगेः केंद्रीय मंत्री केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, यह संविधान के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने भी धर्म आधारित आरक्षण को खारिज कर दिया है। इससे ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य जाति के गरीब लोगों का कोटा कम हो जाएगा। कर्नाटक सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।

# महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव और राज ठाकरे में गठबंधन के मिल रहे संकेत



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे में गठबंधन के संकेत मिल रहे हैं। इस बात का इशारा खुद उद्धव ठाकरे ने दिया है। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह नगर निगम चुनावों से पहले उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन की संभावना को विफल करने की कोशिश कर रही है। उद्धव ने यह बातें दिवंगत बाल ठाकरे द्वारा गठित अविभाजित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक रैली को संबोधित करते कहीं। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी को चेतावनी दी कि अगर उसने 'ठाकरे ब्रांड' को नुकसान पहुंचाया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

भाजपा पर साधा निशानाउद्धव ने कहा कि मराठी दलों के गठबंधन की संभावना को विफल करने के लिए होटलों और अन्य जगहों पर बैठकें की जा रही हैं। वह जाहिर तौर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज ठाकरे की शहर के एक पांच सितारा होटल में हाल ही में हुई बैठक का जिक्र कर रहे थे। ठाकरे ने नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म 'प्रहार' का संवाद दोहराते हुए कहा, 'लोग जो चाहते हैं, वही होगा। हम देखेंगे कि यह कैसे किया जाता है। भाजपा और एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना नहीं चाहती कि मराठी पार्टियां एकजुट हों। यदि आप ठाकरे ब्रांड को खत्म करने की कोशिश करेंगे, तो हम भाजपा को खत्म कर देंगे। मैं तैयार हूं। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं.....जब आप मुझे लेने आएं.....अपने लिए एम्बुलेंस लेकर आएं।'

अटकलें हैं कि मुंबई और राज्य के अन्य हिस्सों में निकाय चुनाव के मद्देनजर दोनों ठाकरे चचेरे भाई गठबंधन कर सकते हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में हिंदी को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुंबई निकाय पर पार्टी का कब्जा बरकरार रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा निकाय चुनावों की पूर्व संध्या पर मराठी और हिंदी भाषी लोगों के बीच विभाजन पैदा करना चाहती है।

उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा के पास अपनी कोई विरासत नहीं है। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करनी पड़ी, जिन्होंने देश का गृह मंत्री रहते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए मुंबई को अदाणी समूह को 'मुफ्त' में दे रही है। ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना की रैली को 'चोरों का जमावड़ा' भी करार दिया।

# छत्तीसगढ़ में ब्लैकमेल करने वाले कपल के घर मिला करोड़ों का खजाना



**दुर्ग, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सेक्सटॉर्शन का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक शातिर पति-पत्नी ने मिलकर भिलाई के एक बड़े सराफा व्यवसायी को ब्लैकमेल करते हुए उससे करीब दो करोड़ रुपए की वसूली कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी दंपति से परेशान होकर व्यापारी ने खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया। जिसके बाद उसने अपने साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की पूरी कहानी परिजनों को बता दी। तब जाकर मामला पुलिस तक पहुंचा और करोड़ों रुपए की अवैध वसूली के इस पूरे खेल का खुलासा हो गया। इस मामले को लेकर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे और उसके पति आनंद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला ने व्यापारी को वीडियो कॉल करते हुए अपने कपड़े उतार दिए, जिसके बाद ज्वेलर बहक गया और उसके झांसे में आ गया। इसके बाद शातिर महिला ने पति के साथ मिलकर साजिश रचते हुए ज्वेलर को अपने घर बुलाया, जहां एक बार फिर उसे अपने जाल में फंसाते हुए महिला ने ज्वेलर का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद पति-पत्नी मिलकर उसे ब्लैकमेल करने लगे और उससे लगभग 2 करोड़ रुपए की अवैध वसूली कर ली। इस रकम से उन्होंने आलीशान जिंदगी जीते हुए जमीन, बंगला, गाड़ी, ज्वेलरी खरीद लगी। आरोपियों ने पीड़ित कारोबारी को इतना प्रताड़ित किया कि छुटकारा पाने के लिए उसने आत्महत्या करने की कोशिश भी कर ली। ऐसे में परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तब जाकर मामला थाने पहुंचा। पुलिस के मुताबिक पीड़ित सराफा कारोबारी की भिलाई के वैशाली नगर में बड़ी ज्वेलरी की दुकान है। 4 साल पहले नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे नाम की महिला सराफा व्यवसायी की दुकान में काम मांगने के लिए गई थी। इसी बीच नीलिमा ने बातचीत के दौरान व्यवसायी को अपने जाल में फंसा लिया। मोबाइल नंबर मांगकर उससे बातचीत करने लगी। इस बीच उसने वीडियो कॉल पर अश्लील हरकत भी की, जिससे व्यवसायी बहक गया। इसके बाद आरोपी महिला ने अपने पति के साथ मिलकर साजिश रचते हुए एक दिन व्यवसायी को अपने घर बुलाया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

# गाजियाबाद से अहमदाबाद-इंदौर समेत 8 शहरों तक इंडिगो की सीधी उड़ानें 20 जुलाई से होंगी शुरू

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अहमदाबाद और इंदौर के लिए उड़ान 20 जुलाई से शुरू होगी। इंडिगो कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी साझा की है। हिंडन एयरपोर्ट से अभी मुंबई, बेंगलुरु, गोवा, चेन्नई, कोलकाता, पटना, वाराणसी, भुवनेश्वर और जयपुर के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान उड़ान भर रहे हैं। वहीं, स्टार एयर के विमान किशनगढ़, नांदेड़ और आदमपुर जा रहे हैं। इसके अलावा बठिंडा और लुधियाना के लिए फ्लाई बिग की उड़ान चल रही है। इसी क्रम में अब इंडिगो ने 20 जुलाई से हिंडन एयरपोर्ट से 8 नए शहरों की उड़ान सेवा का शेड्यूल जारी किया है।

अहमदाबाद से हिंडन एयरपोर्ट के लिए रोजाना विमान उड़ेगा, जबकि हिंडन से अहमदाबाद के लिए सोमवार से शुक्रवार तक दिन में एक विमान और रविवार को दो विमान उड़ान भरेंगे। शनिवार को हिंडन से उड़ान नहीं मिलेगी। इसी तरह हिंडन से इंदौर के लिए रोजाना विमान उड़ान भरेगा और




इंदौर से हिंडन के लिए शनिवार को छोड़ कर बाकी दिन विमान सेवा मिलेगी। अहमदाबाद से विमान सुबह 8:55 बजे उड़ान भरेगा और सुबह 10:25 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से शाम 5:35 बजे यात्रा शुरू होगी और विमान शाम 7:05 बजे अहमदाबाद पहुंचेगा। डेढ़ घंटे की यात्रा के लिए सवा तीन हजार रुपये से भी कम में टिकट मिल रहा है। ट्रेन से अहमदाबाद पहुंचने में 12-20 घंटे तक का समय लगता है। इसके अलावा हिंडन से दोपहर 2:10 बजे विमान उड़ान भरकर दोपहर 3:30 बजे इंदौर पहुंचेगा। इसके अलावा वापसी में शाम 4:00 बजे यात्रा शुरू कर शाम 5:20 बजे हिंडन पहुंचेगा। डेढ़ घंटे की यात्रा के लिए कंपनी की साइट पर 4 हजार रुपये से भी कम में टिकट मिल रहा है।

### नोएडा की सोसाइटी से पिता के 3 दोस्तों ने 9 साल की बच्ची को अगवा कर किया रेप

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-21 स्थित सोसाइटी स्थित एक घर में रहने वाले घरेलू सहायक की नौ वर्षीय बच्ची का अपहरण कर यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। बच्ची ने अपने पिता के ही तीन दोस्तों पर रेप का आरोप लगाया है। सेक्टर-20 थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची अपने पिता, बड़े भाई और बहन के साथ सोसाइटी स्थित एक घर में बने कमरे में रहती है। वह पहली क्लास में पढ़ाई करती है। उसे 17 जून को पेट में दर्द और बुखार की शिकायत हुई घर में दवा देने पर सुधार न होने पर पिता उसे चाइल्ड पीजीआई लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बुखार की दवा लिखकर दी। पिता का कहना है कि बच्ची ने इसी दौरान डॉक्टर को बताया कि उसके साथ पूर्व में कई बार यौन उत्पीड़न की घटना हुई है। इस पर डॉक्टर चौंक गए। उन्होंने जांच के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले लोग गद्दार, राहुल गांधी पाकिस्तानी एजेंट: एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले लोगों को 'गद्दार' तक कह दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पाकिस्तानी एजेंट भी कहा है। वहीं शिंदे ने शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया है।

एकनाथ शिंदे वर्ली में एनएससीआई डोम में पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान शिंदे ने कहा, हमें ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व है। ये लोग हमारी सेना पर संदेह करते हैं, उन्हें हमारी सेना पर भरोसा नहीं है। उन्हें पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर भरोसा है। हमारे सैनिकों की बहादुरी को सलाम करने के




बजाय वे हमारे हथियारों को हुए नुकसान के बारे में पूछ रहे हैं। इस तरह के सवाल उठाना देशद्रोह के बराबर है। राहुल गांधी और उनकी पार्टी के लोग पाकिस्तानी एजेंटों की तरह काम कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेना पर सवाल उठाने वाले पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और उन्हें पाकिस्तान से अवॉर्ड चाहिए। शिंदे ने कहा, जो लोग हमारे सशस्त्र बलों पर सवाल उठा रहे हैं और पूछ रहे हैं कि हमने कितने जेट खोए, आप पाकिस्तान की भाषा क्यों बोल रहे हैं? क्या आपको पाकिस्तान से मान्यता का प्रमाण पत्र या इनाम चाहिए?

उद्धव ठाकरे पर बरसे

शिंदे ने इस दौरान उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे दोनों ने ही 1966 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के लिए मुंबई में अपनी पार्टियों की रैलियों को संबोधित किया। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का कार्यक्रम वर्ली के एनएससीआई डोम में आयोजित किया गया, वहीं शिवसेना (यूबीटी) की रैली सायन इलाके के षणमुखानंद हॉल में हुई।

एकनाथ शिंदे ने रैली के दौरान कहा, एक तरफ सत्ता की खातिर हिंदुत्व से समझौता करने वाले एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं वहीं हम यहां दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने यूबीटी गुट पर हिंदुत्व और ठाकरे की विरासत को त्यागने का आरोप लगाते हुए कहा, वे गठबंधन के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं। विनती कर रहे हैं।

# नेतन्याहू एक खुदगर्ज इंसान...; इजरायली प्रधानमंत्री ने ऐसा क्या कहा, जो देशवासी ही करने लगे आलोचना

**येरूसलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू उस वक्त आलोचनाओं के शिकार हो गए। जब उन्होंने अपने बेटे की शादी में देरी को ईरान के साथ चल रहे जंग की निजी कीमत करार दिया। द गार्डियन की खबर के मुताबिक, इजरायल के कई लोगों ने उनकी इस टिप्पणी को बेतुका और खुदगर्ज बताया है। यह बयान तब आया जब नेतन्याहू बेर शेवा के सोरोका अस्पताल के सामने खड़े थे। एक दिन पहले ईरानी मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था। नेतन्याहू ने गंभीर लहजे में बोलते हुए इजरायल की मौजूदा हालत की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन पर हुई बमबारी, यानी ब्लिट्ज से की। उन्होंने कहा, यह मुझे ब्लिट्ज के दौरान ब्रिटिश लोगों की याद दिलाता है। हम भी एक ब्लिट्ज से गुजर रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार की मुश्किलों को आम इजरायलियों की तकलीफों से जोड़ने की कोशिश की।

नेतन्याहू ने अपने बेटे अवनेर की शादी को दूसरी बार टालने का जिक्र किया। यह शादी सुरक्षा कारणों से स्थगित हुई। उन्होंने कहा कि इस देरी ने अवनेर की मंगेतर और उनकी बीवी सारा नेतन्याहू को भी गहरा दुख पहुंचाया। उन्होंने सारा को हीरो तक कह डाला, जो इस सदमे को बर्दाश्त कर रही हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग मारे गए, कुछ परिवार अपने प्रियजनों के गम में डूबे हैं, मैं इसकी कद्र करता हूं। लेकिन हर शख्स को निजी कीमत चुकानी पड़ रही है और मेरा परिवार भी इससे अछूता नहीं है। इस बयान की सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हुई। यह विवाद नेतन्याहू की साख पर और सवाल उठा रहा है, क्योंकि इजरायल मुश्किल दौर से गुजर रहा है और लोग अपने नेताओं से एकजुटता और संवेदना की उम्मीद कर रहे हैं। लोगों ने नेतन्याहू पर जंग की सच्चाई से कटे होने और अपनी छवि को जनता के दुख-दर्द से ऊपर रखने का इल्जाम लगाया। इजरायल के मुताबिक, इस जंग में अब तक 24 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं, अमेरिका के मानवाधिकार संगठनों का अनुमान है कि इजरायल के अचानक हवाई हमले में कम से कम 263 ईरानी नागरिकों की जान गई है। लोगों का गुस्सा तब और भड़का जब खबरें आईं कि नेतन्याहू अपने बेटे की शादी के लिए वक्त निकालने की योजना बना रहे हैं। यह शादी पहले नवंबर में होनी थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से रद हो गई थी।

नेतन्याहू की पत्नी को हीरो कहने पर भड़का यूजर

एक यूजर ने नेतन्याहू की ओर से खुद की पत्नी को हीरो बताने पर आलोचना की। उन्होंने कहा, हीरो वो डॉक्टर हैं जो रात की शिफ्ट के लिए घर से निकलते हैं। हीरो वो टीचर हैं जो जूम और फोन कॉल्स के जरिए हमारे बच्चों को पढ़ाते हैं।

पत्रकार अमीर तिबोन ने भी आलोचना की और कहा, नेतन्याहू के इस लहजे से कोई हैरानी नहीं। जब निजी मिसाल की सबसे ज़्यादा जरूरत होती है, तब भी वो सबसे पहले अपनी फिक्र करते हैं।

### पाकिस्तान संसद में एमपी मुजाहिद अली ने भारत का नाम लेकर भड़काया गजवा-ए-हिंद का मुद्दा, कहा- एटम बम से ज्यादा है कलमे की ताकत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में गुरुवार ( 19 जून 2025 ) को सांसद मुजाहिद अली ने एक बेहद विवादास्पद और भड़काऊ भाषण देकर नया राजनीतिक बवंडर खड़ा कर दिया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने हिंदू, ईसाई और यहूदी समुदायों को लेकर कट्टर विचार प्रकट किए और 'गजवा-ए-हिंद' जैसे अतिवादी इस्लामी विचारधारा का हवाला दिया। मुजाहिद अली ने दावा किया कि मुस्लिम विरोधी साजिशें रची जा रही हैं और गैर-मुस्लिम समुदाय फूट डालो और राज करो की नीति के जरिए इस्लामी समाज को कमजोर कर रहा है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि इस्लाम की रक्षा के लिए 'खुरासान' से काली पगड़ी वाले लड़ाके उठेंगे और धर्म की रक्षा करेंगे — एक विचार जो इस्लामी हदीसों से जोड़ा जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस भड़काऊ भाषण के दौरान संसद में मौजूद अन्य सांसदों ने मेज थपथपाकर उनका समर्थन किया। अली ने पाकिस्तान को 'इस्लामी दुनिया का हेडक्वार्टर' बताते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना का जोश खासतौर पर तब बढ़ जाता है, जब उसके सामने हिंदू दुश्मन हो। उन्होंने आगे कहा, भारत ताकत में हमसे आगे है, लेकिन कलमे की ताकत एटम बम से भी भारी है। हमारी फौज में एक खास जज्बा है, जो दुश्मन के सामने आते ही बढ़ जाता है। इस बयान ने पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ की जिहादी मानसिकता और चरमपंथी विचारधारा पर भी अप्रत्यक्ष रूप से सवाल खड़े कर दिए हैं।



# ईरान ने ब्रिगेडियर खादमी को बनाया खुफिया प्रमुख, पुराने चीफ को खत्म कर चुका है इजरायल

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान ने अपने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) में नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति कर दी है। पिछले सप्ताह इजरायली हवाई हमलों में इसके पूर्व प्रमुख और उनके डिप्टी की मौत हो गई थी। ईरान की सरकारी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल मोहम्मद पकपूर ने ब्रिगेडियर जनरल मजीद खादमी को खुफिया विभाग का नया प्रमुख नियुक्त किया है।

पिछले रविवार को इजरायली हमले में आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी, उनके डिप्टी हसन मोहाकिक, और एक अन्य वरिष्ठ कमांडर मोहसेन बघेरी की मौत हो गई थी। ये हमले तेहरान में हुए, और खुद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इंटरव्यू में इन हत्याओं की पुष्टि की थी।

**इजरायल-ईरान संघर्ष का बढ़ता तनावः** यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है। शुक्रवार, 13 जून को शुरू हुए इजरायली हमलों ने ईरान के सैन्य नेतृत्व को गहरा झटका दिया है। इन हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडरों में से कई मारे गए हैं। इनमें जनरल मोहम्मद बघेरी (सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ), जनरल होसैन सलामी (आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ), और जनरल गोलमअली



रशीद शामिल थे। इसके अलावा, कई परमाणु वैज्ञानिकों और सैन्य ठिकानों, विशेष रूप से नतांज में यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, को भी निशाना बनाया गया।

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतोल्लाह अली खामेनेई ने इन हमलों के बाद तुरंत नए सैन्य नेताओं की नियुक्ति की, जिसमें जनरल अब्दोलरहीम मूसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ और जनरल मोहम्मद पकपूर को आईआरजीसी का नया कमांडर नियुक्त किया गया। खामेनेई ने इजरायल को कठोर सजा देने की चेतावनी दी है और कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक का मजबूत हाथ इजरायल को जवाब देगा।

मजीद खादमी की नियुक्ति को ईरान की खुफिया क्षमताओं को पुनर्गठित करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जो हाल के हमलों में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खादमी को न केवल आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना होगा, बल्कि इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की योजना बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार इजरायली हमलों और खुफिया घुसपैठ के कारण उनकी स्थिति जोखिम भरी हो सकती है।

# अमेरिका बोला- ईरान परमाणु बम बनाने के करीब, सिर्फ खामेनेई के आदेश का इंतजार

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।**
अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है।

लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा। 7 दिन की लड़ाई में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हैं। ईरान ने अपने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स में नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति की है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर ने ब्रिगेडियर जनरल माजिद खादामी को खुफिया विभाग का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह मोहम्मद काजमी का स्थान लेंगे, जो रविवार को इस्राइली हमले में दो अन्य रिवोल्यूशनरी गार्ड अधिकारियों -हसन मोहाघेग और मोहसेन बाघेरी के साथ मारे गए थे। ईरान से जंग के बीच इस्राइल गाजा में भी हमले जारी रखे हुए है। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मियाह ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि गुरुवार को उत्तरी गाजा के शाति कैंप पर इजरायली हवाई हमले में तीन बच्चों और पांच महिलाओं सहित कुल 19 लोगों की मौत हो गई और 70 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हमले में इलाके के नागरिकों के एक समूह को निशाना बनाया गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129